रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 20 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-267 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### पुलिस हिरासत से नक्सली फरार

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले में रविवार को यहां एक नक्सली पुलिस की हिरासत से फरार हो गया। उसे इलाज के लिए दंतेवाड़ा अस्पताल लाया गया था। इसके बाद प्रहरी को चकमा देकर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा पुलिस ने चार दिन पहले नक्सली को गिरफ्तार किया था। रविवार को तबीयत बिगड़ने के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। इसी दौरान उसने प्रहरी को कहा कि उसे बाथरूम जाना है। गिरफ्तार नक्सली ने पुलिस को चकमा दे अस्पताल से फरार हो गया। नक्सली के फरार होने के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर तलाश में जुट गई है।

### जनता खुद राजग के खिलाफ चुनाव लड़ रही : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा कि



लोकसभा चुनाव में बने माहौल को देखकर लग रहा है कि अब जनता खुद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के खिलाफ चुनाव लड़ रही है। गहलोत ने जारी बयान में कहा कि चुनावों के दौरान राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडू, तेलंगाना, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में उन्होंने यह माहौल महसूस किया है। भारत की जनता ने कभी भी तानाशाही और अहंकार को पसंद नहीं किया, भले ही दुनिया के सबसे बड़े साम्राज्य ब्रिटेन का शासन रहा हो।

### यह चुनाव देश की तकदीर का फैसला करने वाला : सचिन

**फतेहाबाद।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव देश की तकदीर का फैसला करने वाला



निर्णायक चुनाव है। पायलट सिरसा संसदीय क्षेत्र से कॉंग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि 10 साल से केंद्र में बैठी भारतीय जनता पार्टी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और महंगाई व बेरोजगारी को दूर करने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार ने ग्रामीणों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी देने के लिए मनरेगा कानून बनाया।

# ममता को माफ नहीं करेंगे देशवासी : मोदी

## संदेशखाली मुद्दे पर राज्य सरकार 'मां, माटी और मानुष' का भक्षण कर रही

पायनियर संवाददाता ‹ पुरुलिया, बंगाल
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ को धमकी देने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला करते हुए कहा कि देशवासी तृणमूल कांग्रेस (एमए नेता को उनकी खुली चेतावनी के लिए माफनहीं करेंगे क्योंकि ये संस्थाएं मानवता के प्रति अपनी सेवाओं के लिए दुनिया भर में जानी जाती हैं। मोदी ने कहा, टीएमसी नेता को क्या हुआ? उनकी तुष्टिकरण की नीति इतनी निचले स्तर पर आ गई है कि गुरु प्रभुपाद द्वारा स्थापित इस्कॉन, स्वामी विवेकानन्द- स्थापित रामकृष्ण मिशन और स्वामी प्रणवानंद द्वारा स्थापित भारत सेवाश्रम संस्थाएं बंगाल सरकार के हमले का शिकार हो गयी हैं। उन्होंने कहा कि यह पूरे देशवासियों के लिए अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, इस्कॉन, राम कृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ देश और दुनिया में अपनी सेवाओं और नैतिकता के लिए जाने जाते हैं। लेकिन बंगाल की मुख्यमंत्री उन्हें खुलेआम धमकी दे रही हैं... खुले मंच से चेतावनी दे रही हैं। इन मिशनों से



दुनिया भर में लाखों अनुयायी जुड़े हुए हैं और इनका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ लोगों की सेवा करना है। लेकिन बंगाल सरकार ने उन पर उंगली उठायी है, उनका नाम लेकर धमकी दी है। इतना साहस, सिर्फअपने वोट बैंक को खुश करने के लिए। उन्हें खुश करने के लिए टीएमसी इतने निचले स्तर तक गिर गयी है। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि चार जून के बाद, जिस दिन लोकसभा नतीजे आएंगे, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी और उनकी जगह जेलों में होगी। मोदी ने पुरुलिया के मौजूदा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो के पक्ष में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि संदेशखाली मुद्दे पर राज्य सरकार 'मां, माटी और मानुष' का भक्षण कर रही है। उन्होंने इंडिया समूह की विफलताओं और क्षेत्र के विकास एवं उत्थान के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से पानी की कमी, आरक्षण और भ्रष्टाचार से संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए टीएमसी की ओर से किये गये वादों और उनके कार्यों के बीच महत्वपूर्ण विसंगतियों को रेखांकित किया। मोदी ने इंडिया समूह पर दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, टीएमसी और उसके सहयोगी दल दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को दिये गये आरक्षण को छीनना चाहते हैं। बाबासाहेब अंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे। लेकिन आज, इंडिया समूह धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहता है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि कर्नाटक में मुसलमानों को अन्य पिछड़ा वर्ग कोटा आरक्षण के पुनः आवंटन सहित इस तरह की कार्रवाइयां स्थापित आरक्षण प्रणाली के लिए खतरा पैदा करती हैं। मोदी ने संदेशखाली जैसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि टीएमसी सदस्य महिलाओं, विशेष तौर पर अनुसूचित/जनजाति (एससी/एसटी) समुदायों के खिलाफ अपराधों में शामिल थे। उन्होंने कहा, संदेशखाली में अपराध ने बंगाल की बहनों को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

# शालीमार एक्सप्रेस पर गिरा हाईटेंशन बिजली का खंभा, आठ यात्री घायल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

शालीमार एक्सप्रेस जैसे ही उरकुरा स्टेशन को पार किया वैसे ही ट्रेन पर हाईटेंशन बिजली का खम्बा गिर गया और इसकी चपेट में आने के कारण 8 यात्री घायल हो गए। यह हादसा रविवार सुबह करीब 9 बजे हुआ जब शालीमार एक्सप्रेस हावड़ा से मुंबई की ओर जा रही थी। ट्रेन जैसे ही उरकुरा हाल्ट पार हुआ विद्युतीकृत डबल लाइन का खंभा अचानक ट्रेन के एसी कोच बी-4 पर पहले गिरा और फिर बी-5, 6, एस-1 से एस-6 कुल 9 बोगियों की खिड़कियों को घसीटता हुई ट्रेन रायपुर की ओर बढ़ी। इसमें डिब्बे की खिड़की के पास एक बच्चे और 8 अन्य यात्रियों को चोट लगी। ट्रेन के रायपुर आने पर रेल अमले ने घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं हल्की चोट वाले यात्रियों को ट्रेन में ही प्राथमिक



### रेलवे ने घटना के लिए सीएसईबी को ठहराया जिम्मेदार

मुंबई-हावड़ा मार्ग पर रविवार सुबह रायपुर-उरकुरा के बीच शालीमार कुर्ला एक्सप्रेस पर ट्रैक किनारे मौजूद एक पोल गिरा गया। रेलवे के डीआरएम ने इस घटना में रेलवे की तरफ से जानकारी दी गई है कि जिस पोल से यह हादसा हुआ है वह रेलवे का नहीं सीएसईबी का था। रेलवे ने बताया कि यह कार्य छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा अवैध रूप से किया गया और सुरक्षा से समझौता किया गया। रेलवे ने सभी आवश्यक कार्रवाई की है और सभी घायल सुरक्षित हैं।

इलाज कर आगे रवाना कर दिया गया। वही तीन अन्य, जिन्हें कुछ गंभीर चोटें आई उन्हे राजधानी के अस्पताल में भर्ती किया गया है। यह भी बताया गया है कि क्षतिग्रस्त बोगियों को बदले बिना टूटी खिड़कियों के साथ ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

# नरेन्द्र मोदी ने देश की अर्थ व्यवस्था को नष्ट कर दिया : राहुल गांधी

एजेंसी ‹ प्रयागराज
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश की अर्थव्यवस्था को खत्म करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इन्होंने देश के 22 लोगों को करोड़पति बनाया है। समाजवादी पार्टी और कांगेस गंठबंधन की संयुक्त रूप से रविवार को प्रयागराज के इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र करछना में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी ने देश के 22 लोगों को अरबपति बनाया है इंडिया गठबंधन देश के हर गरीब घर से एक महिला के खाते में हर महीने आठ हजार पांच सौ रूपए डालकर करोड़पति बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा आज संविधान खतरे में हैं और उसे हर हाल में बचाना होगा। भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्व्यं सेवक संघ इसपर हमला बोल रहा है। अम्बेडकर जी का संविधान, महात्मा गांधी का संविधान, जवाहरलाल नेहरू और हिन्दुस्तान के संविधान को कोई भी शक्ति को पार करने की हिम्मत किसी में नहीं है। गांधी ने कहा कि हिन्दुस्तान की अर्थ व्यवस्था को नरेन्द्र मोदी ने खत्म किया। इंडिया गइबंधन की सरकार आपके खाते में आठ हजार पांच सौ रूपए डालने का कार्य करेगी।

# नक्सलियों ने जारी किया प्रेस वक्तव्य, 26 मई को बंद का किया आह्वान

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



नक्सलियों द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य में कहा गया है कि जनवरी 2024 से फासीवादी 'ऑपरेशन कगार' नाम पर हो रहे हत्याकांड एवं नरसंहारों के खिलाफ दक्षिण सब जोनल ब्यूरो में मई 26 मई को बंद को सफल बनाएं। झूठी मुठभेड़ों, निर्दोष लोगों को जेलों में ठूंसने व झूठे सरेंडरों के विरोध में जन आंदोलन व जनयुद्ध को तेज करने का आह्वान किया गया है। दक्षिण बस्तर के सब जोनल कमेटी के प्रवक्ता समता ने जारी पर्चे में कहा है कि फोर्स की कार्रवाई में उनके 62 लोग मारे गए हैं। केंद्र एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा सत्ता में आने के बाद अपने एजेंडे के अनुसार राज्य में अपनी कठपुतली आदिवासी मुख्यमंत्री के हाथों में आदिवासियों की हत्याएं करवा रही है। बीजापुर जिले में पीडिया में झूठी मुठभेड़ में दस निर्दोषों को मारा गया है। इसके अलावा भी कई अन्य घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा गया है कि मुठभेड़ के नाम पर निर्दोषों को मारा गया है और बाद में उन्हें इनामी बताया गया है। इसके विरोध में 26 मई को बंद का आयोजन किये जाने का फरमान जारी किया गया है।

# वित्त विभाग ने दिए निर्देश : खरीदी व सेवा प्राप्ति पर जीएसटी-टीडीएस के प्रावधानों का करें पालन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

वित्त विभाग द्वारा केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 एवं छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 51 के प्रावधानों के अनुसार शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाले सामग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर प्रदायकर्ताओं को तथा ठेकेदारों को किये जाने वाले भुगतान पर स्रोत पर कर की कटौती (जीएसटी-टीडीएस) के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वित्त विभाग द्वारा समस्त विभाग अध्यक्ष राजस्व मंडल, कमिश्नरों, विभागाध्यक्षों और कलेक्टरों को इस संबंध में जारी निर्देशों में कहा गया है कि शासकीय विभाग या स्थापना, स्थानीय प्राधिकारी, शासकीय अभिकरण, शासन के किसी भी डीडीओ द्वारा (किसी कराधेय वस्तु या सेवा हेतु) रूपये 2.5 लाख से अधिक भुगतान होने पर, 2 प्रतिशत (1 प्रतिशत सीजीएसटी +1 प्रतिशत एसजीएसटी अथवा 2 प्रतिशत आईजीएसटी) की दर से स्रोत पर कटौती जीएसटी-टीडीएस किया जाना है।



अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सभी शासकीय विभागों तथा स्थानीय प्राधिकारियों को जीएसटी, के अंतर्गत स्रोत पर कटौतीकर्ता के रूप में रजिस्ट्रेशन लिया जाना है। विभागों द्वारा खरीदी जाने वाली सामग्री, मशीन-उपकरण, फर्नीचर, स्टेशनरी अथवा अन्य कोई भी वस्तुएं, निर्माण कार्यों एवं ठेकों तथा लिये जाने वाली किसी भी प्रकार की सेवाओं की राशि पर जीएसटी-टीडीएस करने के पश्चात्वर्ती माह की 10 तारीख तक रिटर्न जीएसटीआर-07 में प्रस्तुत किया जाना है। कई विभागों, कार्यालयों द्वारा जीएसटी-टीडीएस कटौती के रूप में उक्त प्रावधानों के अंतर्गत जीएसटी पंजीयन नहीं लिया गया है तथा पंजीयन लेने वाले प्राधिकारियों द्वारा सही प्रकार से जीएसटी की स्रोत पर कटौती संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे राज्य शासन को जीएसटी से प्राप्त होने वाले राजस्व की क्षति हो रही है। इस संबंध में विभागों को निर्देशित किया गया है कि समस्त भुगतान कर्ता प्राधिकारियों, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा केंद्रीय एवं छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के अंतर्गत स्रोत पर कटौती के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी वस्तु अथवा सेवा प्रदाय कर्ता द्वारा एक वित्तीय वर्ष के दौरान एक ही क्रय/सेवा आदेश के विरूद्ध पृथक-पृथक देयकों में राशि का विभाजन करते हुए जीएसटी की स्रोत पर कटौती हेतु निर्धारित 2.5 लाख की सीमा का उल्लंघन न हो। इसके साथ ही समस्त कोषालयों, उप कोषालयों, निर्माण विभागों, वन विभाग के भुगतान प्राधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा वस्तु एवं सेवा प्रदाय के भुगतान संबंधी प्रस्तुत देयकों में प्रदायकर्ताओं की जीएसटीआईएन को चिन्हांकित करने की व्यवस्था की जाए तथा देयकों के भुगतान के पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रदायकर्ता द्वारा दिया गया जीएसटीआईएन वर्तमान में सक्रिय/वैध हो।

# आप को ख़त्म करना चाहते हैं मोदी : अरविंद केजरीवाल

एजेंसी ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए उनकी पार्टी चुनौती बन सकती है इसलिए वह 'आप' को ख़त्म करना चहते हैं। केजरीवाल ने पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय तक मार्च निकालने की कोशिश की, लेकिन पुलिस के भारी सुरक्षा बंदोबस्त की वजह से वह 'आप' मुख्यालय से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्होंने मार्च निकालने से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी और भाजपा ने आम आदमी पार्टी को कुचलने के लिए 'ऑपरेशन झाड़ू' शुरू किया है। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी बहुत तेज़ी से बढ़ रही है। हमारे कामों की चर्चा देशभर में हो रही है। भविष्य में आप भाजपा को चुनौती देगी और इसलिए यह हम लोगों को ख़त्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। हमने दिल्ली और पंजाब में ऐसे काम किए हैं, जो 75 वर्षों में नहीं हुए थे। आम आदमी के सपने हमने पूरे किए हैं। सरकारी स्कूल और अस्पतालों को अच्छा कर दिया। हमने बिजली-पानी मुफ़्त कर दिया और अब महिलाओं को प्रत्येक महीने 1000 रुपए देने जा रहे हैं। यही बात प्रधानमंत्री और भाजपा से देखी नहीं गई और हमारे नेताओं को गिरफ़्तार करना शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा एक केजरीवाल को गिरफ़्तार करेंगे तो भारत मां की कोख से हज़ार केजरीवाल पैदा होंगे। मैं पूरे देश में जाता हूं, जहां लोग कहते हैं कि आपने दिल्ली और पंजाब के स्कूलों को बेहतरीन बना दिया है। आपने बिजली और पानी की व्यवस्था बढ़िया कर दी। हमारी पार्टी एक विचार बन चुकी है।

# आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए मोदी का प्रधानमंत्री बनना जरूरी : अमित शाह

वार्ता ‹ जौनपुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना जरूरी है। जिले में मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र में मड़ियाहूं विधानसभा के रामलीला मैदान में भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद बीपी सरोज के लिये वोट की अपील करते हुये शाह ने कहा कि मोदी ने देश के अर्थतंत्र को 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर लाया है। यह चुनाव भारत को विश्व का तीसरा अर्थ तंत्र बनाना है, आतंकवाद से मुक्त करना है और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना है। उन्होंने कहा कि इस बार नरेंद्र मोदी 400 सीटों से बहुत आगे निकल रहे हैं। यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा 70 साल से कांग्रेस राम मंदिर के मसले को भटका रही थी, लटका रही थी आपने दूसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई। सोनिया गांधी, सपा मुखिया अखिलेश यादव, राहुल बाबा और प्रियंका गांधी को निमंत्रण दिया लेकिन यह लोग प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आए क्योंकि यहां आएंगे तो इनको एक समुदाय विशेष का वोट नहीं मिलेगा। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह लोग तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। यह कश्मीर हमारा है या नहीं उत्तर प्रदेश और राजस्थान वालों का कश्मीर से क्या लेना देना यह कहते थे लेकिन मड़ियाहूं का बच्चा-बच्चा मेरे कश्मीर के लिए जान देने को तैयार है। शाह ने कहा कि कांग्रेस कश्मीर में धारा 370 को हटाने के खिलाफ थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 370 हटाई पूरे कश्मीर में हमारा तिरंगा शान से लहरा रहा है।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ओडिशा के संबलपुर में विशाल जनसभा को किया संबोधित

# ओडिशा में 25 वर्षों से जमी बीजेडी सरकार को उखाड़ फेंकना है : विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता ‹ संबलपुर
www.dailypioneer.com

जो पच्चीस वर्षों में लोगों की बोली, भाषा, खान-पान, रहन-सहन नहीं सीख पाया वो जनता की जरूरतों को कैसे समझेगा? ओडिशा में नवीन बाबू पच्चीस वर्षों तक जनता के बीच जाने से बचते रहे। उनकी जगह सरकार कोई और चलाता रहा। यही कारण है कि खनिज और वन सम्पदा से भरपूर, मेहनतकश किसान और उच्च सांस्कृतिक-धार्मिक संस्कृति से ओतप्रोत ओडिशा विकास की राह में पीछे रह गया। वक्त आ गया है कि डबल इंजन की भाजपा सरकार यहाँ नेतृत्व करे और ओडिशा को उस मुकाम पर पहुंचाए, जिसका ओडिशा हकदार है। ओडिशा के संबलपुर लोकसभा के कुचिंदा पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीजेडी सरकार को आड़े हाथों लिया और डबल इंजन सरकार बनाने का आग्रह करते हुए भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। उन्होंने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत



योजना का लाभ आम आदमी को न मिलने का आरोप लगाया और कहा बीजेडी सरकार ने केंद्र की योजना का नाम बदलकर बीजू स्वास्थ्य योजना कर दिया। लेकिन राज्य के प्राइवेट हॉस्पिटल में इसका लाभ गरीबों को नहीं मिलता है। यह दुर्भाग्यजनक है। ओडिशा में पीएम आवास योजना को ठीक से लागू नहीं करने का आरोप भी उन्होंने बीजेडी सरकार पर लगाया। साय ने ओडिशा की जनता को डबल इंजन सरकार के फायदे गिनाएं और कहा कि मात्र 4 महीने में उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किये हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी, 12 लाख किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया, 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी और अंतर की राशि 13,320 करोड़ रुपए 24.72 लाख किसानों को देने का काम किया। उन्होंने महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने के पहले सप्ताह में 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों के खातों में एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि देने की बात भी कही। 5550 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता खरीदी की बात को बताया। सीएम साय ने कहा कि ओडिशा में भाजपा ने जो घोषणा पत्र बनाया है उसमें प्रदेशवासियों के हित के लिए बहुत कुछ है। भाजपा सरकार बनने पर यहाँ किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल धान की कीमत मिलेगी, हमारी माताओं को पचास हजार रुपए का वाउचर मिलेगा। बुजुर्ग, दिव्यांग और बुनकरों को तीन हजार रूपया भत्ता मिलेगा। छोटा-मोटा काम करके अपना जीवन-यापन करने वाले लोगों को हमारी सरकार पचास रुपए का लोन देगी। ओडिशा की पच्चीस लाख दीदियों को लखपति दीदी बनाया जाएगा। यहाँ के पांच लाख बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये मोदी की गारंटी है, जो भाजपा सरकार बनने पर शत-प्रतिशत पूरी होगी। साय ने संबलपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान और वे साथ-साथ काम किये हैं। लंबे समय से वो केंद्र में मंत्री के रूप में हैं और युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। संगठन में भी काम किये हैं। ऐसे अनुभवी नेता मोदी के प्रत्याशी के रूप में आप सभी की सेवा के लिए खड़े हैं। उन्होंने आगामी 25 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर धर्मेंद्र प्रधान को सांसद बनाने का आग्रह किया।

# लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की तैयारियां पूरी, सोमवार को होगा मतदान

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 49 संसदीय सीटों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर सोमवार को सुचारु रूप से मतदान कराने के लिये आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। चुनाव आयोग ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जायेगा और कुछ मतदान केन्द्रों में मतदान समाप्त होने की समय सीमा में परिवर्तन हो सकता है। इस चरण में 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर उतरे 265 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। ओडिशा विधानसभा की 147 सीटों में से पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर मतदान हो चुका है। चुनाव आयोग ने मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये हैं। साथ ही मुख्य चुनाव अधिकारियों एवं जिला चुनाव अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू जैसे हालात को देखते हुये उचित प्रबंधन करने के लिये पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गयी है।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में इंजन में आग लगने के बाद की आपात लैंडिंग

एजेंसी ‹ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com




कर्नाटक के बेंगलुरु से केरल के कोच्चि जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के दायें इंजन में उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लगने के कारण उसे बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को ले जा रहे विमान के इंजन में बेंगलुरु से रवाना होने के तुरंत बाद आग लग गई। उड़ान चालक दल ने तुरंत वायु यातायात नियंत्रक को सतर्क कर दिया, जिससे हवाई अड्डे पर पूर्ण पैमाने पर आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि विमान रात 11:12 बजे सुरक्षित रूप से उतर गया, हवाईअड्डे की अग्निशमन सेवाओं ने तेजी से आग बुझा दी। सौभाग्य से, सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित बच गये। केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालक बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) ने एक बयान में घटना की पुष्टि करते हुए कहा, 18 मई, 2024 को बेंगलुरु से कोच्चि जाने वाली उड़ान ढ्ढ्ड्ड 1132 को एक इंजन में आग लगने के बाद रात 11:12 बजे बेंगलुरु हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। उसने कहा, पूर्ण पैमाने पर आपातकाल घोषित कर दिया गया था, और लैंड करते ही आग को तुरंत बुझा दिया गया। सभी 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को विमान से सफलतापूर्वक निकाल लिया गया।

# गरीबों का खून चूसने वाले माफियाओं को खत्म करके रहेंगे : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी ∢ जौनपुर
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार गरीबों के खून को चूसने वाले माफियाओं को खत्म करके ही रहेगी। जौनपुर लोकसभा क्षेत्र के विधान सभा शाहगंज में स्थित नेशनल इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टीनरेंद्रपुर के प्रांगण में योगी ने रविवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जौनपुर की इत्र की सुगंध, इमरती की मिठास और ईमानदारी के साथ जौनपुर के लोग जहां भी हैं वहां मिठास ही पैदा करते हैं इसलिए भाजपा लोकसभा चुनाव में कृपा शंकर सिंह को प्रत्याशी के रुप में उतारा है। उन्होने कहा आपका जाना पहचान चेहरा है और इनकी पहुंच भी बहुत ऊपर तक है और जौनपुर को मुंबई जैसा चमका देने के लिए ही इन्हें जौनपुर से प्रत्याशी बनाया गया है, जैसे विधान सभा चुनाव में शाहगंज से ऐसा मोटा विधायक दिए हैं जो प्रदेश सरकार से विकास कार्य तो करवाता ही है और केंद्र सरकार से भी विकास की गाथा लिख रहा है आज शाहगंज में एनेथाल प्लांट लग रहा है, जिससे हजारों युवाओं को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सपा बसपा की सरकारों में बेटी, व्यापारी, किसान सुरक्षित नहीं थे और सरकार माफिया आतंकवादियों के पास नतमस्तक थी और यूपी में अब दंगा कर्फ्यू नहीं होता है, दंगा कर्फ्यू करने वाले का राम नाम सत्य हो गया। विपक्ष पर कटाक्ष कहते हुए कहा कि जब सपा बसपा कांग्रेस इंडी गठबंधन के रूप में एक होते हैं तो देश के लिए ठीक नहीं होता है जब उनकी सरकारें संयुक्त रूप से थी तो अयोध्या, वाराणसी, लखनऊ के कचहरी में आतंकवादी घटनाएं होती थी और सपा पार्टी के गुंडे गरीबों के अनाज खा जाते थे और अब औरंगजेब की आत्मा कब्र में जा चुकी है उसे वापस बाहर नहीं आने देगी। कांग्रेस की सरकार जहां है वहां पिछड़ी जातियों के आरक्षण कोटे में सेंध लगाकर उनका हक छीनकर मुसलमान को दे रहे है लेकिन बीजेपी मुस्लिम होने के नाते किसी को आरक्षण नहीं देने देगी। जनसभा में प्रदेश सरकार के युवा खेल कूद कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र शाहगंज विधायक रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाजयुमो नेता की हत्या के आरोपियों की तलाश, दो दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में भारतीय जनता युवा मोर्चा के एक नेता की हत्या के मामले के आरोपियों की तलाश की जा रही है, लेकिन घटना के दो दिन बाद आज दोपहर तक आरोपियों का सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस अलग-अलग टीमें उनकी लगातार तलाश कर रही हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित सेंट्रल जेल के समीप शुक्रवार की शाम भाजयुमो नेता सुरेंद्र कुशवाहा की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी थी। दरअसल, सुरेंद्र और उसके साथी अपने एक अन्य साथी की पैरोल खत्म होने के बाद उसे सेंट्रल जेल छोड़ने आए थे। जब वह जेल परिसर से बाहर आए, तभी चार बदमाशों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में सुरेंद्र के साथ ही एक अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां सुरेन्द्र की कुछ देर बाद मृत्यु हो गयी। घटना के बाद पुलिस ने चार आरोपी संदेश नरवारे, आकाश भदौरिया, छोटा चेतन और दीपांशु सेन के खिलाफ हत्या कर प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

# मोहन यादव गोटेगांव में एक धार्मिक आयोजित में हुए शामिल

एजेंसी ∢ नरसिंहपुर
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव पहुंचे। किसानी मोहल्ला में आयोजित एक धार्मिक आयोजन के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लिया और कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के भतीजे मणिनागेन्द्र पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। यादव सुबह हेलीकाप्टर से जिले के गोटेगांव पहुंचे। किसानी मोहल्ला में आयोजित एक धार्मिक आयोजन के समापन में हिस्सा लेकर मणिनागेन्द्र पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। यहां पर कुछ समय रूकने के बाद वे वापस चले गए। इस मौके पर मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, विधायक महेन्द्र नागेश विशेष रूप से मौजूद रहे।

## आर. अशोक का आरोप, प्रज्वल मामले को बंद करने की तैयारी में है एसआईटी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने रविवार को आरोप लगाया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रज्वल रेवन्ना सेक्स स्कैंडल मामले को गलत तरीके से बंद करने की कगार पर है। अशोक ने यहां पत्रकारों से बातचीत में आंतरिक जांच की निष्पक्षता पर संदेह व्यक्त करते हुए मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने की मांग की। जांच में सरकारी अधिकारियों के फंसने की संभावना है, जिसके कारण आंतरिक जांच की निष्पक्षता पर संदेह है। उन्होंने पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना और अन्य आरोपियों के साथ किये जा रहे बर्ताव में असमानताओं की ओर इशारा करते हुए कानून प्रवर्तन और न्यायपालिका में कथित हेरफेर के लिए कांग्रेस की आलोचना की।

## फोटो खिंचवाने गये दो दोस्तों की गड़ीसर में डूबने से मौत



**जैसलमेर।** राजस्थान में जैसलमेर के गडीसर सरोवर में फोटो खिंचवाने एवं सेल्फी लेने के प्रयास में दो दोस्तों की डूबने से मौत हो गयी। कोतवाली थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि अपराह्न तीन बजे गड़ीसर तालाब पर तीन लड़के पीयूष (13), संजय (13) और जयंत (14) फोटो खिंचवाने एवं खेलने के लिये गये। इस दौरान पीयूष और संजय नहाने के लिये तालाब में उतर गये, जहां डूबने से उनकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों लड़कों के शवों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल की शवगृह में रखवाया। घटना की सूचना मिलने पर सभी के परिजन मौके पर पहुंचे। दोनों लड़कों को मृत देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गयी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी ललितेशपति के पक्ष में बंगाल से पहुंचा महिलाओं का प्रतिनिधिमंडल

एजेंसी ∢ भदोही
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव की निर्धारित तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही राजनीतिक दल पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार प्रसार में जुट गए हैं। इण्डी गठबंधन के तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी ललितेशपति त्रिपाठी के चुनाव प्रचार के लिए बंगाल से पार्टी की महिला स्टार प्रचारक सोफिया खान के नेतृत्व में महिलाओं के पहुंचे एक प्रतिनिधि मंडल ने कमान संभाली है। 78 भदोही लोकसभा संसदीय सीट पर आगामी 25 मई को चुनाव होना है। भाजपा ने मीरजापुर के मझवां विधायक डा. विनोद कुमार बिंद को चुनाव मैदान में उतारा है, तो वहीं बहुजन समाजवादी पार्टी ने दो बार प्रत्याशियों को बदलकर तीसरी बार में पार्टी के मीरजापुर मंडल कोऑर्डिनेटर हरिशंकर सिंह उर्फ दादा चौहान को टिकट दिया है जबकि इण्डी गठबंधन ने तृणमूल कांग्रेस कोटे से ललितेशपति त्रिपाठी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। भाजपा प्रत्याशी डा.विनोद कुमार बिंद के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गत 16 मई को जहां भदोही में चुनावी रैली कर चुके हैं, वहीं राज्य सरकार के मंत्री क्रमशः एक के बाद एक भदोही में डेरा डालकर चुनावी रैलियां कर रहे हैं। अगर बात करें बहुजन समाज पार्टी की तो, प्रत्याशी हरिशंकर सिंह उर्फ दादा चौहान के समर्थन में पार्टी का कोई भी स्टार प्रचारक भदोही नहीं पहुंच पाया है। इण्डी गठबंधन ने बंगाल की तृणमूल कांग्रेस कोटे से ललितेश पति त्रिपाठी को अपना उम्मीदवार घोषित किया है, हालांकि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित कांग्रेस अथवा गठबंधन में शमिल किसी अन्य दल से कोई स्टार प्रचारक अभी तक भदोही नहीं पहुंच पाया है। इण्डी गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के सूत्रों की मानें तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव ललितेशपति त्रिपाठी के समर्थन में आगामी 21 मई को भदोही में चुनावी रैली करने वाले हैं। तृणमूल कांग्रेस का कोई भी स्टार प्रचारक भले ही ललितेश पति त्रिपाठी के समर्थन में संसदीय क्षेत्र में न आया हो लेकिन बंगाल से महिला स्टार प्रचारक सोफिया खान के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन महिलाओं का प्रतिनिधिमंडल संसदीय क्षेत्र के गांवों, बाजारों व शहरों का भ्रमण कर गठबंधन प्रत्याशी ललितेशपति त्रिपाठी के पक्ष में वोट देने का आह्वान करता दिखाई पड़ रहा है।

बंगाल से आई ये शहरी महिलाएं भले ही गांवों में महिलाओं से सघन संपर्क कर रही हैं। प्रतिनिधिमंडल की महिलाओं के सामने जहां शुद्ध हिंदी बोलने की समस्या है वही संसदीय चुनाव क्षेत्र के गांवों की महिलाएं न तो बांग्ला भाषा समझ पा रही नहीं भोजपुरी से अपनी बातें प्रतिनिधिमंडल की महिलाओं को समझ पा रही हैं।

# उप्र. के बरेली से स्मैक लाती ड्रग तस्कर महिला गिरफ्तार

एजेंसी ∢ देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड पुलिस के नशा मुक्त देवभूमि अभियान में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की नशा उन्मूलन छापेमारी दल (एएनटीएफ) ने एक महिला ड्रग तस्कर को देहरादून के थाना डोईवाला इलाके से पकड़ लिया तथा उसके पास से 78 लाख रुपये मूलय का स्मैक बरामद किया गया। तलाशी में उस महिला के पास से नशीला पदार्थ स्मैक बरामद हुआ है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 78 लाख रुपए है। महिला तस्कर बरामद स्मैक उत्तर प्रदेश के बरेली जनपद से लाई थी। एसटीएफ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आयुष अग्रवाल ने आज अपराह्न बताया कि उनकी अधीनस्थ एएनटीएफ ने देहरादून के थाना डोईवाला पुलिस साथ संयुक्त कारवाही करते हुए अभियुक्ता ताहिरा खातून पत्नी जाकिर हुसैन, निवासी ग्राम नई बस्ती, कुडकावाला को 259 ग्राम उच्च कोटि की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने गिरफ्तार अभियुक्ता से पूछताछ के आधार पर बताया कि यह स्मैक वह बरेली (यूपी) से लेकर आई थी। उसने पूछताछ में अन्य कई ड्रग्स पैडलरो के नाम की जानकारी दी है।

जो डोईवाला क्षेत्र में ताहिरा खातून से स्मैक खरीदते थे और डोईवाला क्षेत्र में विशेष कर जॉलीग्रांट क्षेत्र में रहने वाले छात्रों को विक्रय करते थे। आयुष ने बताया कि प्रकाश में आए इन सभी पैडलरों की लिस्ट तैयार की गई है। जिन पर अलग से कार्यवाही की जायेगी। पकड़ी गई महिला तस्कर द्वारा बताया गया कि वह मूल रूप से बरेली की रहने वाली है। वह विगत 5-6 साल पहले डोईवाला के कुडका वाला क्षेत्र में रहने को आ गई और बरेली से यहां स्मैक सप्लाई करने लगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए इस महिला तस्कर द्वारा डोईवाला के कुडकवाला वाले क्षेत्र में अपना एक मकान भी विगत दो-तीन साल में बना दिया है।

## हरदोई में ट्रक ने दंपत्ति को रौंदा, मौत

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के मौलागंज बस अड्डे के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दंपत्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गैस सिलेंडर लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपति को रौंद दिया जिससे पत्नी की मौके पर मौत हो गई जबकि पति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। ट्रक में फंसकर बाइक करीब 25 मीटर तक घिसटती चली गई। मृतक लखीमपुर जनपद के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के बताए गए हैं।




## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से युवक की मौत से ग्रामीणों ने हाइवे पर लगाया जाम

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से युवक घनश्याम की मौत और उसके पिता रामजीलाल के गंभीर रूप से घायल होने से आक्रोशित ग्रामीण ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब तीन घण्टे से चक्का जाम कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार जाम के कारण हाइवे पर यातायात बाधित है और वाहनों की दूर -दूर तक लंबी लंबी कतार लगी हुई हैं। जाम खुलवाने के लिये पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी बड़ी संख्या में मौके पहुंच गए और ग्रामीणों को समझाने के प्रयास में जुटे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना के बाद मृतक के परिजनों ने ट्रैक्टर ट्राली को मौके पर ही पकड़ लिया था, लेकिन रेत माफिया के लोग हथियार और डंडों से मारपीट कर ट्रैक्टर ट्राली को छुड़ाकर ले गए। मृतक के घायल पिता का इलाज अस्पताल में जारी है। जबकि मृतक का शव पीएम के लिये डेड हाउस भेजा गया है। भारी जमा भीड़ को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि कानून व्यवस्था न बिगड़े।

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले के पुलिस थाना गोटेगांव में गोटेगांव जबलपुर सडक मार्ग पर एक ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार देगुंवा गांव निवासी युवक सौरभ पटेल (22) घर से बाइक लेकर फसल की कटाई के लिए मजदूरों को लेने के लिए बेलखेडी नर्मदा गांव गया हुआ था। वहां से वापस अपने घर जा रहा था, तभी बेलखेडी परमट तिराहे पर एक ट्रक ने टक्कर मार दी। उसको तत्काल सरकारी अस्पताल गोटेगांव लाया गया। जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाही पूरी करायी।

## एसएसबी ने 102 किलोग्राम गांजा बरामद किया

**सुपौल।** सशस्त्र सीमा बल ने 102 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। बल के 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 200 और 201 के मध्य खेतों में मक्के के छिलकों के बीच तस्करों द्वारा भारी मात्रा में गांजा छुपा कर रखा गया है । सूचना की विश्वसनीयता देखते हुए निरीक्षक अजय नैथानी के नेतृत्व में कुल 12 सदस्यों का नाका दल नियुक्त कर चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुआ । नाका दल अपने साजो-सामान के साथ चिन्हित स्थान पर छुपाव में बैठ कर सतर्कता के साथ ड्युटी करने लगा। सिंह ने बताया कि काफी समय उपरांत जब नाका दल को कोई हरकत नहीं दिखी तब नाका दल द्वारा खेत में इकट्ठा की हुई मकई के छिलकों को हटाकर तलाशी ली गयी। इस क्रम में नाका दल को मकई के छिलकों के नीचे छुपा कर रखी दो बोरियाँ प्राप्त हुई जिनमें से गांजा की सुगंध आ रही थी। बल ने बोरियों को खोलकर देखा और पाया कि बोरियों में गाँजा जैसा दिखने वाला पदार्थ ही रखा गया है। तत्पश्चात बोरी में रखे सामान की जांच नरकोटिक्स ड्रग्स डिटेकशन किट से की गयी जिससे बोरी में रखे सामान की पुष्टि गाँजा के रूप में हुई जिसका वजन 102 किलोग्राम 770 ग्राम पाया गया जिसे नाका दल द्वारा जब्त किया गया।

# रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर में बाइक पर सवार युवक की मौत और पिता घायल



एजेंसी ∢ मुरैना
www.dailypioneer.com

मुरैना जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में अवैध रेत से भरे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने मोटर साइकिल सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों पिता और पुत्र मोटर साइकिल से मुरैना आ रहे थे, तभी आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सिकरौदा नहर के समीप चंबल नदी से अवैध रेत भरकर ला रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ट्रैक्टर और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# बिकाऊ पूर्व विधायकों की खुल रही पूरी कुंडली : सुक्खू

एजेंसी ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि जिन पूर्व विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी को अपना ईमान बेचा है, उनकी पूरी कुंडली खुल रही है। सुक्खू ने कहा कि जनता जान चुकी है कि बिकाऊ विधायक एक महीना हिमाचल की सीमा के अंदर क्यों नहीं आए। वे सरकार गिराने की साजिश रचने में लगे थे और परिवार को भी मुंह दिखाने काबिल नहीं थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने 'धनबल' का प्रयोग करने के बाद जो नया काला कोट शपथ लेने के लिए सिलाया था, वह दर्जी के पास ही पड़ा रहेगा। गौरतलब है कि पिछले दिनों राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस के छह विधायकों ने पार्टी से विद्रोह करते हुए भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में वोट किया था। इसके कारण ना केवल कांग्रेस उम्मीदवार की हार हो गयी बल्कि भाजपा उम्मीदवार चुनाव जीत गये थे। तीन निर्दलीय विधायकों ने भी पाला बदलते हुए भाजपा के पक्ष में वोट डाले थे। सुक्खू ने कहा कि आम परिवार का व्यक्ति जब मुख्यमंत्री की कुर्सी पर पहुंचता है, तब वह हथियार नहीं डालता योद्धा की तरह लड़ता है। पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर दिन में सपने देखना छोड़ दें, वर्तमान कांग्रेस सरकार भगवान के आशीर्वाद से पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी।

मुख्यमंत्री ने बिलासपुर के जगातखाना में रविवार को लोकसभा उम्मीदवार सतपाल रायजादा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आजाद विधायक भी इतने पैसे में बिके कि उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्हें भाजपा व नेता प्रतिपक्ष ठाकुर ने खरीदा है। ठाकुर फ़्लॉप डायरेक्टर हैं, उनकी दो फिल्में रिवाज बदलेगा व ऑपरेशन लोटस फ्लॉप हो चुकी हैं, तीसरी फिल्म कंगना मंडी के अंगना भी फ्लॉप होगी। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से 26 साल से भाजपा सांसद चुनकर जा रहे हैं, लेकिन संसदीय क्षेत्र में कोई बड़ी योजना नहीं ला पाए। भानुपल्ली-बिलासपुर-लेह लाइन की 50 प्रतिशत लागत 1250 करोड़ रुपये प्रदेश सरकार दे रही है, जमीन भी हमने दी है। उन्होंने कहा कि 15 महीने पहले जनता के आशीर्वाद से हमारी सरकार बनी।

उसके कुछ दिन बाद अडानी ने एससीसी व अंबुजा सीमेंट प्लांट बंद कर दिए।

उनसे जब बातचीत हुई तो मैंने अडानी समूह को साफ कर दिया कि हिमाचल प्रदेश के हितों से समझौता नहीं किया जाएगा। संपदा हमारी है व धनवान और लोग होते जा रहे हैं, यह नहीं चलेगा। हमारे ट्रक ऑपरेटर भाइयों की किराये की दरें बढ़नी ही हैं, प्रदेश सरकार के कड़े रुख के आगे अडानी समूह को झुकना पड़ा।

# संविधान नहीं, घमंडिया गठबंधन और भ्रष्टाचारी खतरे में हैं : गौरव भाटिया

वार्ता ∢ रांची
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड और झारखंड की जनता को हमेशा दिल में रखा और भगवान बिरसा मुंडा को आदर्श माना। भाटिया ने हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री जनजातीय समाज के लिए चिंतित रहें। उसे सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए। जनता ने मन बना लिया है कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे और वह जनता की सेवा के अपने कार्य को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि चार चरण के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। इस चुनाव में एनडीए और भाजपा पिछले 10 वर्ष के विकास कार्य की रिपोर्ट कार्ड के आधार पर जनता से पुनः आशीर्वाद मांग रहे हैं। जनता ने मन बना लिया है कि इस चुनाव में भाजपा 370 से अधिक सीट जीतेगी। एनडीए 400 पार होगा। उन्होंने कहा कि घमंडियां गठबंधन में भ्रष्टाचारियों की फौज है। वे एनडीए-बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने का कुंठित प्रयास कर रहे हैं। भ्रष्टाचारियों पर प्रधानमंत्री मोदी की ईमानदारी भारी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार्यों की तिकड़ी है। कांग्रेस, झामुमो और राजद एक साथ है। भ्रष्टाचारियों की तिकड़ी क्राइम मास्टर गोगो है। ये जनता को देने नहीं लेने आए हैं। बिना जनता से लिए नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि संविधान नहीं, घमंडिया गठबंधन और भ्रष्टाचारी खतरे में हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस से सबक लिया। यही कारण है कि 10 समन देने के बाद भी ईडी के पास नहीं गए। अगर हुए भ्रष्टाचार नहीं किए हैं, तो जाकर जवाब देना चाहिए। यह जनता की कमाई है। उसे लूट कर परिवार को आगे बढ़ाने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। इनकी नीतियां झारखंड की जनता की विरोधी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। घुसपैठियों पर लगाम नहीं है। विधि व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। राज्य सरकार ने जनजातीय समाज के लोगों की जमीन ली। इसका आवंटन जनजातीय युवाओं को करना चाहिए।

## अंतरराज्यीय टप्पेबाज गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**नैनीताल।** उत्तराखंड की हल्द्वानी पुलिस ने अंतरराज्यीय टप्पेबाज गिरोह का खुलासा करते हुए उसके तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 16 अप्रैल को उत्तराखंड पुलिस के जवान संजय सिंह राणा की पत्नी नीमा राणा वैवाहिक समारोह में भाग लेने के लिये एक मैजिक वाहन में सवार होकर रूद्रपुर से हल्द्वानी आ रही थी। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके बैग में रखे सोने के जेवरात एवं नकदी पर हाथ साफ कर ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा के निर्देश पर कोतवाल उमेश कुमार मलिक की अगुवाई में एक टीम का गठन किया गया। सीसीटीवी कैमरों और सुरागकशी के बाद पुलिस को सफलता हाथ लगी और यातायात नगर पुलिस चौकी के प्रभारी दीपक बिष्ट की टीम ने टप्पेबाजी गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।

# लुप्त प्रजाति के कछुऐं बरामद

एजेंसी ∢ जलपाईगुड़ी
www.dailypioneer.com



न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन पर पूर्वोत्तर सीमा रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने नियमित जांच के दौरान अवैध रूप से ले जाए जा रहे 10 जीवित लुप्तप्राय प्रजाति के कछुए बरामद किए। पूसीरे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने आज बताया है कि गत रात को न्यू जलपाईगुड़ी आरपीएफ टीम ने जलपाईगुड़ी स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12507 (तिरुवनंतपुरम सेंट्रल-सिलचर) अरोनई एक्सप्रेस में नियमित जांच की। जांच के दौरान आरपीएफटीम को कोच में एक नीले रंग का कंटेनर दिखा। कंटेनर मालिक की तलाश करने पर वह नहीं मिला। लावारिस कंटेनर खोलने के बाद, आरपीएफटीम ने लुप्तप्राय प्रजातियों के 10 जीवित कछुओं को बरामद किया। बाद में जिंदा कछुओं समेत कंटेनर को आरपीएफ पोस्ट लाया गया। इसके बाद सभी कानूनी औपचारिकताएं और दस्तावेज पूरे किये जाने के बाद जीवित कछुओं को पश्चिम बंगाल वन विभाग को सौंप दिया गया।

# किसानों की आय संवृद्धि के लिए उद्यानिकी फसलों एवं साग-सब्जी उत्पादन को दें बढ़ावा : कलेक्टर विजय दयाराम के.

## आयल पॉम,काजू एवं रबर की खेती को प्रोत्साहित करने पर बल

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि किसानों की आय संवृद्धि के लिए उद्यानिकी फसलों सहित साग-सब्जी उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए। जिले के लोहण्डीगुड़ा, बास्तानार एवं दरभा ब्लॉक में उद्यानिकी फसलों और साग-सब्जी उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, यहां के किसानों को प्रेरित कर उन्हें लाभान्वित किये जाने बेहतर कार्य करें। आयल पॉम, काजू और रबर की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष रूप से फोकस कर क्रियान्वयन किया जाए। कलेक्टर विजय रविवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में उद्यानिकी विभाग की विभागीय गतिविधियों और योजनाओं की समीक्षा करते हुए उक्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि उद्यानिकी फसलों और साग-सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने का परिवर्तन परिलक्षित हो, इसे ध्यान रखकर फील्ड में बेहतर कार्य करें। इस दिशा में लक्ष्य को हासिल करने उत्कृष्ट प्रदर्शन अवश्य करें। ज्यादा से ज्यादा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करें, जिससे किसान उद्यानिकी फसल एवं साग-सब्जी उत्पादन कार्य को रुचि के साथ कर सकें।

उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान पोषण बाड़ी विकास योजना को जिले के सभी स्कूल सहित आश्रम-छात्रावास में क्रियान्वयन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी ब्लॉक में 15 पॉली हाउस बनाने के लक्ष्य के अनुरूप लाभान्वित करने के लिए किसानों का चयन किये जाने कहा।

उन्होंने जिले में उद्यानिकी गतिविधियों को विस्तार करने हेतु बास्तानार,दरभा और बकावंड में नवीन नर्सरी विकसित किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में राज्य पोषित योजना, सामुदायिक फेंसिंग योजना, सूक्ष्म सिंचाई योजना, सब्जी क्षेत्र विस्तार योजना, पुष्प क्षेत्र विस्तार योजना, शेडनेट हाउस योजना, उद्यानिकी यंत्रीकरण, पैक हाउस योजना इत्यादि की विस्तृत समीक्षा की गई।

## खरीफ फसल कार्यक्रम के लिए किसानों को मांग के अनुरूप बीज-खाद उपलब्ध करवाने के निर्देश

कलेक्टर विजय दयाराम के.ने कहा कि किसानों को धान के अलावा अन्य फसलों से भी आमदनी हो, इसे मद्देनजर रखते हुए खरीफ फसल सीजन में धान के साथ ही कोदो-कुटकी एवं रागी जैसे लघु धान्य फसलों को बढ़ावा देने के लिए शिद्दत से पहल किया जाए। टिकरा एवं मरहान भूमि में इन लघु धान्य फसलों की पैदावार लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर उन्हें बीज और आवश्यक आदान सहायता उपलब्ध करवाएं। खरीफ फसल कार्यक्रम के लिए किसानों को मांग के अनुरूप बीज-खाद सुलभ कराया जाए। वहीं अधिकाधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करवाएं,जिसमें वनाधिकार पट्टेधारी किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर केसीसी प्रदान किया जाए। कलेक्टर विजय ने रविवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में कृषि विभाग की विभागीय गतिविधियों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए उक्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीफ फसल सीजन 2024 के अंतर्गत निर्धारित क्षेत्राछादन लक्ष्य, पूर्ति हेतु कार्ययोजना की गहन समीक्षा में कहा कि बीज-खाद का पर्याप्त भंडारण के साथ किसानों को 15 जुलाई तक बीज-खाद की अनिवार्य रूप से उपलब्धता सुनिश्चित करें। कोदो-कुटकी एवं रागी का बीज सुलभ करवाने के लिए कृषि विभाग,कृषि विज्ञान केन्द्र और बीज विकास निगम द्वारा समन्वय सुनिश्चित किया जाए और सभी विकासखण्डों में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार बुवाई के लिए काम करें। कलेक्टर ने किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय लक्ष्य को 30 जून तक अनिवार्य तौर पर पूर्ण करने पर जोर देते हुए लक्ष्य की पूर्ति नहीं करने वाले कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने अमानक बीज एवं खाद विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने पर बल देते हुए कहा कि किसी क्षेत्र से शिकायत प्राप्त होने की स्थिति में सम्बंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग तथा नवीन पंजीयन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, स्वायल हेल्थ कार्ड, जैविक खेती हेतु लक्ष्य की पूर्ति हेतु कार्ययोजना पर गम्भीरता से कार्य किये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अवगत कराया गया कि खरीफ फसल सीजन 2024 हेतु एक लाख 64 हजार 167 हेक्टेयर रकबा में क्षेत्राछादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में अब तक 8032 क्विंटल बीज एवं 13511 मीट्रिक टन खाद का भंडारण कर 772 क्विंटल बीज एवं 3974 मीट्रिक टन खाद का वितरण किसानों को किया गया है। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, उपसंच लक कृषि राजीव श्रीवास्तव सहित मार्कफेड, बीज विकास निगम के अधिकारी और जिले में पदस्थ अनुविभागीय कृषि अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद थे।

## 2580वां जिनशासन स्थापना दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



2580 साल पहले 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी ने अपने असीम ज्ञान दीपक द्वारा इस अन्धकार में डूबे संसार को प्रकाशित किया था और अपने शासन की स्थापना की थी। सकल जैन श्री संघ की साक्षी में जयपाल विजय जी महाराज साहब आदि ठाणा 3 एवं साध्वी राजरत्ना जी महाराज साहब आदि ठाणा 17 की पावन निश्रा मेंजैन संघ के सुश्रावक भिखमचंद छाजेड एवं पदमचंद पारख द्वारा आज श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर के समीप ध्वजारोहण किया गया।

सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष मनोज बैद ने बताया की 2580 वर्ष पूर्व मिगसर वदि 10 के दिन प्रभु महावीर ने 'शिवमस्तु सर्वजगतः' के सिद्धांत को हम तक पहुंचाते हुए, सभी जीवों को अभयदान देने के लिए पंच महाव्रतों को धारण किया था यानी दीक्षा ली थी।दीक्षा के बाद लगभग साढ़े 12 वर्ष तक घोर उपसर्ग और परिषह सहते हुए वैशाख सुदी 10 के दिन जृंभिका गांव के पास ऋजूवालिका नदी के तट के समीप शाल वृक्ष के नीचे गोधुहिका मुद्रा में ध्यानस्थ प्रभु को सर्वज्ञान यानी केवलज्ञान प्रकट हुआ। सकल जैन श्री संघ से ओम कांकरिया, राजेंद्र सुराणा, ज्ञानचंद कोठारी, श्रीचंद कोचर, मनीष छाजेड, दिनेश लोढ़ा, अशोक चंद बैद, प्रेमचंद लुनिया, निर्मल बैद, कोमल कोठारी, फ़नेंद्र बैद, जयचंद ललवानी, रितेश लोढ़ा, आकाश चोपड़ा, भरत डाकलिया, श्राविका वर्ग से सरोज गोलछा, सरला लुनिया, रेखा कोटड़िया आदि सहित श्रावक-श्राविका बच्चे सभी वर्ग के लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीणों के स्वास्थ्य की चिंता करना बस्तर सामाजिक जन विकास समिति का मूल उद्देश्य

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



संस्था बस्तर सामाजिक जन विकास समिति, बहार फाउंडेशन (बैंगलोर), अनामय पिरामल स्वास्थ्य (दिल्ली) के संयुक्त गतबंधन द्वारा संचालित परियोजना संगवारी बस्तर जिले के दूरस्त ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित है। परियोजना की शुरुवात 2022 में जगदलपुर, बस्तर एवं दरभा ब्लॉक के 16 ग्रामों में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं को ग्रामीण आदिवासी महिलाओं द्वारा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित किया गया। परियोजना अंतर्गत आदिवासी महिलाओं को केंद्र में रख प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा को ग्रामीणजनों तक प्रदान करवाना और उनके बदले न्यूनतम पैसे की मांग करना है। जैसे बी.पी के लिए 10 रुपये, शुगर के लिए 30 रुपये, खून के लिए 60 रुपये, वजन, ऊँचाई, तापमान, पल्स आक्सिजन प्रत्येक सेवा का 5 रुपये निर्धारित किया गया है। इन आदिवासी महिलाओं के माध्यम से फोन के जरिए डॉक्टर परामर्श की सुविधा जिसका 50 रुपये मूल सुनिश्चित किया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं के द्वारा आय अर्जन से ग्रामीण आदिवासी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का यह एक छोटा सा प्रयास है। संस्था बस्तर सामाजिक जन विकास समिति के 'माँ विमला देवी सभा कक्ष' में परियोजना के दूसरे चरण अंतर्गत 25 नए ग्रामों की संगवारीयों एवं पहले चरण की संगवारियों को उपकरण प्रशिक्षण के उद्देश्य से तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण की शुरुवात संस्था सचिव सुशील कुमार पाण्डेय, पिरामल स्वास्थ्य से सुनील थापलीयाल, देवेंदर त्यागी, बहार फाउंडेशन से डॉ. सतेंद्र वर्मा साथ ही संस्था प्रोजेक्ट ऑफिसर गौरव पाण्डेय, फील्ड ऑफिसर डॉ. नारायण दास पंथ, परियोजना प्रबंधक सियाराम नेताम, थबीर सिंह चंदेल, निशा मंडल द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर प्रशिक्षण की शुरुवात की गई। तत्पश्चात संस्था सचिव द्वारा अपने सम्बोधन में परियोजना के अबतक के सफर को साझा करते हुए उपस्थित सभी संगवारियों को प्रशिक्षण में प्रदान किए जाने वाले आयामों को समझ कर अपने कार्य में शामिल करने को कहा गया। आगामी महीने में सम्मान समारोह ग्राम तीरथगढ़ में आयोजित कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाना है। अपने सम्बोधन में सचिव द्वारा कहा गया की संस्था निरंतर प्रयासरत है अपने सभी कर्मचारियों द्वारा संगवारियों को समय-समय पर फील्ड में सहयोग प्रदान करती आ रही है। साथ ही भविष्य में नवाचार के साथ सुविधाओं में वृद्धि कर ग्रामीणों तक उपचार के नए साधनों की पहुँच बढ़ाया जाए। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में उपकरण के उपयोग के साथ साथ संगवारियों को मोबाइल फोन उपयोग एवं जानकारी, सॉफ्ट कम्युनिकेशन स्किल, जल जनित रोग एवं वेक्टर जनित रोग के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में परियोजना प्रबंधक इकाई हर्षिता गुप्ते, दामिनी चंद्राकर, ब्लॉक समनव्यक सुष्मिता बघेल एवं यशवंत कश्यप भी उपस्थित रहे।

## दिनेश कुरेटी को मिला राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com



रायपुर के वृंदावन सभा हाल में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ का शपथग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। यहां राजनांदगाँव जिले के शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी को शिक्षा, कला, साहित्य एवं समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान 2024 पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार व जनकवि मीर अली मीर, अध्यक्षता आरपीएफ निरीक्षक व मशहूर पंडवानी गायिका करूणा साहू एवं विशेष अतिथि मंच संचालन समिति के प्रांतीय संयोजक चन्द्रशेखर परघनिया,समाजसेवी तारेन्द्र चन्द्राकर एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक एवं संस्था के संरक्षक परस राम साहू रहे थे। जिनके हाथों से शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के द्वारा जिले के छुरिया विकास खंड के दूरस्थ एवं वनांचल में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, शाल, पुष्पमाला एवं संस्था के वार्षिक कैलेण्डर प्रदान कर उत्कृष्ट सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया।

## साहू समाज किरन्दुल के पदाधिकारियों ने डिप्टी सीएम से की सौजन्य मुलाकात



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरूण साव से राजधानी रायपुर स्थित प्रशासनिक निवास गृह में विनोद साहू प्रदेश युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तैलिक महासभा के नेतृत्व में तहसील साहू समाज किरंदुल के अध्यक्ष टीकमचंद साहू, सचिव देवेन्द्र साहू तथा जिला साहू संघ उपाध्यक्ष ढाल सिंह साहू ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री के साथ सामाजिक एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई।

## डीजे-धुमाल पर कार्रवाई, सामान जब्त



पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आदर्श आचार संहिता के दौरान डीजे संचालकों एवं धुमाल पार्टियों के द्वारा जिला प्रशासन के बिना अनुमति देर रात्रि तक अत्यधिक आवाज में डीजेसाउण्ड सिस्टम एवं धुमाल बाजा बजाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पारींकला के पास मेन रोड में श्री शिवम धुमाल पार्टी के संचालक मोसफी के कब्जे से वाहन टाटा 407 पिकअप में लगा साउण्ड सिस्टम एवं डिस्कोलाईट व धुमाल जब्त किया गया है। इसी तरह तिरंगा चौक कन्हारपुरी में साई कृपा धुमाल पार्टी के संचालक रिक्की सोनेकर के कब्जे से वाहन टाटा 407 पिकअप मे लगे साउंड सिस्टम और दूसरे सामान बरामद किए गए हैं। मानव मंदिर चौक राजनांदगांव के पास से देवभूमि धुमाल पार्टी पर भी कार्रवाई की गई है। तीनो डी जे धुमाल संचालको के खिलाफ छ0ग0 कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4, 15 के तहत पृथक-पृथक कार्यवाही की गई। डीजे धुमाल संचालको के खिलाफ आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

## ट्रैफिक स्टॉपर में लगे विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के साईन बोर्ड को हटवाने निर्देश

# पत्थलगांव में यातायात व्यवस्था बेहतर करने पुलिस और प्रशासन ने की संयुक्त रूप कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले के पत्थलगांव शहर में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त एवं सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा विगत दिनों में प्रशासनिक अधिकारियों, व्यापारी संघ एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष, आम नागरिकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की कई बार बैठक लेकर सुझाव लेकर सहमति बनाया गया है।

इसी तारमम्य में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने रविवार को एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक भानूप्रताप चंद्राकर, तहसीलदार गणेश सिदार, नगर पंचायत सीएमओ. मो. जावेद द्वारा संयुक्त रूप से मिलकर बस स्टैंड एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों का भ्रमण किया गया एवं इस दौरान नियमों के उल्लंघन करने पर गुमाश्ता एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई है। व्यापारियों द्वारा होर्डिंग्स, पोस्टर एवं बेतरतीब सामान को व्यवस्थित रखने हेतु कहा गया है एवं साईन बोर्ड मार्ग से 20 फीट की दूरी में लगाने के लिए कहा गया है। यातायात व्यवस्था हेतु स्टॉपर में लगे विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के साईन बोर्ड को हटवाने के लिए निर्देशित किया गया है। शहर के तीनों मार्ग में पार्किंग हेतु स्थल चयन किया जा रहा है। वाहनों के दबाव को कम करने हेतु चिडरापारा (रायगढ़ रोड) में वैकल्पिक बस स्टैंड बनाया गया है, जिसे जल्द ही चालू किया जायेगा। बाईक में स्टंटबाजी करने वालों, ड्रिंक एंड ड्राईव, ट्रिपल सवारी के विरूद्ध अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पत्थलगांव के व्यवसायी दुकान के सामान/होडिंग्स इत्यादि को रोड पर बाहर न निकालें, निर्धारित जगह पर रखें जिससे कि यातायात व्यवस्था व्यवस्थित रहे, दुकानों में आने-जाने वाले ग्राहकों के लिये पार्किंग की व्यवस्था करें, प्रशासन का सहयोग करें।

**-शशि मोहन सिंह,** एसपी जशपुर


## मांग सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत, उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड- (आईआईएफएल एचएफएल) (जिसे पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किए हैं - उधारकर्ता(ओं) को जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस (नोटिस) में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए कहा गया है। उपरोक्त के संबंध में, एतद्वारा एक बार फिर उधारकर्ता(ओं) को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है, नीचे दी गई राशि, मांग नोटिस की तारीख से भुगतान की तारीख तक आगे ब्याज के साथ, उधारकर्ता(ओं) का विवरण, मांग सूचना की तारीख को देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान हेतु दी गई सुरिक्षत विवरण निम्नानुसार हैः-

| कर्जदार/गारंटर का नाम | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | सुरिक्षत आस्तियों का विवरण (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| श्री चंदन कुमार, एम जी आई कंपनी, श्री सुधीर कुमार सिंह, श्रीमती रेखा देवी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10101170) | 16-मई-2024 रु. 25,18,991.00 (रु. पच्चीस लाख अट्ठारह हजार नौ सौ इक्यान्वे मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि उत्पन्न होने वाली भूमि का प्लॉट, खसरा नं. 72/17 में से, पी.एच नं 61, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड नं. 52, मौजा मठपुराना, तह एवं जिला. रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि_क्षेत्र, सुपर_बिल्ट_अप_क्षेत्र, कारपेट_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल 811.00, 972.00, 777.60 |
| श्री वेंकटेश मल्लीपड्डी, श्रीमती सुनीता वेंकटेश मल्लीपड्डी, एम एम टेलर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10424641) | 16-मई-2024 रु. 6,54,614.00 (रु. छह लाख चौवन हजार छह सौ चौदह मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस 28, भूतल, ब्लॉक 3, खसरा नं. 227/1 का हिस्सा, सेक्टर 8, मौजे सड्डू, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल 350.00 |
| श्री अमन कुमार सिंह, श्रीमती श्वेता सिंह (प्रोस्पेक्ट नं. IL10031622) | 16-मई-2024 रु. 5,86,945.00 (रु. पांच लाख छियासी हजार नौ सौ पैंतालीस मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. एल-31, पी.एच.नं.-08, आर.एन.एम भिलाई-3, खसरा नं. 1373/1, 1373/2, 1376, 1380/1 1380/2, 1380/3, 1380/4, 1381/1, 1381/2, 13971/1, 1397/2, 1398, 1400, 1401, 1404/2, 1407, 1408/1 1408/2 मारुति इंफ्रासिटी फेज-2, ग्राम सांकरा, तहसील पाटन, दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत, 492001 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल 600.00 |

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है, पूरी तरह से उधारकर्ताओं के जोखिम, लागत और परिणामों पर होगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें: आईआईएफएल एचएफएल, प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी के सामने, रायपुर, सीजी 492001/या कॉर्पोरेट कार्यालयः आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, पीएच-आईवी गुड़गांव, हरियाणा

स्थान : रायपुर, तिथि : 20.05.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

# यातायात पुलिस द्वारा भारी मालवाहक, वाहन मालक चालक एवं यूनियन अध्यक्ष-सदस्यो की ली बैठक

## डीएसपी ट्रैफिक, एसडीएम एवं नगर निगम आयुक्त की उपस्थिति में ली गई संयुक्त मिटिंग

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चन्द्रा द्वारा भारी मालवाहक, वाहन मालक, चालक एवं यूनियन अध्यक्ष सदस्य की संयुक्त रूप से मिटिंग आयोजित किया गया था। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विभोर अग्रवाल एवं आयुक्त नगर निगम विनय पोयाम के उपस्थिति में शहर में सुगम, सुरक्षित यातायात संचालन के ध्येय से शहर में चलने वाले भारी मालवाहक वाहन मालक, चालक एवं यूनियन अध्यक्ष सदस्य का बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिसमें-वाहन चालकों को शहर के अंदर श्यामतराई, संबलपुर बायपास से कोलियारी मोड़ तक 20 किमी प्रति घंटे के रफ्तार से वाहन चलाने। बाहर के हाईवे रोड में बस्ती वाले क्षेत्र में न्यूनतम 30 किमी प्रति घंटे एवं अन्य क्षेत्रों में अधिकतम 50 किमी प्रति घंटे के रफ्तार से वाहन चलाने। 03 भारी वाहन चालकों को अपना हैवी ड्रायविंग लायसेंस रखने, वैध लायसेंस धारी के द्वारा ही वाहन चलाने, कंडक्टर सह-चालक को वाहन चलाने नही देने। निर्धारित क्षमता से अधिक माल का परिवहन नही करने। शराब सेवन कर वाहन नही चलाने एवं ट्रैफिक सिग्नलों, यातायात चिन्हो एवं यातायात नियमों का पालन करने। निर्धारित पार्किंग स्थल में ही वाहन पार्क करने, रोड किनारे कही भी अनावश्यक पार्किंग नही करने, वाहन पार्क करते समय पार्किंग लाईट चालू रखने अंधेरे में वाहन खड़ी नही करने। रात्रि में बेहतर दृश्यता के लिए ट्रक के पीछे में त्रिभुजाकार रेडियम रिफ्लेक्टर टेप लगाने। सामने चल रहे अन्य भारी वाहनों को ओवरटेक नही करने, उचित स्थान देखकर हार्न बजाते हुए ही ओवरटेक करने। वाहनों में रेत, गिट्टी, डस्ट आदि परिवहन करते समय वाहन को तारपोलिंग से अच्छे से ढ़क कर रस्सी से बांधने ताकि खुले में ना उड़े। माल परिवहन करते समय वाहन के सभी पहियों का इस्तेमाल करने। ढाबा, रेस्टोरेंट, हॉटल में खाना खाने रूकने के दौरान निर्धारित खाली जगह में रोड के नीचे उतारकर वाहन खड़े करने, अनावश्यक मार्ग में वाहन खड़ा नही करने। आवागमन के दौरान कहीं भी सड़क दुर्घटना होने पर तत्काल पुलिस को 100 नंबर एवं 108 एम्बुलेंश को सूचित कर घायलों की मदद करने। रेत परिवहन करने वाले हाईवा वाहनों का शहर के अंदर निर्धारित प्रतिबंधित समय प्रातः 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक का पालन करने, रेत-गिट्टी का परिवहन के दौरान पीटपास साथ रखने, वाहन में निर्धारित की गई क्षमता से अधिक माल लोड नही करने। वाहनों के हेडलाईट, बैक लाईट, ब्रेक लाईट चालू स्थिति में रखने। पेशर हार्न का उपयोग नही करने, वाहनों में सामान्य हार्न का प्रयोग करने। वाहन के समस्त दस्तावेज आरसी बुक, परमिट, फिटनेश, प्रदूषण प्रमाण पत्र,चालक का ड्रायविंग लायसेंस की छांयाप्रति वाहन में साथ रखने। कानून व्यवस्था ड्यूटी के दौरान पुलिस द्वारा कभी भी वाहन रोकने या डायवर्सन के लिए आदेशित करने पर पालन करने। भारी वाहन से माल परिवहन अधिकतर रात्रि में करें, ताकि रात्रि में परिवहन करने से जाम एवं सड़क दुर्घटना से बचा जा सके। यातायात नियमों के उल्लंघन पर की जाने वाली वैधानिक कार्यवाही से अवगत कराते हुए बताये एवं निर्देशों का पालन करें यातायात पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। उक्त बैठक में ज्ञानु ओसवाल, रामचरण चक्रधारी, दिव्यांशु दुलानी, दिलीप वाधवानी, अबरार खान, संतोष प्रजापति, हरविंदर मुंडी सहित भारी मालवाहक, वाहन मालक, चालकगण एवं यूनियन अध्यक्ष व सदस्यगण उपस्थित रहे।

# राजधानी में लगेगा चिल्ड्रन मार्केट

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



दीवारों पर तो कहीं किताबों पर नन्हें हाथों से ड्राइंग करते बच्चे दिखाई दे रहे हैं। कोई गा रहा है तो कोई डांस कर रहा है तो कोई अभिनय कर रहा है। पत्तों से कलाकारी सब्जियों से चित्रकारी रंगीन चावल की कला मिट्टी से खिलौना निर्माण धागे से डिजाइन बनाना, मुखौटा निर्माण। अलग-अलग भाव के साथ बच्चों के चेहरे पर विजय मुस्कान दिखाई दे रही है। यह नजारा है राज्य की स्कूलों का है। गर्मी की छुट्टियों में पहली बार स्कूल शिक्षा विभाग ने समर कैंप का आयोजन करने कहा है और कुछ स्कूली बच्चों ने इसे शुरू कर दिया है। बच्चों में रचनात्मकता के लिए सकारात्मक व नवाचारी पहल की गई है। इनमें रायपुर, बस्तर, दुर्ग, बिलासपुर व सरगुजा संभाग तक बच्चे खुशनुमा माहौल में खेल-खेल में बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान सीखने की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। रायपुर के दो स्कूल जेआर दानी कन्या स्कूल और सप्रे शाला में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्पोकन इंग्लिश, कैलीग्राफी, रूबिक्स, साईस माडल, हैंडीक्राफ्ट, योगा एवं ध्यान, बेस्ट आउट आफ बेस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंट, पेंटिग, बांसुरी वादन, नृत्य गायन, कठपुतली, मेहंदी, शतरंज, रोप स्कीपिंग, वालीबाल, खो-खो, फुटबाल जैसे अनेक विधाओं का प्रशिक्षण बच्चों को दिया जा रहा है। इस समर कैंप को लेकर बच्चों में भारी उत्साह है, काफी बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा भी ले रहे हैं। मनोरंजन के साथ स्वस्थ वातावरण है उद्देश्य समर कैंप का उद्देश्य बच्चों का मनोरंजन के साथ स्वस्थ वातावरण में उनकी छिपी हुई प्रतिभा को उभारना और उनमें आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है समर कैंप को सफल बनाने प्रतिदिन एक-एक कड़ी जोड़ी जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ को जहां प्रदेश में स्वेच्छा से समर कैंप आयोजित करने कहा गया है वही खेल संघो और अन्य संस्थाओं को भी इस कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है।

# जैतखंभ को तोड़फोड़ कर नष्ट करने वाले आरोपी गिरफ्तार




पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

15 मई के दरमियानीं रात को गिरौदपूरी के जैतखंभ से 5 किमी दूर महाकोनी गाँव में अमर गुफा के जैतखंभ को अज्ञात आरोपी द्वारा तोड़फोड़ और नष्ट करने पर चौकी गिरौदपूरी में आईपीसी 295 के तहत अपराध पञ्जीबद्ध किया गया था। आरोपी पतासाजी के दौरान पता चला कि भोजराम अजगल्ले जो ठेकेदारी का काम करता है उसके द्वार गांव महकोनी में नल जल मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा था जिसका ठेका उसने 4.50 लाख में आरोपियों को दिया था । शुरुआत में ठेकेदार द्वारा 100000 रू ही भुगतान किया गया था जबकि कार्य 90 प्रतिशत हो जाने पर भी बाक़ी रक़म का भुगतान नहीं किया जा रहा था । आरोपियों के द्वारा कार्य भुगतान माँगने पर ठेकेदार द्वारा गाली गलौज दिया जाता था । संपूर्ण जांच एवं विवेचना क्रम में ग्राम महकोनी में नल जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण करने वाले 03 आरोपियों को दबोचा गया, जिनसे कड़ाई से पूछताछ पर तीनों आरोपियों ने अमर गुफ़ा में स्थित जैतखाम को काटना एवं लोहे के गेट में तोड़फोड़ करना स्वीकार किया। आरोपियों से पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया जिसमें यह बात सामने आई कि- सभी आरोपी ग्राम महकोनी में नल जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण ठेकेदार भोजराम अजगल्ले के माध्यम से ठेका राशि 4,50,000 में कर रहे थे। जिसका काम लगभग 90 प्रतिशत पूरा होने के उपरांत भी भोजराम अजगल्ले द्वारा बकाया राशि आरोपियों को नहीं दिया गया था। आरोपियों द्वारा बार-बार बकाया रकम मांगने पर भी ठेकेदार द्वारा रकम वापस नहीं किया जा रहा था, जिसके कारण आरोपी ठेकेदार से नाराज चल रहे थे। आरोपियों के अनुसार ठेकेदार भोजराम अजगल्ले के द्वारा बकाया रकम न मिलने के कारण एवं अत्यंत क्षुब्ध होकर अमर गुफा में तोड़फोड़ करने की योजना बना डाली। योजना अनुसार तीनों आरोपियों द्वारा शराब का सेवन कर 15.05.2024 की रात्रि 11:30 बजे लगभग अपनी बजाज मोटरसाइकिल में बैठकर आरी एवं अन्य सामान लेकर अमर गुफा गए। तीनों ने गुस्से में आकर सतनामी समाज के प्रतीक जैतखाम को आरी से काट दिया तथा लोहे के गेट को उखाड़ कर तोड़फोड़ कर दिया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त आरी एवं मोटरसाइकिल जब्त किया गया है तथा तीनों आरोपियों को विधिवत्त गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष जुडिसियल रिमांड पर भेजा जा रहा है । आरोपियों के नाम सल्टू कुमार जिला सहरसा बिहार वर्तमान निवासी ग्राम महकोनी पुलिस चौकी गिरौदपुरी, पिंटू कुमार ज़िला जिला सहरसा बिहार वर्तमान निवासी ग्राम महकोनी पुलिस चौकी गिरौदपुरी, रघुनंदन कुमार जिला सहरसा बिहार वर्तमान निवासी ग्राम महकोनी पुलिस चौकी गिरौदपुरी।

# निर्माणाधीन मकान से बिजली का तार चोरी करने वाला और खरीददार गिरफ्तार





पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस ने निर्माणाधीन मकान से बिजली वायर चोरी करने वाला शातिर चोर अमन गोपाल और खरीददार राकेश डागा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 18 मई को शंकर नगर स्थित एक मकान से बिजली के तार चुराकर राकेश डागा को बेच दिया था। इस मामले में एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। मामला सिविल लाईन थाना का है। गौरव पाण्डे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसका पहुना के सामने, शंकरनगर रोड में मकान स्थित है जिसमें नवनिर्माण का काम चल रहा है। यहां बिजली फिटींग के लिए बिजली का वायर रखा था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 304/2024 धारा 457, 380, 411, 34 भादवि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना सिविल लाईन पुलिस एवं एण्टी क्राईम साईबर युनिट के संयुक्त टीम ने घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपियों की पतासाजी शुरू की। टीम द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाये गये इसी दौरान टीम को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर अमन गोपाल को पकड़कर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी के घटना को अंजाम देना स्वीकार कर चोरी किये गये बिजली वायर को राकेश डागा के पास बिक्री करना बताया। जिस पर आरोपी के निशानदेही पर राकेश डागा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गये बिजली वायर जला हुआ कीमती करीबन 10,000/- रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही किया गया है। प्रकरण में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

# एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए बच्चों में उत्साह का माहौल

## 28 जिलों में आयोजित प्रवेश परीक्षा में 81.83 प्रतिशत विद्यार्थी हुए शामिल



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रदेश भर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए इंट्रेंस एग्जाम सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया है। विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा के निर्देश एवं कड़ी निगरानी में सचिव नरेन्द्र दुग्गा के मार्गदर्शन में परीक्षा का आयोजन किया गया। एकलब्य विद्यालय में प्रवेश के लिए हुए परीक्षा में 29200 छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जबकि 35684 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, इसका प्रतिशत 81.83 रहा। परीक्षार्थियो का तिलक लगाकर स्वागत किया। परीक्षा परिणाम राज्य स्तर पर घोषित होगा और काउंसिलिंग पद्धति से प्रवेश दिया जाएगा। आदिम जाति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के कक्षा 6वीं में सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए इंट्रेंस एग्जाम आयोजित की गई है। प्रदेश के 28 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के 29200 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई। इसका प्रतिशत 81.83 रहा जबकि 6484 परीक्षार्थी एग्जाम में शामिल नहीं हुए। कुल 35,684 छात्र छात्राओ ने पंजीयन कराया था। इनमे 17 हजार 411 बालक और 18 हजार 273 बालिका शामिल हैं। एकलव्य शाखा प्रभारी उपायुक्त प्रज्ञान सेठ द्वारा उक्त संबंध में आवश्यक लिखित निर्देश जारी कर अधिकारियों को कार्य सौंपे गए जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# चुनाव प्रचार प्रसार के अंतिम दिन भी राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने किया चुनाव प्रचार

पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

ओड़िशा में चुनाव प्रचार के अंतिम दिवस पर छत्तीसगढ़ बलौदाबाजार के विधायक व राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने ओड़िसा राज्य के सुंदरगढ़ जिले के ग्राम पद्मपुर एवं कुंजझरिया में जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामवासियों से भेंट की और उनसे 20 मई के चुनाव में कमल का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आग्रह किया। छत्तीसगढ़ पुनः विकास पथ पर अग्रसर हो चुका है अब बारी है ओड़िशा की। प्रभु जगन्नाथ के आशीर्वाद से शीघ्र ही



ओड़िशा में विकास का कमल खिलेगा और ओड़िशा का विकास रथ आगे बढ़ेगा की बात मंत्री वर्मा ने मीडिया कर्मियों से कहा।

# बाहरी कंपनी को लाभ पहुंचाने साय सरकार ने नियमों में किया बदलाव : विनोद चंद्राकर

## टिश्यू कल्चर बांस प्लांट निविदा नियमों में बदलाव से स्थानीय नर्सरी हो जाएंगे बाहर

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि 2 करोड़ युवाओं को हर साल रोजगार देने की बात करने वाले जुमलेबाजों ने छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही स्थानीय लोगों को बेरोजगार बनाने का षड़यंत्र शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ की साय सरकार युवाओं को रोजगार तो उपलब्ध करा नहीं पा रही। बल्कि, छोटे व्यवसाय कर अपना व परिवार का पालन पोषण तथा अपने व्यवसाय के बल पर अन्य को रोजगार उपलब्ध करा रहे लोगों को सड़क पर लाने की योजना बना रही है। चंद्राकर ने कहा कि राज्य के बाहर के विशेष व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने छग राज्य बीज निगम के माध्यम से साय सरकार ने टिश्यू कल्चर बांस प्लांट की निविदा में ऐसा बदलाव किया कि अब इसमें राज्य का कोई भी नर्सरी संचालक हिस्सा नहीं ले सकेंगे। ज्ञात हो कि टिश्यू कल्चर बांस प्लांट की कीमत दर निर्धारित करने निविदा जारी की जाती है। जिसमें प्रदेश के निजी नर्सरी संचालक भी हिस्सा लेकर कांट्रेक्ट प्राप्त करते हैं। लेकिन, इस दफे राज्य के बाहर हैदराबाद के एक कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए नियम में बदलाव कर दिया गया है। इस नियम के तहत प्रदेश के लगभग सभी नर्सरियां बाहर हो जाएंगी और राज्य के बाहर की विशेष नर्सरी या फर्म ही भगा ले पाएंगी। चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में कार्पोरेट सरकार द्वारा परदेसिया वाद नीति के चलते छत्तीसगढ़ियों के अधिकार पर कुठाराघात किया जा रहा है। पूर्व के वर्षों में यह व्यवस्था थी कि कोई भी नर्सरी अन्य उत्पादक से आथोराइजेशन लेकर निविदा में भाग ले सकते थे और रेट कांट्रेक्ट हो जाता था। वर्तमान में सेल्फ प्रोड्यूस (स्वयं उत्पादक) की शर्त लगा दी गई है। शासन के उक्त शर्तो से प्रदेश के लगभग सभी नर्सरी बाहर हो जाएंगे। जिससे इन नर्सरियों में कार्यरत मजदूरों के सामने रोजी-रोटी की संकट उत्पन्न हो जाएगी।

# अहिरवार समाज का चोवा राम टांडेकर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित

## प्रदेश संगठन गंभीरता से अपने समाज के हित में काम करें : धनेश

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com



महासमुंद स्थित होटल आकाशिया इन में प्रदेश संगठन अहिरवार समाज छत्तीसगढ़ की पहली सामाजिक सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें तुमगांव निवासी चोवा राम टांडेकर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया है। सम्मेलन की शुरुआत में संत गुरु रविदास का स्मरण कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात प्रदेश संरक्षक रामविलास टांडेकर और प्रदेश सलाहकार धनेश राम टांडेकर की उपस्थिति में तुमगांव निवासी चोवा राम टांडेकर को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर चंद्रकुमार विदानी, उत्तरा विदानी, नितेश चौरे, प्रदेश महासचिव गीता टांडेकर झुलपे, प्रदेश सचिव होरी लाल अहिरवार, अनिता कन्नौजे, चंद्रकांत विदानी, प्रदेश कोषाध्यक्ष कैलाश कुमार कन्नौजे, प्रदेश प्रवक्ता लीलाराम चौधरी, अरुणा धनेश टांडेकर, खेमूराम चौरे, मीडिया प्रभारी लीलाराम चौधरी, उत्तरा विदानी, गीता टांडेकर झुलपे को चुना गया है। संगठन में आजीवन सदस्य चंद्रकुमार विदानी तथा कार्यकारिणी में तिलक बिंझेकर, अंजोर सिंह, राधेश्याम बिंझेकर,शिव कुमार टांडेकर, डेरहा राम टांडेकर, सुभद्रा चौधरी, रंगीता चौरे, ईमन विदानी समेत कुल 21 पदाधिकारी शामिल हैं। पदाधिकारियों के चयन से पहले उपस्थित प्रबुध्दजनों ने बताया कि यह पहला मौका है जब प्रदेश में समाज की प्रदेश स्तरीय कमेटी बन रही है। इससे पहले जिला स्तर पर समाजिक कमेटियों के जरिए समाज के विकास की रूपरेखा तैयार होती थी। छत्तसीगढ़ प्रदेश के निर्माण को दो दशक बीत जाने के बाद अब तक कोई भी प्रदेश स्तर की कमेटी नहीं बनाई गई थी। अतः समाज के पढ़े लिखे, नौकरीपेशा समेत सभी लोगों ने मिलकर एक संगठन तैयार किया और रोस्टर तैयार कर पदाधिकारियों का चयन किया। संगठन की रूपरेखा तैयार करने वाले प्रदेश सलाहकार धनेश टांडेकर ने उपस्थितजनों से कहा कि प्रदेश संगठन बहुत ही गंभीरता से अपने समाज के हित में काम करें। समाज के प्रत्येक बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं के बारे में सोचें और समाज को विकास की मुख्यधारा की ओर अग्रसर करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का अपने समाज के लोगों के प्रति कर्तव्य होता है, जिसका निष्ठा से पालन किया जाता है। हमारा समाज इस वक्त पिछड़ा हुआ है, इसे विकासशील बनाना है। जो बीत गया, उस वक्त को कोई वापस नहीं ला सकता। लेकिन अब अपनी आने वाली पीढ़ी को शतप्रशित शिक्षित, संस्कारी और मेहनती बनाना है। यह आसान नहीं है। लेकिन एकजुट होने से बड़े से बड़ा काम भी संभव है। इसलिए अब समाज को एकजुट होने की जरूररत है। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष चोवाराम टांडेकर ने कहा कि मेहनत हमारे संस्कार में है। अपनी इस संस्कार में शिक्षा और सभ्यता के सहारे हम एकजुट होकर आगे बढने की कोशिश करेंगे। इसकी शुरुआत हो चुकी है और अब हम सामाजिक, आर्थिक क्षेत्र में काम शुरू कर चके हैं। इसमें सफलता के लिए समाज के सभी लोगों का सहयोग जरूरी है। हम अपना काम जीरो से शुरू कर रहे हैं और गुरुजी तथा समाज के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ में में नया और ऐतिहासिक संगठन तैयार हुआ है। उपस्थित सामजिक जनों ने शादी ब्याह जैसे सामाजिक कार्यक्रमों में नशापान पर प्रतिबंध,बारातियों को पंगत पद्धति पर भोजन, स्व सहायता समूहों के गठन, शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने, दहेज प्रथा का बहिष्कार, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों के सहयोग-सुरक्षा संबंधित चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन होरीलाल अहिरवार तथा आभार व्यक्त लीलाराम चौधरी ने किया। इस अवसर पर डेरहा राम टांडेकर, रुपेश टांडेकर, रोहन टांडेकर समेत सैकड़ों सामाजिक जन उपस्थित थे।

# सिमगा नगर वासियों ने मिलकर चलाया साफ-सफाई अभियान



पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जनजागरूकता एवं सामूहिक प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण सिमगा नगर में देखने को मिला। जहां पर एडीएम,तहसीलदार, नगर पंचायत, अधिवक्ता संघ, प्रेस क्लब एवं विभिन्न राजनैतिक दल के सदस्यों सहित गणमान्य नागरिको के द्वारा सब्ज़ी मंडी,मुख्यमार्ग, चौक चौराहे में सफाई अभियान चलाया है। इस सामूहिक प्रयास का उद्देश्य न केवल नगर को स्वच्छ बनाना है, बल्कि सभी निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वच्छता की प्रक्रिया में भागीदार बनाना भी है। आज इस अभियान की शुरुआत स्थानीय सब-डिवीज़नल मजिस्ट्रेट अंशुल वर्मा के द्वारा की गई। उन्होने अपने संबोधन मे स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला एवं इसे हर नागरिक का कर्तव्य बताया। इस अभियान में एकजुटता यह संदेश देती है कि, स्वच्छता एक ऐसा मुद्दा है जिस पर सभी को एक साथ आकर काम करना चाहिए। यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है और हम सबको इसमें भाग लेना चाहिए। इस तरह के सामूहिक प्रयास यह साबित करते हैं कि जब सभी स्टेकहोल्डर्स एकजुट होकर किसी सामाजिक कार्य में शामिल होते हैं। तो वह कार्य न केवल सफल होता है बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाता है। उक्त अभियान में अधिवक्ता संघ प्रेस क्लब एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के सदस्य भी इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हुए। गौरतलब है की यह अभियान निश्चित ही नगरवासियों को जागरूक करने और स्वच्छता हेतु प्रेरित करने में मददगार साबित होगा।

# जिला प्रशासन, भूमाफियाओं के आगे नतमस्तक

## नाला, नहर सहित अन्य शासकीय भूमि अतिक्रमण के चपेट में

- प्रदेश के कई जिलों में हो रही कार्यवाही, धमतरी जिला इससे अछूता

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन की लापरवाही कहें या मिलीभगत कहें, इसके द्वारा भूमाफियाओं का लगाम कसने कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जिसके कारण देमार, रूद्री, करेठा, तेलीनसत्ती, हटकेशर, मुजगहन, रूद्री रोड, पीजी कॉलेज, मुड़पार जैसे क्षेत्रों में लगातार अवैध प्लाटिंग की जा रही है किंतु इन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। कलेक्टर धमतरी जिनके अधिकार क्षेत्र में समूचा जिला है, उनके द्वारा ऐसे भूमाफियाओं पर कार्यवाही करने के लिये पत्र प्रेषित कर शासन से मार्गदर्शन मांगे जाने की जानकारी प्राप्त हुई है जो कि हास्यास्पद है। शासन के प्रतिनिधि के रूप में समूचे छत्तीसगढ़ में कलेक्टर जिले का मुखिया होता है, लेकिन देखा जा रहा है कि संबंधित विभाग के द्वारा ऐसे अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमाफियाओं पर नोटिस देकर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया जा रहा है। यही नहीं, नोटिस का जवाब देना भी भूमाफियाओं को गवारा नहीं होता। ऐसे कार्यों में संलिप्त लोगों का कहना है कि हम ऊपर से नीचे तक सब लोगों को सेट करके चलते हैं इसलिये हमें किसी की परवाह नहीं है। नोटिस तो कई मिलते हैं, ये हमारे लिये बहुत साधारण सी बात है। यही कारण है कि धमतरी एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास के कार्यों को धड़ल्ले से अंजाम दे रहे हैं। तत्कालीन कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने रूद्री रोड स्थित बिना अनुमति बने एक काम्प्लेक्स पर बुलडोजर चलवाकर यह संकेत दिया था कि जिले में नियम विरूद्ध कोई काम बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद जिला पूरी तरह खामोश नजर आ रहा है और भूमाफिया दनादन अवैध प्लाटिंग कर जिला प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं।

शहर एवं जिले के आसपास भूमाफियाओं द्वारा सस्ती जमीनों को खरीदकर उसमें रेरा एवं अन्य विभागों की अनुमति के बगैर धड़ल्ले से निर्माण कार्य किया जा रहा है। हद तो यह है कि जिन स्थलों पर निगम द्वारा बोर्ड लगाकर आमजनों को उक्त स्थल पर किसी भी प्रकार का पंजीयन कार्यवाही कराने की हिदायत दी गई है, उस बोर्ड के पीछे ही ऐसे निर्माण कार्य जारी हैं जिसका प्रमाण हटकेशर से दिया जा सकता है जहां निगम का बोर्ड अभी भी लगा हुआ है लेकिन धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग और अवैध निर्माण बदस्तूर जारी है। अब तक देखा गया है कि ऐसे अवैध विकास के लिये नोटिस तक अधिकारी सीमित हैं, उसके बाद ये झांककर भी उक्त स्थल का मुआयना नहीं करते। जैसा कि पूर्व कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के कार्यकाल के दौरान अपर कलेक्टर जी एस मरकाम द्वारा शहर के पांच लोगों द्वारा जो निर्माण कार्य कराये जाने में लिप्त रहे, वहां पहुंचकर इन्होंने निर्माण सामग्रियों को जप्त किया था। साथ ही साथ अवैध प्लाटिंग हो रहे कुछ खसरा नंबर के भूमि के क्रय विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके बाद नाटकीय घटनाक्रम में 26 दिन उक्त आदेश को शिथिल कर दिया गया और इसके बाद तो मानो भूमाफियाओं की लॉटरी निकल आई हो और इसके बाद अनेक नये स्थानों पर अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास का खेल इनके द्वारा खेला जा रहा है। पूर्ववर्ती सरकार के समय ऐसे स्थलों में निर्माण कार्य द्रुतगति से जारी रहा और वहां अवैध प्लाटिंग की गई। इस मामले को लेकर जागरूक नागरिकों ने पूर्ववर्ती शासन काल में शिकायतें प्रेषित की थी जिसे रद्दी की टोकरी में डालकर ऐसे लोगों को प्रश्रय दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि पूर्व वर्षों में जब रजत बंसल यहां के कलेक्टर हुआ करते थे वे ऐसे अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरूद्ध ग्राम नगर निवेश, राजस्व अमले की टीम बनाकर धमतरी एवं आसपास के क्षेत्रों में चल रही अवैध प्लाटिंग करने वालों पर शिकंजा कसा था। उनके जाने के बाद ऐसे लोगों का कार्य फिर से प्रारंभ हो गया। उस समय की गई कार्यवाही को जान बूझकर संबंधित विभागों ने रोक दिया। कलेक्टर के अधिकार में ऐसे अवैध निर्माण कार्यों को रोकने का पूरा पूरा दायित्व है परंतु शासन से ऐसे लोगों पर कार्यवाही करने के लिये पत्र प्रेषित कर मार्गदर्शन मांगना जागरूक लोगों को पच नहीं रहा है। इनका कहना है कि अवैध निर्माण के लिये जिस तरह गरीब लोगों पर कार्यवाही की जाती है, वैसे ही कार्यवाही जिला मुखिया को कराये जाने का अधिकार है। लेकिन भूमाफियाओं को छूट देने का ये एक नया तरीका निरूपित करते हुए ऐसे लोगों पर सख्ती के साथ कार्यवाही किया जाना चाहिये जैसा कि दूसरे जिलों में होता आ रहा है और ऐसे लोगों पर दूसरे जिलों में एफआईआर तक दर्ज कराई जा रही है। लेकिन यहां एक भी ऐसा मामला नहीं बना है जिसके कारण ऐसे लोगों के हौसले बुलंद हैं।

भूमाफियाअें के द्वारा जिला प्रशासन के लिये सदैव एक चुनौति दी जा रही है कि हमारा कोई बाल बांका नहीं कर सकता। हमारी पहुंच ऊपर तक है, यही वजह है कि एक को मौसी एक को मां की कहावत चरितार्थ हो रही है। एक ओर गरीबों के द्वारा किये गये अतिक्रमण करने वाले एवं सड़क के आसपास बैठकर अपना जीविकोपार्जन करने वाले तत्काल वहां से बेदखल करने जेसीबी लेकर हटाया जाता है। ऐसे ही कार्यवाही भूमाफियाओं के द्वारा अवैध प्लाटिंग पर क्यों नहीं की जाती, यह समझ से परे है। अनेक शिकायतों के बाद अवैध निर्माण को लेकर बारंबार की जाने वाली शिकायत नजरअंदाज कर दिया जाता है। दलील दी जाती है कि आचार संहिता के कारण हम कार्य में फंसे हुए हैं परंतु अब चुनाव का दौर छत्तीसगढ़ में समाप्त हो चुका है। यहां की 11 सीटों पर मतदान संपन्न हो चुके हैं।

धमतरी जिले में भी लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुका है। अब जिला प्रशासन को चाहिये कि जमीन संबंधित अवैध निर्माण के संबंध में जो जानकारी एवं शिकायतें कार्यालय में फाईलों में कैद पड़ी हुई है, उसे निकालकर ऐसे लोगों पर तत्काल कार्यवाही की जाये। ऐसी स्थिति को देखकर लोगों ने कहना शुरू कर दिया है कि जिला प्रशासन भूमाफियाओं के आगे नतमस्तक हो गया है। इसी वजह से नाला, नहर सहित अन्य शासकीय भूमि में भी अतिक्रमण किया जा रहा है।

## सत्संग से ही समाज का सुधार होगा : संत रामपाल

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



संत रामपाल महाराज के सानिध्य में मुंगेली जिले में एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया। इस सत्संग में उन्होंने समाज के सुधार पर जोर दिया और बताया कि सच्चे सतगुरु के सत्संग से ही मानव को सच्ची साधना और मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने आधुनिक समाज में व्याप्त विकारों जैसे चोरी, नशा, दहेज, रिश्वत आदि के निवारण पर जोर दिया। संत रामपाल जी महाराज जी ने रक्तदान को महादान बताते हुए, समाज सेवा के अन्य कार्यों के साथ-साथ रक्तदान महाअभियान के महत्व को भी रेखांकित किया। उनकी पुस्तकें जैसे श्ज्ञान गंगाश, श्जीने की राहश, और श्गीता तेरा ज्ञान अमृतश् के प्रचार के माध्यम से वे तत्व ज्ञान को जन-जन तक पहुँचा रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि समाज इस ज्ञान को समझे और मानव जीवन की कीमत को पहचाने। सत्संग में उन्होंने कहा कि ज्ञान ही वह प्रकाश है जो हमारे आत्मा को निर्मल करता है और समाज को विषय विकारों से मुक्त कर सुखद समाज का निर्माण करने में सहायक होता है। उन्होंने कबीर साहेब के तत्व ज्ञान को सर्वोच्च बताया और लोगों से इसे ग्रहण करने और अपने मानव जीवन का कल्याण करने का आह्वान किया। सत्संग में विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रोतागण और सेवादार,तरुण भास्कर, मुरली गबेल,विश्वनाथ साहू, प्रमोद भास्कर, नेतराम गबेल, दीपक गबेल, हेमू साहू आकाश भास्कर, मनोज साहू, धनसाय दास, संजय दास, संगीता साहू, थानेश्वरी गबेल, चंद्रवती गबेल, पुष्पा साहू, मंदाकनी साहू आदि उपस्थित थे।

## सर्व ब्राम्हण परिषद मुंगेली द्वारा भगवान परशुराम जयंती मनाई गई

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com








सर्व ब्राम्हण परिषद मुंगेली द्वारा भगवान परशुराम जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर पालिका विद्यालय से भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर भ्रमण कर वापिस नगर पालिका विद्यालय पहुची जहाँ आराध्य भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना, महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। विष्णु भगवान के छटवें अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव उपलक्ष्य में सर्व ब्राम्हण परिषद द्वारा पूजा-अर्चना गिरीश शुक्ला,अवधेश शुक्ला,पं वीरेंद्र तिवारी, स्वतंत्र मिश्रा, रोहित शुक्ला द्वारा कर भव्य शोभयात्रा निकाली गयी। भगवान परशुराम के भव्य प्रतिमा के साथ ढोल, धुमाल, डीजे व आतिशबाजी के साथ भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में भगवान परशुराम जी की विशाल प्रतिमा सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा नगर पालिका स्कूल से निकल कर सरदार वल्लभ भाई पटेल सभा भवन होकर पुलपारा, पाठकपारा, बड़ा बाजार, गुरुद्वारा होते हुए मलहा पारा नंदी चैक, शंकर मंदिर से देवांगन पारा होते हुए माँ परमेश्वरी (बालानी) चौक, महाराणा प्रताप चौक पड़ाव से होकर पुनः बालानी चैक से मलाई घाट, ठाकुरदेव मंदिर होकर परशुराम चौक पुराना बस स्टैण्ड फिर नगर पालिका स्कूल पहुँच कर सभा के रूप में परिणित हुई जहां भगवान परशुराम जी की भव्य महा आरती विप्रजनों ने किया। परशुराम जी की झांकी व शोभायात्रा का जय स्तंभ चैक में प्रभात तिवारी, आशीष तिवारी, शशांक तिवारी, चन्द्रकला ने आस्तिक मेडिकल के पास सागर पाठक, विनय मिश्रा, पुलपारा में स्वतंत्र मिश्रा, आशीष मिश्रा, सुनील पाण्डेय, सौरभ बाजपेयी, अनीश पाण्डेय, लेखनी पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, पाठक पारा में प्रमोद पाठक, शैलेश पाठक, विश्वनाथ पाठक, अरुण पाठक, सुनील पाठक, योगेश शर्मा, प्रशांत शर्मा, राजू पाठक, मनोज मिश्रा, सागर पाठक, दीपक तिवारी, उर्वशी पाठक, मंजुला शर्मा, रजनी पाठक, पूनम पाठक, स्वीटी पाठक, डॉ सरोज पाठक, उषा पाठक, अनिता तिवारी, पूनम चैबे, संध्या उपाध्याय, रानी मिश्रा, कल्पना मिश्रा, रश्मि तिवारी, आराधना तिवारी खेढ़ा, अमिता मिश्रा ने स्वागत किया। बड़ाबाजार में प्रिया प्रिंटिंग प्रेस परिवार ने संजीव गौरहा के नेतृत्व में कुल्फी, लस्सी आदि से शोभायात्रा में शामिल विप्रजनों का स्वागत किया। नंदी चैक में रायपुर रोड के विप्रजनों ने स्वागत किया। महाराणाप्रताप चैक पड़ाव में मोहन उपाध्याय, रघुनाथ पाण्डेय, स्वतंत्र तिवारी, आयुष शुक्ला, धीरज पाण्डेय, परशुराम चैक पुराना बस स्टैण्ड में वीरेंद्र पौराणिक, निधि पौराणिक ने स्वागत किया। शोभायात्रा में डी.जे. के पश्चात महिला एवं युवतियों की टीम भगवान परशुराम को जयकारे लगाते रहे।

## विहिप, बजरंग दल का प्रांत स्तरीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग, जिले के युवाओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com








विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल जिला के युवाओं ने शौर्य, वीरता, साहस का, राजधानी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और सशस्त्र राजधानी में शौर्य यात्रा बीरगांव में निकाला एवं रात्रि में प्रांत एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों के समक्ष अखाड़ा का प्रस्तुति करण किया जिसमें तलवार बाजी, येष्टि, दण्ड, नान चाक, ताइक्कांडो, युद्ध कला का प्रदर्शन किया। एक बजरंगी को दस बजरंगियों से लड़ाया गया। एक से एक, एक को दो और एक को समूह से सभी घातक हथियारों से लड़वाया गया। युद्ध कला के दौरान रायफल चलाने का भी प्रशिक्षण दिया गया। राजधानी बजरंगियों के जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। पथ संचलन के दौरान बहुत कड़ी पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था की गई थी जिसमे लगभग 100 से अधिक विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया था। धमतरी जिले के बजरंगियों का उत्साहवर्धन करने के लिए जिले से जिला अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, जिला मंत्री रामचंद्र देवांगन, गौरक्षा प्रमुख मानव एवं प्रखंड से चित्रेश साहू भी सम्मिलित हुए एवं प्रांतीय, राष्ट्रीय पदाधिकारियों से मुलाकात भी की एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई जिसमे गौ माता को राजमाता बनाने, धर्मांतरण पर कठोर कानून लाने एवं ईश निंदा कानून, राज्य सरकार द्वारा लागू करने हेतु प्रस्ताव लाने एवं उग्र आंदोलन राज्य स्तर पर करने हेतु चर्चा की गई। उपरोक्त कानून पर मांग का प्रदर्शन सर्वप्रथम धमतरी जिले से आगाज करने का प्रस्ताव रखा गया एवं प्रांतीय कार्यकारणी से प्रांतीय सहमंत्री घनश्याम चौधरी द्वारा जिले में बजरंगियों के प्रशिक्षण आरम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया। विभूति भूषण द्वारा जिले को भगवामय सनातन संस्कृति और परम्परा के अनुरूप हिंदुओ में संस्कार के प्रति प्रेरित करने कहा गया। राष्ट्रीय पदाधिकारी द्वारा कानून का अच्छे से अध्ययन कर प्रस्ताव लाने हेतु जिला कार्यकारिणी को प्रेरित किया गया। जिले की टीम को संदीप अग्रवाल एवं रामचंद्र देवांगन ने शुभकामनाएं दी। जिला कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आर्यावर्त में भगवा ध्वज और हिन्दू राष्ट्र राम राज्य निर्माण के लिए आवश्यक है कि सम्पूर्ण हिन्दुओ को उनके षोडस संस्कार, चारों आश्रम व्यवस्था एवं पुरुषार्थ के समस्त गुणो से परिचित करवाया जाए। भारत माता को परमवैभव के शिखर पर पहुंचाना एवं इस राष्ट्र पुरुष को विश्व गुरु बनाने के लिए हम सबको शपथ लेने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में समूह का प्रतिनिधित्व जिले के दीपक सोनी, रवि मगरलोड द्वारा किया गया।

## थाना क्षेत्रान्तर्गत चल रहे नकली समान बिजली तार बिक्री पर मुंगेली पुलिस द्वारा कापीराईट एक्ट के तहत की गयी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com






उप पुलिस महानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक मुंगेली गिरिजा शंकर सहायक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्ग दर्शन एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सालिकराम घृतलहरे के पुलिस अधीक्षक मुंगेली के निरीक्षक तेजनाथ सिंह एवं स्टाफ के द्वारा 18 मई को प्रार्थी विशाल मंडल पिता स्व. सत्यनाराण मंडल उम्र 31 पता अनाथ बाबू बाजार लेन कोलकाता (पश्चिम बंगाल) थाना बरतल्ला जिला कोलकाता द्वारा प्रस्तुत एक लिखित आवेदन पत्र वर्ष जो कि जय शक्ति इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल्स पता पंडरिया रोड सेंट जेवियर्स स्कूल पानी प्लाजा के पास जिला मुंगेली के मालिक सनद कुमार उम्र 38 वर्ष पिता मनी राम साहूकार पता ग्राम फंदवानी पोस्ट फंदवानी थाना सिटी प्लांट जिला मुंगेली द्वारा हमारी कंपनी एम/एस आर.आर काबेल लिमिटेड के नाम से नकली तार लगाया जा रहा है साथ में सस्ता एवं सस्ता माल बेचकर कंपनी की छत धूमिल कर रहे हैं तथा कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है सरकार को सही से टैक्स ना देकर चोरी की जा रही है तथा स्वयं के द्वारा अपराध कारित कर सुविधाजनक लाभ कमाया जा रहा है। बुजुर्ग द्वारा आर. आर. कंपनी का डुप्लिकेट तार को दुकान में बिक्री करने के संबंध में जो थाना सिटी प्लांट मुंगेली में क्राइम कमांड 234/24 धारा कैपिराइट अधिनियम 1957 आरके धारा 63 ए 65 का अपराध धारा 63 ए 65 का अपराध धारा 63 ए 65 का अपराध धारा 63 ए 65 का अपराध शाखा में स्थापित कर दिया गया है। विवेचना में लिया गया है।

**प्लास्टिक इंजीनियरिंग क्षेत्र में शत् प्रतिशत रोजगार की गारंटी**

## विद्यार्थी अपने रुचि व क्षमता अनुसार विषय का चयन करें : उमेश साहू


पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com





सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष साथ ही समाजसेवी उमेश साहू ने धमतरी जिले के अंतर्गत आयोजित साहू समाज बानगर परिक्षेत्र के द्वारा आयोजित समर कैंप में पहुंचकर बच्चों को संकल्प शक्ति से अपने जीवन अपने सुनहरे भविष्य को गढ़ने के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं उसको प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा कि दसवीं के बाद बच्चे जिस क्षेत्र में अपना भविष्य तय करना चाहते हैं, जिस क्षेत्र में बच्चे काम करना चाहते हैं, जिस क्षेत्र में बच्चे रुचि रखते हैं, उस रुचि के अनुसार उनका विषय का चयन करना चाहिए और विषय चयन करने में परेशानी आने पर अपने पालक, शिक्षक अपने आसपास रहने वाले ऐसे सज्जन वरिष्ठजन से मार्गदर्शन लेकर उस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि ज्यादातर बच्चे अपने दोस्तों के हिसाब से या अपने आप को कम क्षमतावान समझकर विषय का चयन करते हैं जो सही नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर हम किसी विषय पर आगे बढ़ना चाहते हैं तो निश्चित रूप से सबसे पहले हमें संकल्पित होने की आवश्यकता है। संकल्प की शक्ति जीवन में ब्रह्मास्त्र के रूप में काम करती है। जैसे कि संकल्प लेकर के हम अपने जीवन में उपवास धारण करते हैं और उसे सफल करते हैं ठीक उसी तरह संकल्प लेकर अगर हम अपने रुचि अनुसार विषय लेकर के पूरी मेहनत के साथ ईमानदारी के साथ पढ़ाई करेंगे तो निश्चित रूप से हम सफल होंगे और यदि किसी कारणवश हमें सफलता प्राप्त नहीं भी हुई तो हमें निराश होने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि हमारा स्वयं का जीवन हमारे लक्ष्य से बड़ा नहीं है। लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर हम निराश होकर गलत कार्य जो नहीं करना चाहिए जैसा कार्य करने का प्रयास करते हैं जो घर परिवार समाज के लिए हितकारी नहीं होता है। इसलिए असफल होने पर भी आगे और प्रयास करते रहना चाहिए। भारत सरकार द्वारा संचालित प्लास्टिक इंजीनियरिंग कॉलेज के अस्सिटेंट प्रोफेसर दिलीप साहू के द्वारा प्लास्टिक इंजीनियरिंग के विषय में सविस्तार जानकारी दी गई। 29 मई तक फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बताई गई। उसके बाद एंट्रेंस एग्जाम में पास होने पर वहां दाखिल होने की बात बताई गई। उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया में प्लास्टिक की बहुत बड़ी डिमांड है जिसके कारण भारत के भीतर बड़ी.बड़ी इंडस्ट्री स्थापित हो चुकी है जिसमें बहुत ज्यादा संख्या में स्टाफ इंजीनियरों की जरूरत है जहां भारत सरकार द्वारा स्थापित प्लास्टिक इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों को प्रथम प्राथमिकता के क्रम में रखा जाता है। प्लास्टिक के विषय में सिंगल यूज़ प्लास्टिक को सरकार ने बेन कर रखा है जिस पर हमें जागरुक होने की जरूरत है।

इस पर भी सविस्तार चर्चा की गई और डबल यूज प्लास्टिक कैसे होता है, उसकी उपयोगिता कैसे होती है, उसकी रीसाइकलिंग कैसे होती है, इस पर भी सविस्तार चर्चा की गई और इस कोर्स को करने के बाद शत् प्रतिशत रोजगार शुदा होने की गारंटी यह कॉलेज देती है इस पर सविस्तार आए प्रोफेसर के द्वारा चर्चा की गई है। वहां उपस्थित साहू समाज बानगर के परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रेमलाल साहू के द्वारा भी बच्चों को मोटिवेट किया गया।



# बड़ी फिल्में देखने से अच्छा है कि लोग अच्छी फिल्म देखने जाएं

मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी जल्द ही रिलीज होने जा रही है। बॉक्स ऑफिस से गायब रौनक पर एक्टर बोले-जब कोई फिल्म 400 करोड़ कमाती है तो आप उनकी लागत भी देखिए। उन्होंने आगे कहा- बड़ी फिल्में देखने से अच्छा है कि लोग अच्छी फिल्म देखने जाएं। पिछले कुछ अरसे से बॉक्स ऑफिस से रौनक गायब है। वहीं मई के महीने में भी चुनिंदा फिल्में ही रिलीज हो रही हैं। इनमें एक मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी भी है। काफी अरसे से ओटीटी पर अपना दम दिखा रहे मनोज कहते हैं कि पिछले दिनों सिनेमा पर आई उनकी फिल्म जोरम महज 250 स्क्रीन पर रिलीज हुई थी। अब सिनेमा पर अपनी फिल्म भैया जी से ही वापसी करेंगे। जब हमने मनोज से पूछा कि पहले कई फिल्में 100 करोड़ कमाती थीं, लेकिन अब ऐसा हो रहा है कि या तो फिल्में 200-400 करोड़ कमाएंगी या 50 करोड़ तक भी नहीं पहुंच पाएंगी। क्या दर्शकों की सोच में कुछ बदलाव महसूस कर रहे हैं? इसपर उन्होंने कहा, जब कोई फिल्म 400 करोड़ कमाती है तो आप उनकी लागत भी देखिए, जो काफी ज्यादा होती है। वहीं जब 12वीं फेल जैसी कोई फिल्म आती है, तो उसकी लागत भी कम होती है। अगर आप देखेंगे तो दोनों का बराबर ही रहेगा। बेशक 12वीं फेल ने 400 करोड़ ना कमाए हों, लेकिन अपने बजट के हिसाब से भी वह एक सफल फिल्म रही है।

### जब तक दर्शक थियेटर में जाकर देखेगा नहीं तो पता कैसे चलेगा

बकौल मनोज, हमें हमेशा यह देखना चाहिए कि कौन सी फिल्म ने कितना कमाया, उसके हिसाब से आप फिल्म को आंक सकते हैं। लेकिन मेरा यह भी मानना है कि जब तक दर्शक थियेटर में जाकर देखेगा नहीं तो आपको पता कैसे चलेगा कि फिल्म पसंद आई की नहीं। तो जरूरी है कि दर्शक फिल्म देखें।

उन्होंने आगे कहा, दर्शक ओटीटी पर देख रहे हैं और ओटीटी से ज्यादा अच्छा कॉन्टेंट कहीं नहीं है। जितने भी नए-नए डायरेक्टर, ऐक्टर, कहानियां ओटीटी पर आ रही हैं, इतने पहले कभी भी हमारे सिनेमा में नहीं आए। फिल्मों की एक अजीब बीमारी हो चुकी है कि मूवी अगर 200 करोड़ कमाए तो अच्छी फिल्म है, जो मुझे समझ नहीं आता है। जो फिल्म 5-7 करोड़ कमाती है, वो मैंने देखी हुई हैं और वो ज्यादातर फिल्में अच्छी होती हैं। अगर दर्शक ज्यादा से ज्यादा उन फिल्मों को देखने जाएंगे, तो इन फिल्मों को पैसे मिलेंगे और ऐसी फिल्में ज्यादा बनेंगी। बड़ी फिल्में देखने से अच्छा है कि लोग अच्छी फिल्म देखने जाएं।



# ऋचा चड्ढा से लेकर बॉबी देओल तक, छोटी भूमिकाओं के बाद भी स्क्रीन पर छाए ये सितारे

**फिल्म आनंद का एक डायलॉग जिंदगी बड़ी होनी चाहिए, लंबी नहीं काफी ज्यादा मशहूर हुआ था। यही बात किरदारों पर भी लागू होती है। आज हम आपको कुछ ऐसे अभिनेताओं के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्होंने कम स्क्रीन टाइम में भी अपनी अदाकारी से लोगों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी। आइए जानते हैं...**

### ऋचा चड्ढा

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार की चर्चा इन दिनों हर तरफ हो रही है। इस शो में कई अभिनेत्रियों ने काम किया है, लेकिन ऋचा चड्ढा ने लज्जो के रूप में लोगों पर गहरा प्रभाव डाला है। इस वेब सीरीज में उनके अभिनय की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं। अपनी अदाकारी से उन्होंने इस छोटे से रोल में भी जान फूंक दी है।

### तृप्ति डिमरी



रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बीते साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी। संदीप रेड्डी वंगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृप्ति डिमरी कैमियो रोल में नजर आई थीं। फिल्म में अपने प्रदर्शन से उन्होंने लोगों का दिल जीत लिया था। इस फिल्म के बाद तृप्ति की लोकप्रियता में गजब का इजाफा देखने को मिला है।

### बॉबी देओल

एनिमल में बॉबी देओल भी कैमियो रोल में नजर आए थे। कम स्क्रीन टाइम के बावजूद अपनी एक्टिंग से उन्होंने लोगों के मन में अमिट छाप छोड़ी थी। फिल्म में उनका जमाल कुडू स्टेप काफी ज्यादा पसंद किया था। इस फिल्म के बाद बॉबी जल्द ही कंगुवा में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वे नकारात्मक भूमिका में हैं।

### विक्की कौशल



राजकुमार हिरानी की डंकी में विक्की कौशल ने अपने किरदार से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। अपने सीमित स्क्रीन समय के बावजूद, विक्की ने अपनी भूमिका को गहराई और भावना से भर दिया था। वे जल्द ही छावा और बैड न्यूज जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

# भारत को रिप्रेजेंट करने कान फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना हुई कियारा



**एक्ट्रेस कियारा आडवाणी 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए मुंबई से रवाना हो गई हैं। एक्ट्रेस को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देखा गया। उन्होंने क्रीम कलर की आउटफिट और मैचिंग स्नीकर्स के साथ लाइट ब्राउन लॉन्ग जैकेट पहनी, साथ ही अपने बालों का बन बनाया हुआ था।**

कियारा 18 मई को कान में भारत को रिप्रेजेंट करेंगी और रेड सी फिल्म फाउंडेशन में वीमेन इन सिनेमा गाला का हिस्सा बनेंगी। वह कान में वैनिटी फेयर द्वारा आयोजित सिनेमा गाला डिनर में भी शामिल होंगी। ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी और शोबिता धूलिपाला जैसी अन्य एक्ट्रेस भी इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में होंगी। इस साल इस फेस्टिवल में भारत का उल्लेखनीय प्रतिनिधित्व है, जिसमें विभिन्न वर्गों के तहत सात फिल्में दिखाई जाएंगी। 30 सालों के बाद कान फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डीओर पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट होगी, जिसकी 23 मई को फेस्टिवल में स्क्रीनिंग होगी। मलयालम फिल्म दो रूममेट्स की कहानी है जो एक अस्पताल में नर्स के रूप में काम करती हैं। प्यार और आत्म-खोज कैसे उनके दृष्टिकोण में बदलाव लाते हैं, यही कहानी का सार है।



# खुशी कपूर के साथ अनटाइटल्ड फिल्म की तैयारी



में आमिर के बेटे जुनैद खान बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के बेटे जुनैद खान ने एक्ट्रेस खुशी कपूर के साथ अपनी तीसरी अनटाइटल्ड फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा, फ्रजुनैद ने पहले ही दो फिल्मों की शूटिंग पूरी कर ली है और अब वह अपने तीसरे प्रोजेक्ट के लिए तैयार हैं, जो पिछली दो फिल्मों से बहुत अलग है। उनकी अगली अनटाइटल्ड फिल्म में वह खुशी कपूर के साथ दिखेंगे, जिसको लेकर फैंस के बीच काफी उत्सुकता है। जुनैद ने अपने प्रोजेक्ट महाराजा और साई पल्लवी के साथ अनटाइटल्ड फिल्म पूरी कर ली है। महाराजा कथित तौर पर 1862 के महाराजा लिबेल केस से प्रेरित है। इसमें जयदीप अहलावत और शारवरी वाघ भी हैं, कथित तौर पर जुनैद एक रिपोर्टर की भूमिका निभाएंगे। हालांकि, फिल्म की अन्य जानकारियां अभी भी गुप्त हैं।

# फिल्म इश्क विश्क रीबाउंड से डेब्यू करेंगी पश्मीना

रोहित सराफ, पश्मीना रोशन, जिबरान खान और नायला ग्रेवाल स्टारर फिल्म 'इश्क विश्क रीबाउंड' का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर में ट्विस्ट के साथ मॉर्डन लव की झलक मिली। यह फिल्म 2003 में रिलीज हुई शाहिद कपूर और अमृता राव स्टारर सुपरहिट फिल्म 'इश्क विश्क' की सीक्वल है।

### रोहित बोले- यह उस टाइप की कहानी नहीं

एक मिनट के इस टीजर की शुरुआत रोहित सराफ के डायलॉग से होती है। इसमें वो कहते हैं- 'कहते हैं जब किसी से प्यार हो जाए तो सबमें उसी का चेहरा दिखता है। यह उस टाइप की कहानी नहीं है।' इसके बाद टीजर में 4 दोस्तों के बीच दोस्ती, प्यार और लड़ाई की झलक दिखती है। रोहित के अपोजिट इस फिल्म से ऋतिक रोशन की कजिन पश्मीना रोशन बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं। वहीं फिल्म में जिबरान और नायला भी अहम रोल में होंगे।

### 21 जून को थिएटर्स में होगी रिलीज

इसे मराठी एक्टर-डायरेक्टर निपुण अविनाश धर्माधिकारी ने डायरेक्ट किया है। बतौर डायरेक्टर यह उनकी पहली हिंदी फिल्म है। फिल्म 21 जून को थिएटर्स में रिलीज होगी।

इश्क विश्क से शाहिद ने किया था बॉलीवुड डेब्यू

इससे पहले साल 2003 में रिलीज हुई इसी फ्रेंचाइज की पहली फिल्म इश्क विश्क से शाहिद कपूर ने बॉलीवुड डेब्यू किया था। फिल्म स्लीपर हिट थी। 5 करोड़ में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 12 करोड़ रुपए कमाए थे।





# धोनी के बारे में बोलीं जान्हवी कपूर

फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। ये क्रिकेट पर बेस्ड फिल्म है। कल यानी मंगलवार की शाम फिल्म के सॉन्ग लॉन्च इवेंट में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव पहुंचे। मीडिया के साथ सवाल जवाब में उनसे रू धोनी से जुड़ा सवाल किया गया। जब उनसे पूछा गया कि वो महेंद्र सिंह धोनी के कितने बड़े फैन हैं और क्या उन्हें ये फिल्म दिखाएंगे? इस पर राजकुमार राव ने कहा- हम क्याज्पूरी दुनिया उनकी फैन है। हम उन्हें बहुत प्यार करते हैं। वहीं जान्हवी ने कहा- हम सभी उनके फैन हैं। उन्होंने हमारे देश के लिए बहुत कुछ किया है। मैं ये कहना चाहूंगी कि सिर्फ क्रिकेटर होने के नाते हम उनसे प्यार नहीं करते हैं। उनका मिजाज, उनके उसूल और वो जिस तरह के इंसान हैं, उनका पूरा व्यक्तित्व मुझे बहुत पसंद है।

जान्हवी ने कहा मुझे याद है एक बार धोनी ने अपने इंटरव्यू में कहा था- नतीजे के बारे में नहीं है, प्रोसेस के बारे में है। प्रोसेस को ईमानदारी ने निभाओगे, मेहनत करोगे तो नतीजा अपने आप दिख जाएगा। आपके मेहनत करने के बाद नतीजा ना भी दिखे तो फर्क नहीं पड़ता है। जान्हवी का कहना है कि फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' महेंद्र सिंह धोनी की इस लाइन पर बनी है। जान्हवी उम्मीद करती हैं कि वो फिल्म में इस बात को ठीक तरीके से दिखा पाएं। एक्ट्रेस ने कहा कि हम उन्हें और उनकी वाइफ साक्षी धोनी को ये फिल्म दिखाना चाहते हैं, लेकिन मुझे लगता है वो काफी बिजी होंगे।

बता दें, इस फिल्म में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर के बीच शानदार लव केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। दोनों की साथ में यह दूसरी फिल्म है। इससे पहले उन्हें 2021 की फिल्म रूही में देखा गया। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जब उनसे पूछा गया कि धोनी की सबसे अच्छी क्वालिटी क्या लगती है? इस पर राजकुमार ने कहा- वो इतने बड़े लीजेंड हैं, लेकिन जिस तरह से वो टीम को लीड करते हैं, वो तारीफ के काबिल है। धोनी बहुत डाउन टु अर्थ और हंबल इंसान हैं। हमें उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनके अंदर किसी भी हालात से डील करने की अच्छी समझ है। जान्हवी ने कहा- हाल ही में मैं उनसे एक फंक्शन में मिली थी। वहां कई लोग उनके साथ सेल्फी लेने आ रहे थे, लेकिन वो केवल सेल्फी देकर हट नहीं रहे थे बल्कि उन लोगों के साथ खड़े होकर बड़े ही तमीज से बात भी कर रहे थे। उनका औरा ही सबसे अलग है। ट्रेलर से मालूम पड़ता है कि यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें रोमांस भी देखने को मिलेगा।

# कांस फिल्म फेस्टिवल में फिल्म 'मंथन' की स्क्रीनिंग अटैंड करेंगे प्रतीक बब्बर

ऐश्वर्या राय, कियारा आडवाणी, अदिति राव हैदरी और शोभिता धुलिपाला के बाद अब जैकलीन फर्नांडीज, प्रतीक बब्बर और छाया कदम भी कांस फिल्म फेस्टिवल अटैंड करने जा रहे हैं।

### 'मंथन' के प्रीमियर में पहुंचेंगे प्रतीक बब्बर

जैकलीन, कियारा, अदिति के अलावा इस साल प्रतीक बब्बर भी कांस में नजर आएंगे। प्रतीक वहां अपनी मां दिवंगत एक्ट्रेस स्मिता पाटिल की फिल्म 'मंथन' का प्रीमियर अटैंड करेंगे। प्रतीक भी गुरुवार को कांस रवाना हो चुके हैं। इस प्रीमियर में प्रतीक के साथ एक्टर नसीरुद्दीन शाह भी शामिल होंगे। वो 1976 में रिलीज हुई फिल्म 'मंथन' का हिस्सा थे। यह फिल्म इस साल कांस क्लासिक सिलेक्शन कैटेगरी में सिलेक्ट हुई है। कांस में इस साल फिल्म मंथन का प्रीमियर होगा। फिल्म में स्मिता पाटिल के अलावा नसीरुद्दीन शाह और गिरीश कर्नाड जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे।



# शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस 26 मई को निकाली जाएगी भव्य कलश यात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

श्री हटकेश्वर नाथ महादेव की असीम कृपा से नगर पालिका अम्लेश्वर मे शिवमहापुराण कथा का आयोजन 27 मई से 2 जून तक किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय शिव महापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा अपने श्रीमुख से नगर में शिव महापुराण कथा का प्रवाह करेंगे। ज्ञातव्य हो कि 26 मई को सायं 4 बजे श्री हटकेश्वर महादेव घाट से भव्य कलश यात्रा निकलेगी जो सम्पूर्ण नगर भ्रमण कर कथा स्थल में समाप्त होगी जिसमे हजारों शिवभक्त शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 मई को ही पंडित प्रदीप मिश्रा का भी आगमन होगा उनका भव्य स्वागत समाज सेवी आयोजक गण मोनू साहू जिला पंचायत सभापति, पवन खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल, वंदना खंडेलवाल, सागर खंडेलवाल के नेतृव में किया जाएगा। कथा की तैयारी और व्यवस्था को लेकर 19 मई को महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसमे उपस्थित शिवभक्तों को जानकारी दी गई कि 25 मई को पुनः बैठक किया जाएगा जिसमे सभी कार्यकर्ता को पास और बेच दिया जाएगा और 26 मई को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमे हजारों की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल







होंगी। प्रतिदिन व्यवस्था को लेकर बैठक की जा रही है। बैठक को संबोधित करते हुए मोनू साहू ने कहा कि किसी भी शिव भक्त को परेशानी न हो जिसके लिए पार्किंग व्यवस्था ग्रीन आर्मी द्वारा किया जाएगा, पानी के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है। वुड आइलैंड कालोनी में भोजन की व्यवस्था की गई है, 55 एकड़ के पावन भूमि में शिव महापुराण कथा पंडाल लगाया जा रहा है। लगभग 40 एकड़ में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। शिवभक्तों की कथा स्थल में जाने के लिए 8 प्रवेश द्वार बनाया गया है। सभी कार्यकर्ताओं को अपना दायित्व समझ कर व्यवस्था को व्यवस्थित करना और संभालना है। व्यवस्था प्रभारियों से समाज सेवी बसंत अग्रवाल ने जानकारी लेकर विभागों का प्रभार संबंधितों को सौंपा। चिकित्सा विभाग, पानी की व्यवस्था, भोजन की व्यवस्था, आवास व्यवस्था, पेय जल टैंकर व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा कर आगामी बैठक तक व्यवस्थित करने की बात कही गई। उक्त अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्या हर्षा चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष रामबाई गजानंद सिन्हा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश ठाकुर, तहसील साहू समाज के अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, कुर्मी समाज पाटन राज प्रधान युगल किशोर, लोकमनी चंद्राकर, जनपद सभापति दिनेश साहू, रूपचंद साहू, संदीप मिश्रा, सतनामी समाज के तहसील अध्यक्ष संत राम कुर्रे, सुरेंद्र साहू पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और

# आरोपी से 1,980 रूपये मोबाईल एवं सट्टा-पट्टी जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत 17.05.2024 को थाना खम्हरिया स्टाफको जरिये मुखबिर से सुचना मिला कि त्रिमुर्ति चौक के पास वार्ड नंबर 14 खम्हरिया में एक व्यक्ति अवैध रूप से लोगो को आमजगह पर विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है कि सुचना पर थाना खम्हरिया स्टाफ मौके पर पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान आरोपी को विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखकर जुआ खेलाते पकडा गया। थाना खम्हरिया में जुआ सट्टा का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। आरोपियों के पास से कुल जुमला नगदी रकम 1,980/- रूपये, मोबाईल एवं सट्टा-पट्टी, पेन जप्त किया गया हैं।

# साहू समाज युवा प्रकोष्ठ ने किया 55 यूनिट रक्तदान

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में 18 मई को मां भानेश्वरी महोत्सव के उपलक्ष में साहू सदन जिला बालोद में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिविर शुभारम्भ डॉक्टर अजय साहू डॉक्टर प्रदीप साहू, आयुषी साहू, तोमन साहू, दिनेश्वर साहू, हेमप्रकाश साहू, भगवान दास साहू, मोरध्वज साहू ने दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टहल साहू अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ अध्यक्षता सोमन लाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद, विशिष्ठ अतिथि के रूप में विधायक





ओंकार साहू धमतरी, पूर्व विधायक बीरेंद्र साहू, चतुर्भुज साहु, रमेश सोनवानी प्रदेश पदाधिकारी, अंतरराष्ट्रीय रंगोली कलाकार प्रदीप साहू तहसील अध्यक्ष मदन सोनबरसा, सोमेश साहू, युवराज साहू, उमाशंकर साहू, मानसिंह ,नरेंद्र हिरवानी, अंजनी साहू, द्रोपती साहू, देवा साहू, तोरण साहू उपस्थित थे शिविर में 200 से अधिक युवाओं का स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया एवं 55 युवाओं ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा अगर युवा अपनी संस्कार युवा अपनी फर्ज ना भूले तो समाज में स्वास्थ्य शिक्षा और रोजगार में सुधार आ जाएगा और समाज की दशा दिशा बदल जाएगी। युवा पीढ़ी शिक्षित हो रहे हैं और रक्तदान शिविर सफल आयोजन के लिए मैं युवा साथियों को बधाई देता हूं। विधायक धमतरी ओंकार साहू कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्तदाताओं एवं प्रतिभावान बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा देश के हर युवा को समाज के हर युवा को रक्तदान करना चाहिए आपकी रक्तदान से किसी की जिंदगी बच सकती है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा प्रकोष्ठ के संयोजक दिनेश्वर साहू सहसंयोजक हेम प्रकाश साहू तोमन साहू मोरध्वज साहू खूब लाल साहू दानी साहू धर्मेंद्र साहू आजेंद्र साहू डोमन साहू पंकज साहू संजय साहू मेघनाथ साहू नवीन साहू।

# भोरमदेव-आश्रम में हुआ विद्यार्थी अनुष्ठान शिविर

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

विद्यार्थी एक नन्हें से कोमल पौधे की तरह होता है। उसे यदि उत्तम शिक्षा दीक्षा मिले तो वह नन्हा सा कोमल पौधा भविष्य में विशाल वटवृक्ष बनकर पल्लवित और पुष्पित होता हुआ अपने गौरव से संपूर्ण चमन को महका सकता है। लेकिन यह तभी संभव है जब उसे कोई योग्य मार्गदर्शक मिल जाए, कोई समर्थ गुरु मिल जाए और वह दृढ़ता तथा तत्परता से उनके उद्दिष्ट मार्ग का अनुसरण कर ले। बच्चों को सही मार्गदर्शन देने के लिए उन्हें संस्कारवान बनाने के लिए परम पूज्य संत आशारामजी बापू की पावन प्रेरणा से विगत 60 वर्षों से देशभर में





विद्यार्थी उज्वल भविष्य निर्माण शिविर एवं अनुष्ठान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। हर साल सैंकड़ों की संख्या में होने वाले इन विद्यार्थी शिविरों में लाखों बच्चे हिस्सा लेते है, और आगे बढ़ते है। इसी कड़ी में आज भोरमदेव आश्रम में आयोजित सात दिवसीय विद्यार्थी अनुष्ठान शिविर का समापन हुआ।

अनुष्ठान शिविर में बच्चों ने सात दिवस तक मां सरस्वती के बीज मंत्रों का अनुष्ठान किया। साथ ही शिविर शिक्षकों द्वारा बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ा जाए, अच्छे मार्क्स कैसे लाये, स्वस्थ रहने की कुंजियां, आसन, प्राणायाम और अपनी योग्यताओं को विकसित करने की बातें भी सिखाई गई। शिविर के अंतिम दिवस ग्राम छपरी-भोरमदेव में नशा मुक्ति जन जागरूक रैली का आयोजन किया गया इस दौरान बच्चों के द्वारा लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उनसे बचने के लिए लोगों को जन जागरूक किया। वर्तमान शिक्षा प्रणाली के द्वारा बालकों को ऐसी शिक्षा दीक्षा दी जा रही हैं कि बड़ा होते ही उसे सिर्फ नौकरी की ही तलाश रहती है। पढ़ा लिखा हर नौजवान मात्र कुर्सी पर बैठने की नौकरी करना पसंद करता है। उद्यम व्यवसाय या परिश्रम के कर्म को करने में हर कोई कतराता है। यही कारण है कि देश में बेरोजगारी, नशाखोरी,और अपराधिक प्रवृति बढ़ती जा रही हैं। युवा पीढ़ी उचित मार्गदर्शन के अभाव में मार्ग से भटक गई हैं। इस मौके पर कबीरधाम जिले के दर्जनों गांव से आए हुए सैकड़ों बच्चों सहित दर्जनों सेवाधारी एवं शिविर शिक्षक उपस्थित रहे।

# आवेश में आकर महिला की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

13 मई को सूचक आशाराम गंधर्व ग्राम कोटवार बरबसपुर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13.05.2024 के प्रातः 07 से 09 बजे के मध्य रामसागर साहू के खेत के मेड के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने ग्राम बरबसपुर की कामिन बाई निषाद के सिर में पत्थर से प्राणघातक चोट पहुंचाकर कुचलकर हत्या कर दिया है। उक्त रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना नवागढ़ में अपराध कमांक 169/2024 धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग के सतत मॉनिटरिंग एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के नेतृत्व में थाना प्रभारी नवागढ उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव एवं थाना स्टाफको अज्ञात हत्यारे की पतासाजी हेतु लगाया गया। हत्या के प्रकरण में विवेचना के दौरान एवं परीस्थितिजन्य साक्ष्य के अधार पर प्रकरण में परिजन एवं आसपास के लोगो से पुछताछ की गई। कथन के आधार पर रामसागर साहू के खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे ट्रेक्टर चालक राकेश साहू पिता



अर्जुन साहू उम्र 30 साल निवासी ग्राम बरबसपुर थाना नवागड का आचरण संदिग्ध लगा। कथन लेने पर हर बार अलग अलग तथ्य के बारे में बताकर गुमराह करने लगा। सख्ती से पूछताछ करने पर बताया कि 13.05.2024 के सुबह वह रामसागर साहू के खेत की जुताई करने ट्रेक्टर लेकर पहुंचा था। जुताई के दौरान कुलबुल साहू भी उपस्थित था। उसी दरम्यान कामिन बाई निषाद प्लास्टिक का धमेला लेकर अपने लडका के खेत में उगे धान फसल को देखने आई थी। जुताई के दौरान कामिन बाई निषाद ने अपने लडका तोरन निषाद के खेत के मेड को खांचने की बात को लेकर कुलबुल साहू से विरोध किया। जिससे कुलबुल साहू आग बबूला होकर गुस्सा में आकर पास में रखो पत्थर से कामिन बाई के सिर में मार दिया जिससे कामिन बाई जमीन में गिर गई। उसके बाद कुलबुल साहू ने कामिन बाई के सिर में कई बार वार कर हत्या कर दिया। कुलबुल साहू घटना करने के बाद उसके पास आकर बोला कि तुम घटना के बारे में किसी को मत बताना मैं तुम्हे 50,000/- रूपये दूंगा। रूपये के लालच में राकेश साहू ने किसी को नही बताया। राकेश साहू के मेमोरंडम के आधार पर घटना दिनांक समय को कुलबुल साहू के द्वारा कामिन बाई निषाद के सिर में पत्थर से प्रहार करते देखा। घटना के बाद कुलबुल साहू ने राकेश साहू को घटना नही बताने के संबंध में 50,000/- रूपये राशि देने का प्रलोभन दिया। विवेचना के दौरान कुलबुल साहू पिता स्व0 मनबोध साहू उम्र 65 साल साकिन ग्राम बरबसपुर से पूछताछ किया गया जो घटना कारित करना कबूल किया। विवेचना क्रम में घटना के समय कुलबुल साहू के पहने गये वस्त्र को जप्त किया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 201, 34 भादवि पृथक से जोडी गई। आरोपी कुलबुल साहू पिता स्व0 मनबोध साहू उम्र 65 साल साकिन ग्राम बरबसपुर एवं राकेश साहू पिता अर्जुन साहू उम्र 30 साल साकिन ग्राम बरबसपुर थाना नवागढ जिला बेमेतरा के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार का अग्रिम वैधनिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

## अनिता दुबे का निधन



**बेमेतरा।** नगर दाढ़ी (बेमेतरा वाले) के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. डी.पी.दुबे की धर्मपत्नी अनिता दुबे (अमोलिया देवी) का, 73 वर्ष की अवस्था में, शनिवार 18 मई 2024, को रात्रि में लगभग..09: 30 बजे स्वर्गवास हो गया है। जिनकी अन्त्येष्टि, रविवार, 19 मई को नगर दाढ़ी के मुक्तिधाम में प्रातः लगभग 11 बजे सम्पन्न हुई जहां पर स्वजन सहित विभिन्न समाज के नागरिक शामिल थे। स्व.अनिता दुबे डॉ. योगेश दुबे, राकेश दुबे, शिशिर दुबे, की माता थीं।

# बचेडी, अकलवारा में हमर पुलिस हमर बजार अभियान के माध्यम ग्रामीणों को नियमो व अन्य अपराधों के संबंध में किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए हमर पुलिस हमर बजार अभियान की शुरुआत किया गया हैं। जिसके माध्यम से आमजनो को जिले के हॉट/बाजारों एवं ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में 17.05.2024 को हमर पुलिस हमर बजार के माध्यम से पुलिस चौकी देवकर स्टाफ के द्वारा ग्राम बचेडी, अकलवारा के हॉट/ बाजार, ग्राम में आस - पास के ग्रामीण अंचल से आये आम




नागरिकगणो को चौपाल लगाकर जागरूक किया गया। ग्रामवासियों को नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। साथ ही सायबर पहरी के संबंध मे ग्रामीण जनों को जागरूक किया गया। साथ ही आमजन को साइबर अपराध, फर्जीकाल ठगी के संबंध में अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यातायात के नियमों का हमेशा पालन करने एवं यातायात सड़क संकेत तथा किसी भी वाहन को चलाने के लिए उस वाहन का रजिस्ट्रेशन कार्ड, इन्श्योरेंस एवं स्वयं का ड्राइविंग लाइसेंस होना कितना आवश्यक है, तथा इन सब में से एक के भी अभाव में कितना ज्यादा नुकसान हो सकता है इस संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही सायबर पहरी के संबंध मे ग्रामीण जनों को जागरूक किया गया।

# स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण 20 मई से शुरु

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय बेमेतरा में स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में 20 मई से 10 जून तक ग्रीष्मकालीन् खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग जिनकी उम्र 18 वर्ष के अधिक नहीं हैं उन सभी को कुशल प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन मिलेगा, इससे खिलडी खेल की बरिकियो से अवगत होंगे एव अपने खेल कौशल पारंगत होंगे। आजकल के परिवेश मे सभी बच्चे मोबाइल का उपयोग बहुत अधिक करते है जो हमारे मन मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है, मोबाइल को दूर करने के लिए बच्चो को मैदान से जोड़ना आवश्यक हो गया है। खेल प्रशिक्षण बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास मे वृद्धि करता है एव उन्हे स्वस्थ बनता है। बच्चों के बहुमुखी विकास और छुट्टियों के सदुपयोग के लिए ही ऐसे शिविरों को आयोजित किया जाता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेल एव युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण सभी खिलाडियों व खेल प्रेमियों के लिए यह शिविर स्वामी विवेकानंद स्टेडियम मे प्रातः 6 से 8 और शाम 5 बजे से 7 बजे तक लगाया जा रहा है। जिले मे उप्लब्ध संसाधनों के आधार पर प्रशिक्षण शिविर मे ओलम्पिक मे शामिल खेलो को प्राथमिकता देते हुए फुटबाल, खो-खो, योगा, क्रिकेट और कराते को सम्मिलित किया जा रहा है। इस 21 दिवसीय प्रशिक्षण मे जिले के सर्व शहरी/ ग्रामीण क्षेत्रवासी स्टेडियम पहुंचकर लाभ प्राप्त करें।

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में पूर्ण करे : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे की आम जनता को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो सके। कलेक्टर चन्द्रवाल कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों को समीक्षा बैठक में जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों से उनके न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को अधिकतम 06 माह की अवधि में राजस्व प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विशेष परिस्थिति में 06 माह की अवधि में राजस्व प्रकरणों का निराकरण नही होने पर उनका वाजिब कारण भी उल्लेख की जाए। चन्द्रवाल ने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को शासकीय कार्यालयों के लिए भूमि आबंटन जैसे लोक कल्याण से जुड़े प्रकरणों के निराकरण हेतु शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने बंटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, नामांतरण, खाता विभाजन सहित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को उक्त सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों को आय, जाति, निवास आदि प्रमाण पत्र बनाए जाने में किसी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को लोक सेवा केन्द्र आदि का नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को आरबीसी 6/4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जिससे की प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में किसी भी प्रकार का विलंब या कठिनाई न हो। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को अवैध प्लॉटिंग की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर पंजीयन कार्यालय में पहुँचकर जमीन रजिस्ट्री कार्य का भी मुआयना करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने वृक्ष कटाई के अनुमति हेतु प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। चन्द्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सर्पदंश से होने वाले जन हानि को रोकने हेतु अस्पतालों में एंटीवेनम आदि की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने तहसील परिसर को साफ-सुथरा, हरा-भरा एवं व्यवस्थित रखने वाले तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कृत करने की भी जानकारी दी।

# राजहरा खदान समूह में अपनी सेवा समाप्त कर सेवानिवृत्त हुए हैं उनके सम्मान में बिदाई समारोह आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने बताया कि 18 मई को संघ के सदस्य जो राजहरा खदान समूह में अपनी सेवा समाप्त कर सेवानिवृत्त हुए हैं उनके सम्मान में एक बिदाई समारोह आयोजित किया गया था। इस समारोह को पारिवारिक सम्मेलन के रूप में मनाया गया, बिदाई समारोह में जितने भी संघ के सदस्यों का सेवानिवृत्त हुआ उनको उनके परिवार के साथ आमंत्रित किया गया था और संघ के बाकी सदस्य भी अपने परिवार के साथ समारोह में शामिल हुए। पारिवारिक माहौल में बिदाई समारोह आयोजित करने के पीछे संघ की मंशा यह थी सेवानिवृत्त हो चुके साथियों के परिवार के सदस्यों को भी पता चले की हमारे परिवार का मुखिया किन लोगों के साथ काम करता था किन लोगों के साथ उन्होंने अपने जीवन के 60 साल तक काम किया है इसलिए संघ का प्रयास था कि आने समय में सभी श्रम संगठन अपने साथियों को इसी तरह एक पारिवारिक माहौल में बिदाई समारोह देवें। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम सेवानिवृत्त हो चुके खदान मजदूर संघ भिलाई के अध्यक्ष एम पी सिंग और उनकी पत्नी को मंच पर आमंत्रित किया गया फिर संघ के उपाध्यक्ष बी पी कश्यप और उनकी पत्नी को मंच पर आमंत्रित किया गया फिर संघ के संगठन मंत्री विनोद कुमार आरडे और उनकी पत्नी को मंच पर आमंत्रित किया गया फिर संघ के सदस्य किशुन राम ध्रुव और उनकी पत्नी को मंच पर आमंत्रित किया गया तत्पश्चात संघ के वरिष्ठ सदस्य जगन्नाथ सिल्वा, मुकेश महेश्वरी और एम सहारे को मंच पर आमंत्रित किया गया। सभी






सेवानिवृत्त साथियों के मंच पर आसीन होने के बाद उनके सम्मान में बालोद नगर भाजपा नेता राकेश यादव ने सभी सेवानिवृत्त साथियों के सम्मान में अपनी बात रखी और कहा कि आप लोगों ने जिस तरह संगठन हित में कार्य किया है वो निश्चित ही सराहनीय है आप हमेशा स्वस्थ रहें यही शुभकामनाएं है। उद्बोधन के बाद एम पी सिंग का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया, तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी बालोद जिले के महामंत्री चेमन देशमुख ने सेवानिवृत्त साथियों के सम्मान में अपनी बात रखी और कहा कि जिस तरह से संघ में और खदान में आप लोगों ने अपनी भूमिका सफलतापूर्वक निभाई है आप सभी बधाई के पात्र हैं। उद्बोधन के बाद जिला महामंत्री ने विनोद कुमार आरडे का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इनके बाद खदान मजदूर संघ भिलाई के उपमहासचिव लखन लाल चौधरी ने अपने उद्बोधन में बताया कि उनके ट्रेड यूनियन में उनके गुरु सेवानिवृत्त हो रहे उन्हें बहुत दुःख हो रहा, चौधरी ने बताया कि संघ के लिए दोनों ने कठिन समय में बहुत संघर्ष किया जिनको याद करने से आंखें नम हो जाती है। एम पी सिंग से बहुत कुछ सीखने को मिला है। चौधरी ने सभी साथियों को सेवानिवृत्त होने पर बधाई दी और फिर जगन्नाथ सिल्वा का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इनके बाद इंटक के अध्यक्ष तिलक मानकर ने एम पी सिंग और सभी साथियों को सेवानिवृत्त होने पर बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की और भी पी कश्यप का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। पत्रकार कमल शर्मा ने सभी सेवानिवृत्त हुए साथियों को कहा कि आप लोगों जिस तरह जनहित के मुद्दों को जनता के बीच लाया उसके लिए लडें और सफलता भी प्राप्त की निश्चित ही सराहनीय है और फिर किशुन राम ध्रुव का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया उनके बाद नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक बांबेशवर ने सभी सेवानिवृत्त हुए साथियों को कहा कि आप लोगों के इस तरह शानदार आयोजन ही आप लोगों की अपने संगठन में उपयोगिता बताता है आप लोग स्वस्थ रहें मस्त रहें यही शुभकामनाएं है। फिर मुकेश महेश्वरी का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रतिराम कोसमा ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को सेवानिवृत्त होने पर बधाई आप लोग अब नये जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ें और नये पीढ़ी को अपने अनुभव का लाभ देवें और फिर एम सहारे का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया फिर संघ के सदस्य दशरथ मोहन्ता ने सभी को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त होने पर बधाई दी। इसके पश्चात सेवानिवृत्त हो चुके संघ के सदस्यों की पत्नी भी मंच पर उपस्थित थीं उनका सम्मान वार्ड क्रमांक 01 की पार्षद शिवांगी धुर्व और संघ के सदस्यों की पत्नीयों ने मिलकर किया और सभी को पुष्प गुच्छ भेंट कर माला पहनाकर स्वागत किया। अंत में संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष और सेवानिवृत्त साथी एम पी सिंग ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस विदाई समारोह को आप लोगों ने अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान कर यादगार बना दिया मैं और साथ सेवानिवृत्त हो चुके सभी साथियों के लिए यह भावुक पल है कि आप लोगों ने इतना प्यार और आशीर्वाद दिया जिन्हें शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। जिस तरह से स्वस्थ खराब होने के बाद भी बालोद से भाजपा प्रत्याशी राकेश यादव विशेष रूप इस आयोजन में शामिल होने के लिए आए में उनका आभारी हूं भाजपा जिला महामंत्री चेमन देशमुख व्यस्त होने के बाद भी पहुंचे मैं उनका आभारी हूं मेरे प्रिय साथी राजेश दाशोडे खराब स्वास्थ्य के बाद भी उपस्थित हुए मेरे लिए बहुत कीमती पल है, महामाया खदान में कार्यरत हमारे साथी खराब मौसम के बाद कार्यक्रम समाप्ति तक रहें यह मुझे भावुक करता है, बीएसपी में कार्यरत अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दी उनका भी हृदय से धन्यवाद करता हूं कार्मिक विभाग के साथियों का भी धन्यवाद, एटक के सचिव कमलजीत सिंह मान और इंटक के प्रदेश सचिव अभय सिंह का हृदय से धन्यवाद आप ने भी अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान की, खदान में कार्यरत सभी नियमित कर्मचारियों का धन्यवाद सभी ठेका श्रमिकों का धन्यवाद और आप सभी परिवार के साथ शामिल हुए सभी का धन्यवाद इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए सभी पत्रकार साथियों का भी धन्यवाद जिनका सहयोग हमें, बराबर मिलता रहा।



# ये तेरा मेरा रिश्ता

## भागदौड़ भरी जिंदगी और उसमें वर्कलोड की अधिकता रिश्तों में मीलों की दूरियां बढ़ा रहा है। बढ़ती महंगाई और आपके भौतिकवादी विचार ने आज रिश्तों के बीच दूरियां कायम कर दिया है।

आज जीवन पद्धति ने इंसान को व्यस्त कर दिया है, जिससे वो अपने किसी रिश्ते को सही से समय नहीं दे पा रहा है। आज के वैवाहिक जीवन में कपल्स शौक, जरूरत और उन्नति के लिए जॉब को प्राथमिकता देने लगे हैं। ऐसे में उनको एक दूसरे के साथ रहने के लिए बहुत ही कम समय निकल पाता है। इतने कम समय में वे अपने घरेलू कामों में ही लगे रहते हैं और एक-दूसरे के लिए बहुत ही कम समय दे पाते है, कई बार तो ऐसा भी होता है कि ऑफिस का वर्कलोड ये अपने घर तक ले आते हैं। ये काम ऑफिस में तो इनके प्रतिद्वंव्दी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन दिला देता है, लेकिन अपने साथी से दूरियां बढ़ा देता है। ऐसी दशा में रिश्तों की शुरुआत में ही दूरियां आने लगती हैं और बहुत ही थोड़े समय में टेंशन उनके बीच आ जाती है। आजकल कपल्स मैरिड लाइफ को ज्यादा महत्व नहीं देते। ये अपने साथी को थोड़ा बहुत समय देते हैं, तो मात्र शारिरिक सुख के लिए, लेकिन ये उनका स्वार्थ होता है, प्यार नहीं।

### आपका साथ है उसका विश्वास

आपका साथी हमेशा आपका साथ मांगता है, क्योंकि आपका साथ ही उसमें आत्म विश्वास भरता है, और ये आत्म विश्वास जहां रिश्तों में सम्मान लाता है, वहीं हर कदम पर आपके साथ भी रहता है। रिश्तों को जुड़े चाहे कितना भी समय हो चुका हो, उनमें रोमांस हमेशा बने रहना चाहिए। यदि आपको लग रहा कि कुछ बदलाव आ रहा है और स्थितियां पहले कि तरह नहीं है, तो आपको इस तुरंत सोचने की जरूरत है। रिश्तों को बनाने में सालों लगते है और टूटने में एक पल भी नहीं लगता। कई बार हम अपनी दिनचर्या में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि अपने आस-पास हो रहे परिवर्तनों पर भी ध्यान नहीं दे पाते। रिश्ते में कड़वाहट आ जाए या दूरियों के बाढ़ में ये तलाक या दो बेडरूम तक पहुंच जाए, इसके पहले ही हमें कुछ संकेत मिलने लगते हैं। यह अलग बात है कि हम लापरवाही के चलते इन पर ध्यान नहीं दे पाते। यदि आप अपने रिश्तों को टूटने से बचाना चाहते हैं तो उन संकेतों को समझने की कोशिश करें, जिनसे दूरियां बढ़ने का पता चलता है। ये संकेत आपके रिश्ते को बचाने का एक जरिया हो सकता है। इसमें कहीं हद तक आपकी समझदारी आपकी हेल्प करती है।

### जब साथी कर रहा नजरअंदाज

आप ये जान लीजिए कि समाज हो या आपका घर, कहीं भी अचानक कुछ नहीं होता, चीजें धीरे-धीरे बदलती हैं। इसमें आपको थोड़ा समझदारी और संयम से काम लेना चाहिए। आपकी समझदारी ही आपके परिवार को इस आग की चपेट से निजात दिला सकती है। आपके व्यस्त जीवन के कारण ही आपका दांपत्य जीवन इस कंडीशन में आ गया है, ऐसे में आपकी सार्थक सोच ही आपके घर को फिर से हरा- भरा कर सकता है। सबसे पहले तो आपको अपने पिछले कार्यों को एक बार सोचना चाहिए। आखिर ऐसी दशा कहा से बन गयी और जल्दी अपने में सुधार ला दे, इसके साथ यदि आप अपने साथी को सॉरी बोल दे तो ज्यादा बेहतर है। इसके अलावा आप अपने साथी के शारिरिक संकेतों को समझने की कोशिश करिए। क्या आपका साथी पहले की तरह आप पर ध्यान नहीं दे रहा और आपकी बातों में रुचि नहीं ले रहे हैं?

आपके करीब आने पर आपका साथी असहज महसूस करता है। बेडरूम में आपको अनदेखा कर रहा है। बच्चों के मसले के अलावा और कोई विषय बातचीत का नहीं रह गया है। ये सब आप व्यक्त करना चाहें या नहीं लेकिन आपके शारीरिक संकेत बहुत कुछ कह देते हैं।

### कोई और आ जाए जीवन में

ऐसे में आप दोनों पति-पत्नी के बीच प्रेम और लगाव की कमी भी रिश्तों में दूरियों के बढ़ने में अहम रोल निभाती है। अगर पहले जैसे प्यार की गरमाहट अब कहीं ढूंढ़ने से भी नजर नहीं आ रही तो समझिए कि यह खतरे का संकेत है। यह ठीक है विवाह के शुरुआती दिनों के बाद रोमांस का खुमार धीरे-धीरे कम होता चला जाता है। लेकिन ऐसा भी नहीं होता कि प्रेम बिलकुल नजर ही न आए। लेकिन आप दोनों चाहे तो आपका वैवाहिक जीवन फिर से भर सकता है।



### आपसी अंडर स्टैंडिंग को बढ़ाएं

व्यवहार में बदलाव आपके बीच दूरियां बढ़ने का तीसरा संकेत है। क्या आपके साथी का अब आपकी बातों पर ध्यान नहीं जाता। गंभीर बातों को सुनकर भी अनसुना कर देते हैं। आपकी बातों का जवाब झुंझलाकर देते हैं। बेवजह गुस्सा करना इत्यादि। यदि ये सारे लक्षण उनके व्यवहार में नजर आ रहे हैं तो आप समझ लें कि ये खतरे की घंटी है। ऐसे में आप अपने साथी से प्यार से बात करें, आखिर वो क्यों आपसे रूठा हुआ है। यदि आपको कोई जवाब नहीं मिले तो आप गुस्सा होने की बजाय सही समय का इंतजार करें और बात करने का कोई भी मौका न गंवाएं।

### जब वो रहने लगे चुप-चुप

साथी का मौन सबसे खतरनाक व्यवहार होता है, इसका आपके व्यक्तित्व पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। यदि आपका साथी आपके साथ अंतरंग पल नहीं बिताना चाहता तो समझे कि दूरियां बढ़ रही हैं। बेहद कठिनाई से बाहर जाने के बने कार्यक्रम में देखते हैं कि वहां केवल आप दोनों ही नहीं, कुछ और भी परिचित हैं, जिनके बारे में आपको पता भी नहीं था।



# जब रहे तनाव

जिंदगी एक खूबसूरत एहसास है। इसे संजीदगी से जीएं, तो इसका अपना ही मजा है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और उसमें काम का प्रेशर, जिंदगी को जहन्नुम बनाते जा रहे हैं। मंहगाई की मार ने आज जहां दामपत्य जीवन को प्रभावित किया है वहीं महिलाओं को भी घर से बाहर निकलने को मजबूर कर दिया है। हर कंपनी आज अधिकाधिक मुनाफे के लिए अपने कर्मचारियों का भरपूर शोषण करती है। घर की जिम्मेदारी, बच्चों का ख्याल, परिवार का पोषण इनके साथ में आफिस की टेंशन, ये जहां आपकी निजी जिंदगी को प्रभावित कर रहे हैं, वहीं आपके शरीर को भी अस्वस्थ कर रहे हैं। एक सर्वे के अनुसार प्रेशर में काम करने से आपको ह्रदय रोग जैसी घातक बीमारी भी हो सकती है। क्या आपको पता है कि तनाव आपको जहां सही से काम करने से रोकता है वहीं इससे अवसाद होने की भी पूरी संभावना होती है। ऐसे में आपकी थोड़ी सी समझदारी ही आपको तनाव से मुक्ति दे सकती है। तनाव के हालात में काम करने से महिलाओं में ह्रदय रोग की आशंका पुरुषों की तुलना में दोगुनी होती है। यह बात एक नए अध्ययन में सामने आई है। अध्ययन में पाया गया है कि काम का तनाव पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को अधिक नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में आपको अपना काम करते समय धैर्य की आवश्यक्ता होती है। आपका धैर्य ही आपको कठिन से कठिन परिस्थिति में जीने की राह का निर्माण करती है।



# एल्यूमीनियम को करें एवाइड

हाल ही में इस संदर्भ में हुए शोध कार्यों से जो तथ्य सामने आए हैं उनसे पता चलता है कि एल्यूमीनियम के बर्तनों को खाना बनाने के लिए प्रयुक्त करने से भोजन में भी एल्यूमीनियम के अंश शामिल हो जाते हैं। जो बाद में हमारे शरीर में जाकर हमें नुकसान पहुंचाते हैं।

### इसे जानना जरूरी है

असल में एल्यूमीनियम एक क्रियाशील धातु होती है। यही वजह है कि वायु के सम्पर्क में आने से इसके ऊपर एल्यूमीनियम ऑक्साइड की पर्त जम जाती है। जब टमाटर, इमली, आम, नमक, मसाले, सिरका, दही या नींबू जैसी अम्लीय वस्तुएं इन बर्तनों में डाली जाती हैं, तो ये एल्यूमीनियम ऑक्साइड भोजन में मिल जाते हैं। इनसे मस्तिष्क के अलावा ह्रदय तथा पाचन तंत्र पर भारी असर पड़ता है। अत: एल्यूमीनियम के बर्तन इस प्रकार के अम्ल युक्त खाद्य पदार्थ बनाने या रखने के लिए बहुत खतरनाक हो जाते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि एल्यूमीनियम की अधिकता मस्तिष्क की विचार क्षमता एवं स्मरण शक्ति को क्षीण कर देती है। यदि शरीर में एल्यूमीनियम अधिक मात्रा में पहुंच जाए, तो इससे मस्तिष्क की कोशिकाओं के नष्ट होने या क्षतिग्रस्त होने का भय रहता है। इनसे अल्जाइमर्स या डिमेंशा जैसे भयानक स्नायु रोग, गुर्दो व अस्थि रोगों का खतरा सबसे ज्यादा होता है।

### ये हो सकता है सुरक्षित

इतना ही नहीं, बल्कि एल्यूमीनियम के बर्तनों में बनाई जाने वाली चाय भी मस्तिष्क के लिए हानिकारक हो सकती है। एक शोध में पाया गया है कि यदि एल्यूमीनियम के बर्तनों में फलोराइड युक्त पानी उबाला जाता है, तो पानी में एल्यूमीनियम की और अधिक मात्रा घुल जाती है। बताया जाता है कि यदि एल्यूमीनियम के बर्तनों को विद्युतलेपन करके प्रयोग में लाया जाए, तब ये बर्तन अपेक्षाकृत ज्यादा सुरक्षित हो जाते हैं। इसी तरह अगर इन बर्तनों का प्रयोग अम्लीय पदार्थों के लिए नहीं किया जाता, तो भी इनसे उतना खतरा नहीं रहता।

# आया ई-बाइक्स का जमाना

**इन दिनों बाइक के प्रति युवाओं का रूझान देखते ही बनता है। जहां कंपनियां एक से बढ़कर एक मॉडल लांच कर रहीं हैं, वही मॉडीफाइड बाइकों का भी चलन तेज हुआ है। लेकिन अगर आप कुछ ऐसा लेना चाहते हैं, जो आपकी जेब के साथ ही पर्यावरण को रास आए। तो बेशक तैयार हो जाइए, कुछ ऐसे ही अनुभव के लिए ई-बाइक्स के साथ। जिसको बच्चे भी काफी पसंद कर रहे हैं। आइए जानते हैं, ई-बाइक्स की खासियतों के बारे में इन दिनों युवाओं के साथ बच्चों में ई-बाइक्स को लेकर भी काफी क्रेज देखा जा सकता है। जिसमें कई ऐसी विशेषताएं हैं, जिनसे आप बाइक का बिल्कुल एक नया अनुभव पा सकते हैं। वैसे इस बाइक का चलन कॉलेज के लड़कों में ज्यादा देखने को मिलात है। जिसे दिलाने में पैरेंट्स को भी कोई परेशानी नहीं होती है।**

### लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन से फुर्सत

इस वक्त बाजार में दो तरह की ई-बाइक्स हैं- लो स्पीड और हाई स्पीड की बाइक। हाई स्पीड बाइक चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की जरूरत होती है, लेकिन लो स्पीड बाइक्स में इसकी कोई जरूरत नहीं है। इनकी यही खूबी इन्हें 14-18 साल तक के बच्चों के लिए बेस्ट गिफ्ट बनाती है। तो फिर देरी किस बात की, इस बर्थ-डे पर अपने बच्चे को दीजिए, ऐसा ही कुछ प्यारा सा तोहफा।

### फ्यूल नो प्राब्लम

आजकल हर कोई पेट्रोल के बढ़ते दामों से परेशान है, लेकिन ई-बाइक खरीदकर आप पेट्रोल के खर्चे से आसानी से बच सकते हैं, क्योंकि इन बाइक्स को चार्ज करके आसानी सफर किया जा सकता है। जिसको चार्ज करने में भी बिजली की खपत काफी कम होती है। यानि की इस बाइक को जरूरत पड़ने पर बड़ों के साथ बच्चे भी इस्तेमाल कर सकते हैं।



# हर कदम पर साथ

## आज के आधुनिकता के समय में बैंकों कि भूमिका दिनोदिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में महिलाएं इससे कहां तक अछूती रह सकती हैं। पिछले कुछ वर्षों में भी फाइनेंस मैटर्स में रुचि लेना शुरू कर दिया है और वे इन्वेस्टमेंट्स, टैक्स प्लानिंग आदि पर ध्यान देने लगी हैं। महिलाओं में बैंक और पैसे के मैनेजमेंट को लेकर बढ़ रही रुचि को देखते हुए आजकल बैंक वगैरह भी कई लेडीज स्पेशल योजनाओं को बाजार में ला रहे हैं।

### आपकी अपनी योजनाएं

- कई बैंक्स न्यूनतम बैलेंस से लेकर फ्री क्रेडिट या डेबिट कार्ड का ऑफर देते हैं।
- कुछ में ज्वेलरी इंश्योरेंस की स्कीम्स हैं, तो कुछ में एक्सीडेंट इंश्योरेंस की।
- चडीएफसी बैंक का ईजी शॉप वूमेंस एडवांटेज कार्ड एक वर्ष तक लॉकर फीस पर 50 प्रतिशत छूट देता है और साथ ही फ्री बिल पेमेंट सर्विस भी देता है।
- महिलाओं को दिए जाने वाले ज्यादातर कार्डस पर सोने की खरीदारी पर विशेष छूट से कुछ खास खरीदारी पर कैश बैंक स्कीम तक शामिल हैं।
- सिटी बैंक के वूमेंस वीजा सिल्वर कार्ड फ्री कार्ड के साथ एक अतिरिक्त फ्री कार्ड देता है, साथ ही हर 200 रुपए पर एक रिवॉर्ड पॉइंट के अलावा कुछ खास खरीदारी पर भी छूट देता है।
- एबीएन एम्रो की शक्ति सेव्रिग एकाउंट योजना में 5000 रुपए के न्यूनतम बैलेंस के साथ एक क्रेडिट कार्ड फ्री की सुविधा भी है।
- एक्सिस बैंक की स्मार्ट प्रीविलेज में न्यूनतम बैलेंस 10,000 रुपए हैं और जीरों बैलेंस माइनर एकाउंट के साथ-साथ डेबिट कार्ड पर ज्वेलरी इंश्योरेंस की सुविधा है।
- इनके अलावा बैंकों द्वारा महिलाओं को विशेष तौर पर लोन में भी कई सुविधाएं दी जाती हैं।
- ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स महिलाओं के लिए लोन पर 0.5 प्रतिशत का छूट देता है।
- कुछ बैंक्स जैसे कॉर्पोरेशन बैंक आदि सोना या गहने खरीदने के लिए कम ब्याज दर पर कामकाजी और गृहणियों को लोन मुहैया करवाते हैं।
- लड़कियों की शिक्षा के लिए भी एजुकेशन लोन कम ब्याज दर पर मुहैया करवाते हैं।
- प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत भी कई बैंक्स खास स्कीम्स व ऑफर्स देते हैं। जिनमें लोन क्रेडिट कार्ड, एकाउंट्स पर लोन उपलब्ध कराते हैं।
- कन्या विवाह सुविधा स्कीम के तहत स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद धन उपलब्ध कराता है। सोने के गहनों की खरीदारी पर भी विशेष छूट मिलती है।
- कामकाजी व घरेलू महिलाओं को भी आध्रा बैंक स्वर्णभरण स्कीम के तहत सोने की खरीदारी पर विशेष छूट व लोन उपलब्ध कराता है।
- स्त्री शक्ति पैकेज के तहत भी कुछ बैंक महिला रोजगार या व्यापार को बढ़ावा देने के लिए खास छूट देते हैं।
- कॉर्पोरेशन बैंक की वनिता उद्योग स्कीम और केनरा बैंक की महिला निधि स्कीम छोटे व्यापार के लिए महिलाओं को सॉफ्ट लोन उपलब्ध कराते हैं।
- एसएमई यानी स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइज के लिए इलाहाबाद बैंक और आंध्रा बैंक कम ब्याज दरों पर लोन उपलब्ध कराता है।
- स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ' स्व रोजगार में शामिल महिलाओं व कामकाजी महिलाओं को प्राइमरी दिवा कार्ड भी कामकाजी या घरेलू महिला को उपलब्ध कराता है।
- इसी तरह से सिटी बैंक का वुमन वीजा मनी कार्ड, एचडीएफसी का वुमेंस गोल्ड कार्ड, आईसीआईसीआई का बिग बाजार शक्ति क्रेडिट कार्ड, महिलाओं को विशेष छूट देता है।
- आपको बता दें कि कुछ कार्ड्स कैश बैंक की सुविधा देते हैं तो कुछ गिफ्ट्स ऑफर करते हैं। खास खरीदारी पर जैसे एचडीएफसी का ईजी शॉप वुमेंस एडवांटेज डेबिट कार्ड, सिटी बैंक का ग्रॉसरी डेबिट कार्ड और यूटीआई का स्मार्ट प्रीविलेज एकाउंट वुमेंस स्पेशल कार्ड उपलब्ध कराता है।









# शहर की सजावट, गरीब परिवारों की आफत : जनहितैषी मसलों पर निगम में सन्नाटा, न चर्चा हो रही न पहल, राजनीतिक रोटियां सेक रहे भाजपा-कांग्रेस के नेता

## फ्लाई ओवर के नीचे से हटाए जाएंगे ठेले-खोमचे, गरीब परिवारों की सड़क पर आने की नौबत

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर को चमकाने की रणनीति एक बार फिर गरीब परिवारों की रोजी-रोटी पर गाज बनकर गिरती दिख रही है। इन दिनों नगर में फ्लाई ओवर के नीचे ठेले-खोमचों और अवैध पार्किंग को हटाने की कवायद निगम की ओर से की जा रही है। दावा किया जा रहा है कि, यहां सौंदर्यीकरण किया जाएगा और वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग स्पेस तैयार किया जाएगा। हटाए जाने वाले ठेले-खोमचे वालों के व्यवस्थापन के लिए कोई योजना निगम के पास नहीं है। तय है कि, छोटी दुकानों से रोजी-रोटी कमाने वाले गरीब परिवार सड़क पर आ जाएंगे। इन ठेले खोमचे वालों को अपना कारोबार समेटने की तीन दिन की ही मियाद मिली है।

राजनांदगांव शहर में पार्किंग और अतिक्रमण दो गंभीर मुद्दे हैं। इन दोनों ही मसलों का कोई स्थाई हल अब तक नहीं निकल पाया है। एक तरफा कार्रवाई करते हुए निगम ठेले-खोमचों को हटाने की तैयारी में है। इससे पहले भी बूढ़ा सागर के किनारे फूड पार्क के पास से ऐसे ही ठेले-खोमचों को हटाया गया था। इनमें से



कई अब तक अपने रोजगार को दोबारा बहाल नहीं कर पाएं हैं।

चिंताजनक है कि शहर में व्यवस्थाएं बनाने या दूसरे निर्णयों को लेकर निगम में किसी तरह की चर्चा नहीं हो रही। जन प्रतिनिधियों की जनता के प्रति जवाबदारी को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं रह गई है। वे शहर के जरुरी मसलों पर निगम में चर्चा के लिए भी उत्सुक नहीं दिखाई देते। इस स्थिति में निगम प्रशासन के अधिकारी एक पक्षीय कार्रवाई जनता पर थोप रहे हैं। इसके जिम्मेदार महापौर, नेता प्रतिपक्ष और सभी पार्षद भी हैं। भाजपा- कांग्रेस के नेताओं के इस रवैये पर शहरवासियों की नाराजगी सामने आ रही है।

अतिक्रमण पर कार्रवाई जरुरी भी है लेकिन गरीब परिवारों से उनकी आमदनी का जरिया छीन लिए जाने के चलते यह न्याय संगत निर्णय नहीं माना जा सकता। ऐसे दुकानदारों का व्यवस्थापन किए जाने की जरुरत मालूम पड़ती है लेकिन निगम प्रशासन ने इस ओर बीते कई सालों में कोई पहल नहीं की है। न हीं निगम में बैठे सत्ताधीशों ने इनकी समस्याओं के निराकरण के लिए किसी तरह की कोशिश की। छोटे-मोटे रोजगार से अपने परिवार का पेट पालने वालों को किसी तरह की कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है।

नगर को व्यवस्थित किए जाने की कोशिश पहली दफा हो रही हो ऐसा नहीं है। इससे पहले भी कई दावे और प्रयास हुए लेकिन हर बार ये सारा कुछ अधूरी तैयारियों और इच्छाशक्ति की कमी की भेंट चढ़ गया।ऐसे में सवाज यह भी उठ रहें हैं कि इस बार की जा रही पहल भी कहीं सफेद हाथी न साबित हो। क्यूंकि कई बार तो ऐसी योजनाएं सिर्फ कमीशन के लिए अमल में लाई गई।

### सौंदर्यीकरण : घोटाले और कमीशन का खेल

सौंदर्यीकरण की बात करें तो बूढ़ा सागर में करोड़ों के भ्रष्टाचार का मामला जेहन में आता है। यही नहीं बीते साढ़े चार सालों में निगम में कांग्रेस की सत्ता में शहर में कई प्रतिमाएं स्थापित की गई इनकी गुणवत्ता, मानक को लेकर भी विवाद हैं। इनका भुगतान भी ऐल्डेरमेन निधि से किया गया। मानव मंदिर चौक को महाकाल चौक घोषित किए जाने और यहां त्रिशुल स्थापना को लेकर भी घमासान मचा। अंततः अब त्रिशुल का मुद्दा ही गायब है और इस पर शुरु हुई बहस को दबा दिया गया है। कांग्रेस हो या भाजपा दोनों ही दलों के नेताओं ने ऐसे कई मामलों में सिर्फ अपनी राजनीतिक रोटियां सेकी हैं।

### सिर्फ राजनीतिक रोटियां सेक रहे विज़नलेस नेता

निगम प्रशासन और यहां सत्ताधीशों ने सिटी के वास्तविक और मूलभूत विकास की ओर कोई ठोस पहल नहीं की। यहां नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों के विज़नलेस होने का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। एक दशक से लंबे वक्त में भी इस दिशा में किसी तरह की बड़ी उपलब्धि नगरवासियों के हिस्से नहीं आई है जो किनिराशाजनक है। अलबत्ता शहर के भीतर व्यपारियों की मनमानी, सार्वजनिक पार्किंग में अवैध कब्जा जैसे कई मामले हैं लेकिन इस पर कार्रवाई कहीं दिखाई नहीं पड़ती। हालांकि बीते दिनोंमें गुड़ाखू लाईन और बाजार के दूसरे हिस्से में सड़क पर दुकान लगाने वालों को चेताया गया है। लेकिन यह भी पहली बार हुआ हो ऐसा नहीं है। पिछली बार जब ऐसी पहल हुई थी तो निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु खुद ही व्यापारियों की ओर से खड़े हो गए थे। उन्होंने प्रशासनिक टीम को लौटा दिया था।

### बुलडोजर चला, फिर हालात जस के तस

दिसंबर माह में राज्य में भाजपा की सरकार की वापसी के साथ ही बुलडोजर कार्रवाई शुरु हुई थी। शहर के कई ठिकानों पर अतिक्रमण बता कर दुकानों को ढहाया गया था या जगहें खाली करवाई गई थी। चंद दिनों तक इस कार्रवाई का भौकाल रहा। जिन जगहों पर बुलडोजर चला था, वहां आज फिर दुकानें सजी हुई हैं। बुलडोजर चलाने वाले, चलवाने वाले इन्हीं रास्तों से गुजर रहे हैं लेकिन अब इस पर कोई कुछ नहीं कह रहा।

### फूड कोर्ट बेहाल, वर्टिकल गॉर्डन का प्रोजेक्ट भी फेल

आयुक्त रहे आशुतोष चतुवेदी ने शहर के चौक-चौराहों में वर्टिकल गार्डन पर के सहारे शहर में हरियाली बढ़ाने की कोशिश की थी। यह पायलट प्रोजेक्ट ही फेल हो गया। वर्टिकल गार्डन से पौधे चोरी हो गए। अंततः इसे निगम में शिफ्ट किया गया। लेकिन यहां भी यह सूखा पड़ा है। महापौर तो निगम के बजट में ठेले-खोमचों वालों के लिए कार्ट की घोषणाएं करती रहीं लेकिन यह काम कभी शुरु ही नहीं हुआ। अलबत्ता, फूड कोर्ट को उन्होंने शिवाजी पार्क बनाने के लिए निगम के लाखों रुपए फूंक दिए। अब ये पार्क भी वीरान ही पड़ा है। यहां स्थापित शिवाजी की प्रतिमा भी अपने हाल पर आंसू बहा रही है।

### गरीबों को रोजगार का हक मिले

शहर की साज-सज्जा और यातायात सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। लेकिन गरीबों को रोजगार का हक दिया जाना भी जरुरी है। शहर में ऐसी कई जगहें हैं जो छोटे कारोबारियों के लिए मार्केट डेवलप किया जा सकता है। शिवाजी पार्क में तब्दील हो चुके फूड कोर्ट में ही कई दुकानदारों को जगहें दी जा सकती हैं। इसके अलावा फ्लाई ओवर के किसी एक हिस्से में भी इन्हें व्यवस्थित किया जा सकता है। इससे निगम के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। इस दिशा में प्रयास किया जाना जरुरी है लेकिन निगम में बैठे नेताओं ने भी इस पर कोई बात नहीं की है। जबकि इतने बड़ी तादाद में छोटे दुकानदारों को हटाए जाने के मुद्दे पर निगम में चर्चा की जानी चाहिए थी ताकि गरीब परिवारों के लिए कोई रास्ता निकल सके। देखा जाए तो, जनहितैषी मसलों को लेकर निगम में बैठे दोनों दलों के नेता उदासीन दिखाई देते हैं।

## एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**मोहला।**अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं हेतु संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 18 मई को समय प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक किया गया। जिले में कुल 120 सीटों के विरुद्ध 2048 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। कुल दर्ज 2048 विद्यार्थियों में से 1828 विद्यार्थी उपस्थित एवं 220 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। चयन परीक्षा हेतु जिले में कुल आठ परीक्षा केंद्र निर्मित किए गए थे। जिनमें 8 केंद्राध्यक्ष एवं 115 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे। परीक्षा परिणाम की संभावित तिथि 5 जून 2024 है। इन विद्यालयों में चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय एवं अध्ययन की सुविधा प्रदान की जाती है।

## नगर में आज से डोंगरगांव प्रीमियर लीग की धूम

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में आज से फ्लड लाइट क्रिकेट लीग प्रारंभ हो रही है। आईपीएल की तर्ज पर विधायक दलेश्वर साहू जी के मार्गदर्शन और संरक्षण में नगर में युवा प्रतिभा प्रोत्साहन संगठन द्वारा डोंगरगांव प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का आगाज होने जा रहा है। डीपीएल में सिर्फ डोंगरगांव विधानसभा के ही खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

आयोजक रजत साहू ने पॉयनियर को बताया कि लगभग 600 से अधिक खिलाड़ियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था। चयन की मुख्य प्रक्रिया ट्रायल और ऑक्शन के




माध्यम से हर टीम में 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। पिछली बार की तरह इस बार भी 12 ऑनर्स की 12 टीम रहेगी। प्रत्येक टीम के समर्थन और प्रचार के लिए 12 स्पॉन्सर भी इस बार डीपीएल से जुड़े हैं।

## साहू संघ ने जागेश्वर को दी श्रद्धांजलि परिवार को आर्थिक मदद



**राजनांदगांव।** शहर के चिखली वार्ड में वहीं के रहने वाले एक मजदूर की बीते दिनों सिंघानिया कंट्रक्शन के प्लाटिंग एरिया में करंट लगने से मौत हो जाने के बाद उनका परिवार बेसहारा हो गया है। जिला साहू संघ और नगर साहू संघ ने मृतक जागेश्वर साहू के घर पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। परिजनों से हाल-चाल जाना। साथ ही उनकी मां को 10501 रुपए की सहायता समाज संगठन की ओर से हाथों हाथ दी। ज्ञात हो कि जागेश्वर की पत्नी का स्वर्गवास पहले ही हो चुका है, उनके दो छोटे बच्चे है जिसमें मृतक कि लड़की 11 वर्ष और लड़का 15 साल का है, जो अभी पढ़ाई कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में घर खर्च तथा पढ़ाई का खर्च चलाने में परिवार को बड़ी दिक्क तों का सामना करना पड़ रहा है।

## जैन समाज द्वारा योगा ध्यान व संस्कार शिविर प्रारंभ

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

उत्कृष्ट समाधिस्थ आचार्य गुरुवर 108 विद्यासागर जी महामुनिराज, नवाचार्य श्री 108 समय सागरजी महाराज व मुनिश्री 108 प्रणम्य सागरजी महाराज जी के आशीर्वाद से बाल ब्रम्हचारी पारस प्रशम के निर्देशन में दिगम्बर जैन समाज द्वारा 19 मई रविवार से विशेष योग ध्यान एवं धार्मिक पूजन संस्कार शिविर का शुभारंभ हुआ। उक्त शिविर आगामी 29 मई तक संचालित होगा। इस संदर्भ में कमेटी के कोषाध्यक्ष राहुल जैन राही ने बताया कि शिविर मे प्रतिदिन सुबह 4.45 बजे से योग क्लास, 7.30 बजे से पूजन प्रशिक्षण, अपरान्ह 4.30 बजे से जैन फाउंडेशन, 6.45 बजे से जैन पाठशाला, रात 7.45 बजे से योग ध्यान प्रवचन के बाद



संदस्कृतिक कार्यक्रम होगा। शिविर के प्रथम दिवस समाज की वरिष्ठ श्रावक श्रेस्ठी श्रीमति नत्थी बाई जैन द्वारा ध्वजारोहण व श्रीमति सेठ सरिता जैन बाँधकपुर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का शुभारंम्भ किया गया। अंतिम कड़ी मे 29 मई को विद्या प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10 वी एवं 12 बोर्ड परीक्षा मे 80 प्रतिशत या उससे अधिक प्राप्तांक के लिए बच्चों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में सतीश जैन, प्रबोध जैन, धर्मेंद्र जैन, प्रमोद जैन, धन्य कुमार जैन, संजय चौधरी, राहुल जैन राही, अजित जैन, अनिल जैन, अभिषेक जैन, सौरभ जैन, सुनील जैन, रमेश जैन राही, महेंद्र जैन, पंडित चंद्रकुमार शास्त्री, डॉ अशोक जैन व बल्लू सहित महिला मंडल, संस्कार मंडल, बहू मंड़ल, समाज के बच्चे, युवा, महिला व पुरुष शामिल थे।

### शराब दुकान का मैनेजर-सहायक मैनेजर गिरफ्तार, तस्कर भी नांदगांव से पकड़ाया

## अवैध शराब के सरगना को एमपी से पकड़ लाई पुलिस

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश निर्मित शराब को छत्तीसगढ़ में खपाने वाले मध्यप्रदेश के रजेगांव के शराब दुकान के मैनेजर एवं सहायक मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की। इधर 33 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब का परिवहन कर फरार वाहन चालक को भी गातापार पुलिस ने पकडक़र कार्रवाई की। अंतरराज्यीय शराब तस्करी में संलिप्त अन्य आरोपियों की पुलिस सरगगर्मी से तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार गातापार थना प्रभारी उप निरीक्षक देवाराम भास्कर के नेतृत्व में नशे एवं आपराधिक गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 9 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की स्कार्पियो में अवैध रूप से अत्याधिक मात्रा में मध्यप्रदेश



निर्मित शराब रखकर मध्यप्रदेश के लांजी से छत्तीसगढ़ सीमा की ओर आ रही है। सूचना पर थाना गातापार एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। पुलिस चेकिंग देखकर एक सफेद रंग की स्कार्पियो रिवर्स कर भागने लगी। जिसका पीछा करने पर उक्त वाहन को वाहन चालक कटेमा के सूनसान जंगल में खड़ी कर रात के अंधेरे एवं जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया था। उक्त स्कार्पियो को चेक करने पर गाड़ी की डिक्की एवं पीछे सीट पर 33 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब कीमती एक लाख 84 हजार 620 रुपए मिला था। इस पर अज्ञात फरार वाहन चालक के विरूद्ध अप. क्र. 19/2024 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया था। शराब तस्करी करते फरार उक्त वाहन चालक एवं अन्य अपराध में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम तैयार कर पता तलाश की जा रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि प्रकरण का आरोपी वाहन चालक महेन्द्र वर्मा ग्राम खैरा थाना ठेलकाडीह घटना कर राजनांदगांव में छिपा है। सूचना पर आरोपी महेन्द्र को राजनांदगांव से घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया।पूछताछ पर आरोपी महेन्द्र ने बताया कि मप्र निर्मित 33 पेटी शराब अंग्रेजी शराब दुकान रजेगांव मप्र से लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने की तैयारी थी। उसके साथ अंग्रेजी शराब दुकान रजेगांव के मैनेजर और सहायक मैनेजर भी शामिल हैं। उक्त जानकारी के आधार पर साइबर प्रभारी अनिल शर्मा एवं थाना प्रभारी गातापार देवाराम भास्कर के साथ संयुक्त टीम तैयार कर अंग्रेजी शराब दुकान रजेगांव मप्र से उक्त दोनों मैनेजर से पूछताछ करने पर अपना नाम रमाकांत सिंग जदुपुर जिला औरंगाबाद (बिहार), हाल पता रजेगांव थाना किरनापुर जिला बालाघाट मप्र एवं सोनू दुबे अतर्रा जिला बांदा उत्तरप्रदेश हाल पता रजेगांव बालाघाट बताया।

## कलेक्टर ने राजस्व एवं धान खरीदी से संबंधित अधिकारियों की ली संयुक्त बैठक

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में राजस्व एवं धान खरीदी से सम्बंधित अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समीक्षा एवं प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने आने वाले धान की खरीफ फसल की समर्थन मूल्य में खरीदी के संबंध में भी चर्चा की।



उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पंजीकृत कृषकों से धान खरीदी के समय आने वाली कठिनाईयों को दूर करने अभी से सभी व्यवस्थाओं को ठीक करने निर्देश दिए। इस अवसर पर खाद्य विभाग, जिला विपणन, सहकारिता, नागरिक आपूर्ति निगम, जिला केंद्रीय मर्यादित बैंक के अधिकारी उपस्थित थे। जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक ने बताया कि किसान पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किया जाता है। इसके अलावा विगत वर्ष के पंजीकृत कृषकों का पंजीयन आगामी वर्ष के लिए कैरी फारवर्ड किया जाता है। नवीन कृषकों का पंजीयन तहसीलदार माड्यूल में किया जाता है। नवीकृत एवं नवीन पंजीयन कृषकों के रकबा सत्यापन गिरदावरी से किया जाना बताया गया। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने ट्रस्टी, राजगामी, अधिया-रेगहा एवं बड़े रकबा वाले कृषकों के निरीक्षण एवं रकबा संबंधी कार्य अभी से किये जाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। सीसीबी नोडल अधिकारी ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित खैरागढ़ की मुख्य भूमिका कृषकों को समर्थन मूल्य पर विक्रय धान के भुगतान की रहती है। जिस पर कलेक्टर वर्मा ने कृषकों के खाता नम्बर में त्रुटि न हो इसलिए समितियों के आपरेटर से सही खाता नम्बर प्रविष्ट कराने के निर्देश दिए हैं। ताकि कृषकों के समर्थन मूल्य में धान का भुगतान में कठिनाई ना हो। कृषकों से वास्तविक मात्रा का धान क्रय के उद्देश्य से सभी धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रानिक कांटा बांट का उपयोग किया करें एवं धान खरीदी केंद्रों में आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने निर्देश दिए।

# कोरिया पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार आईपीएस ने किया जनरल परेड का निरीक्षण

## पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ड्रिल, वेश भूषा एवं अनुशासन का किया परीक्षण

- अच्छी वेशभूषा और उत्तम ड्रिल वाले कुल 14 अनुशासित कर्मचारियों को किया पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता < कोरिया
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार द्वारा पुलिस लाईन में तड़के सुबह जनरल परेड लिया गया। जिसमें उप पुलिस अधीक्षक श्याम लाल मधुकर, राजेश साहू, नेलशन कुजूर, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक रविकांत सहारे, रक्षित निरीक्षक नितीश आर. नायर, यातायात प्रभारी विपुल आंनद जांगड़े, बचरापोड़ी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेश तिवारी, उप निरीक्षक अब्दुल मुनाफ़ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टॉफ़ यातायात एवं पुलिस लाइन के अधिकारीगण/ कर्मचारीगण सम्मिलित हुए। परेड निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम रक्षित निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक कोरिया को सलामी दी और मंच से गुजरते हुए मार्च पास्ट किया गया। इसके पश्चात एसपी कोरिया द्वारा टुकड़ी वार सभी अधिकारी कर्मचारी के वर्दी, अनुशासन और परेड ज्ञान की जाँच की गई। जिसमें उत्तम दर्जे की वेशभूषा, ड्रिल व अनुशासन में दिखे प्र.आ. अनिल विजय लकड़ा, प्र.आ. आनंद टोप्पो, प्र.आ. मुखदेव सिंह, आ. हुकुम श्रीवास, आ.शशि भूषण मिश्रा, आ. अंकित सोनवानी, आ. प्रदीप तिर्की, आ. संत लाल, आ. राकेश मिश्रा, आ. सुनील मरावी, म.आ. लक्ष्मी दोहरे, म.आ. उषा सिंह, म.आ. सुमन सिंह एवं डॉग मास्टर संजीव गोयल को ईनाम देकर प्रोत्साहित किए। लॉ एंड ऑर्डर में काम आने वाले टोलीवार स्क्वॉड ड्रील कराया गया।

उक्त जनरल परेड में एसपी कोरिया द्वारा शासकीय वाहनो और वाहन चालकों का निरीक्षण भी किया गया, जिसमें उचित मरम्मत, ड्राइवर डायरी, टूल्स और वाहन का निरीक्षण किया गया एवं बेहतर रख रखाव हेतु दिशा निर्देश भी R। और MTO को दिये गए। परेड पश्चात पुलिस अधीक्षक कोरिया ने पुलिस कर्मचारियों की ओ.आर. पेशी ली और गुज़ारिश सुनी। छोटी गलती, अनुपस्थिति, अनुशासनहीनता जैसे प्रकरण का तत्काल निराकरण हेतु आरक्षक और प्रधान आरक्षक का ओ.आर. पेशी में पेश कर प्रकरण का निराकरण किया गया और कर्मचारियों की गुज़ारिश सुनकर समस्या का निराकरण के लिए संबधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया है। पुलिस अधीक्षक कोरिया ने जिले के समस्त थाना, चौकी, ऑफिस, पुलिस लाइन के अधिकारी कर्मचारियों को रोस्टरवार अनिवार्य रूप से सम्मिलित करने और परेड लगातार जारी रखने हेतु निर्देश दिया है जिससे पुलिस का विभागीय अनुशासन और बेहतर किया जा सके।

# जिले में मनाया गया विश्व उच्च रक्तचाप दिवस कलेक्टर सहित कर्मचारियों ने करवाई जांच

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज रक्त चाप का परीक्षण कर विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर के एल चौहान, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी का रक्तचाप परीक्षण स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया गया। इस सम्बंध में सीएमएच ओ डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि इस अवसर पर जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों के रक्तचाप का परीक्षण किया गया एवं आवश्यक होने पर दवाई दी गई है। उन्होंने आगे बताया कि वास्तव में उच्च रक्तचाप वह स्थिति है जिसमें धमनियों में रक्त का प्रवाह बनाये रखने के लिए हृदय को अधिक काम करने की जरूरत पड़ती है। इसका कारण यह है कि,समय के साथ धमनियाँ कठोर और कड़ी हो जाती हैं जिसके फ्लस्वरूप हृदय कमज़ोर हो जाता है। दुनिया का लगभग हर तीसरा व्यक्ति इससे प्रभावित है। समान्य रूप से इसका माप 120/80 होता है जबकि एक बीस साल के व्यक्ति में 140/90 और एक पचास साल की उम्र के व्यक्ति में 160/95 उच्च रक्तचाप माना जाता है। मानसिक तनाव, अधिक नमक का सेवन,वजन की अधिकता, आनुवंशिकता, धूम्रपान ,शराब और आलस्यपूर्ण जीवन शैली उच्च रक्तचाप के कारण हो सकते हैं। इसके कारण हृदय घात,मष्तिष्कघात, गुर्दे की समस्या या आंखों पर असर होता गई। गर्भवती महिला को इसका विशेष ध्यान रखना पड़ता है। उच्च रक्तचाप को एक साइलेंट किलर भी कहा जाता है।उच्च रक्त चाप होने पर दवाई जीवन भर खानी पड़ी सकती है। अतः बेहतर होगा अपनी जीवन शैली संतुलन रखी जाए। व्यायाम,योग, ध्यान तनाव मुक्त होकर, संतुलित खान-पान से इससे बचा जा सकता है। उच्च रक्तचाप की जांच और उपचार की व्यवस्था राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है।

# धमतरी पुलिस की तत्परता ने याम्हा मोपेड को चोरी होने से बचाया

- प्रार्थी ने मोपेड चोरी होने की सूचना मोबाईल से दी कोतवाली पुलिस को
- कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बस स्टैंड के आस पास किए सघन पेट्रोलिंग,जिससे चोर मोपेड छोड़ कर भागने के लिए हुआ मजबूर

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



विनोद गांधी धमतरी ने कमल भोजनालय बस स्टैंड से अपने याम्हा मोपेड की चोरी होने की सूचना अर्जुनी थाना प्रभारी को दी जिसने अर्जुनी थाना प्रभारी द्वारा तत्काल कोतवाली थाना के उप निरीक्षक विनोद शर्मा को सुचना देकर पैट्रोलिंग टीम को भिजवाये। पेट्रोलिंग टीम ने आस पास के एवं सीसीटीवी फुटेज भी देखा,पेट्रोलिंग टीम ने बस स्टैंड के आस पास सघन पेट्रोलिंग भी की गई। जिससे चोर डर गया और स्टेशन पारा में चोरी किए याम्हा मोपेड को छोड़कर भाग गया। जिसको कोतवाली पुलिस की टीम ने तत्काल कब्जे में लेकर प्रार्थी को सुपुर्द किया। प्रार्थी ने धमतरी पुलिस की इस तत्परता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त कार्यवाही में निरी.राजेश मरई, उनि.विनोद शर्मा, आर.भूनेश्वर त्रिपाठी, मिथिलेश, तिवारी का विशेष योगदान रहा।

# चोरी के विरुद्ध कोरिया पुलिस की एक और बड़ी सफलता

पायनियर संवाददाता < कोरिया
www.dailypioneer.com



पंडोपारा में लगातार चोरी एवं वाहन चोरी करने वालो के विरूद्ध कोरिया पुलिस की बड़ी कार्यवाही। पूर्व में भी चोरियों को दें चुके है अंजाम, कुल 05 प्रकरणो में खुलासा। अप. क्र.- 128/2024, 129/2024, 130/2024, 132/2024 धारा - 457, 380 भा.द.वि. पूर्व का अप. क्र. 160/23 धारा : 457, 380, 411, 34 भा.द.वि. आरोपी राकेश भारती उर्फ़ संजूनिवासी छिंदिया थाना पटना, ऋषि रौतिया निवासी कटकोना थाना पटना दिनांक 13 मई 2024 को प्रार्थी हरिराम पिता बुढन साय, कविता मिंज पति मोहर साय मिंज एवं विश्वासी पति धरमसाय टोप्पो सभी निवासी विराट नगर पण्डोपारा के द्वारा पृथक-पृथक रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 12 एवं 13 मई 2024 के मध्यरात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा प्रार्थिया कविता मिंज के यहा सेंधमारी कर घर के अंदर घुसकर बेडरूम में लेडिज बैग में रखे 500 रूपये नगद, पैन कार्ड, आधार कार्ड, अन्य दस्तावेज तथा टिफिन, प्रार्थी हरिराम के यहां से सेंधमारी कर घर के अंदर घुसकर 3000 रूपये नगद चोरी कर एवं घर में रखे बक्शा एवं दस्तावेजों को बाहर निकालकर फेंक दिये है। इसी तरह प्रार्थिया विश्वासी के यहां सेंधमारी कर घर के अंदर घुसकर 03 नग साड़ी चोरी कर लिये है तथा प्रार्थी कृपाशंकर तिवारी पिता शेषमणी तिवारी निवासी ग्राम खैरी थाना पटना से 16 मई 2024 के मध्य रात्रि मोटर सायकल चोरी कर लिए है। उपरोक्त चोरियों के प्रकरण से तत्काल पुलिस अधीक्षक कोरिया को अगवत कराया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार के द्वारा चोरी के मशरुका बहुत छोटे होने के बावजूद फ्री एंड फेयर रजिस्ट्रेशन ऑफ़ क्राइम के तहत मामला पंजीबद्ध करने का निर्देश दिया जाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया, बैकुण्ठपुर, सायबर सेल प्रभारी की एक विशेष टीम का गठन किया गया। जिस पर थाना पटना में अपराध क्रमांक 128/24, 129/24, 130/24 एवं 132/24 धारा 457, 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान घटना स्थल के सी.सी.टी.व्ही. फुटेज, अन्य तकनीकी जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही थी। 17 मई 2024 को मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी राकेश भारती उर्फ संजू पिता स्व बैजनाथ भारती उम्र 42 वर्ष निवासी कोचिला थाना पटना को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ पर आरोपी द्वारा बताया गया कि 12 एवं 13 मई 2024 की रात मैं अपने 02 अन्य साथियो के साथ मिलकर (नाम बताया है किन्तु यहाँ खुलासा नहीं किया जा रहा है) पण्डोपारा में जाकर विराट नगर कालोनी में सेंधमारी कर चोरी किये है, चोरी के सामान को आपस में बांट लिये है तथा 16.05.2024 को ग्राम खैरी से एक मोटर सायकल भी चोरी किया हूँ, जो अपने घर में छुपाकर रखा हूँ। आरोपी राकेश भारती के निशानदेही पर चोरी की गई मोटर सायकल को बरामद किया गया है। एवं पण्डोपारा कालोनी से चोरी किया गया मशरूका 1500 रू. नगद, 01 नग साड़ी, 01 पेचकस एवं सब्बल बरामद किया गया है। प्रकरण में अन्य 02 आरोपी फरार है जिनकी निरंतर पतासाजी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी राकेश भारती का थाना बैकुण्ठपुर में भी पूर्व में चोरी का आपराधिक रिकार्ड रहा है। पूर्व से चोरी में फ़रार चल रहा आरोपी भी कोरिया पुलिस की गिरफ्त में मामले में थाना के एक अन्य अपराध क्रमांक 160/23 धारा 457, 380, 411, 34 भादवि0 में कटकोना थाना पटना के प्रार्थियां पार्वती पति स्व. जदुनाथ निवासी कटकोना के यहां से सोने व चांदी की ज्वेलरी एवं पैसों की चोरी के प्रकरण में पूर्व में 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था तथा एक अन्य फरार आरोपी ऋषि रौतिया जिसको पकड़ने में कोरिया पुलिस को सफ्लता मिली है। फ़रार आरोपी को 18.05.2024 को गिरफ्तार किया गया है।

# माता -पिता से प्राप्त संस्कारों से ही होता है, मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण : द्वारिकाधीश यादव

- रेवारानी दास के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित
- विधायक द्वारिकाधीश सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता < पिथौरा
www.dailypioneer.com








विधायक और छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि माता-पिता से प्राप्त संस्कारों से ही मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण होता है। महासमुंद जिले के पिथौरा निवासी स्वर्गीय रेवारानी दास और उनके पति स्वर्गीय चन्द्रनाथ दास ने अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दिए ,जिनके फलस्वरूप आज उनके बच्चे प्रबुद्ध और जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर सेवाएँ दे रहे हैं। खल्लारी क्षेत्र के विधायक द्वारिकाधीश यादव बीती शाम पिथौरा के अग्रसेन भवन में स्थानीय वरिष्ठ नागरिक स्वर्गीय रेवारानी दास की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वर्गीय मती रेवारानी दास को श्रद्धांजलि अर्पित हुए उनके शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। आयोजन में बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ के पिथौरा, रायपुर महासमुंद, बागबाहरा, अभनपुर, बरमकेला और सरायपाली सहित सीमावर्ती ओड़िशा राज्य के नागरिकों ने भी दो मिनट का मौन धारण कर स्वर्गीय रेवारानी दास को श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर पिथौरा के वरिष्ठ साहित्यकार और अनेक उपन्यासों के लेखक शिवशंकर पटनायक ने कहा कि 'माँ' शब्द के उच्चारण से ही स्नेह और ममता का एहसास होता है। माता की ममता से अचानक वंचित होने पर व्यक्ति के जीवन में जो मायूसी आती है ,उसे उसके चेहरे पर साफ पढ़ा जा सकता है। पिथौरा के वरिष्ठ साहित्यकार शशिकुमार डड़सेना, वरिष्ठ पत्रकार मनोहर साहू, रायपुर निवासी छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष जी. आर. राना, महासमुंद के साहित्यकार सर्व अशोक शर्मा और बन्धु राजेश्वर खरे , बागबाहरा के साहित्यकार रूपेश तिवारी, ग्राम सांकरा (जोंक) निवासी सतपाल सिंह छाबड़ा, पदमपुर (ओड़िशा) के सुभाष मोहंती सहित अनेक नागरिकों ने मती रेवारानी दास के निधन पर शोक प्रकट करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। रायपुर के वरिष्ठ लेखक और चिंतक प्रोफेसर घनाराम साहू, वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल शर्मा, रायपुर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. धीरेन्द्र साव, अभनपुर निवासी लेखक और ब्लॉगर ललित शर्मा, रायपुर के ही देव जायसवाल, पिथौरा के सर्व विवेक दीक्षित, अजय नंद, अनंत सिंह वर्मा, उमेश दीक्षित, मधुसूदन मोहंती, रितेश मोहंती, आकाश मोहंती, देवानंद मोहंती, यशवंत सिंह छाबड़ा, बीजू पटनायक, पिथौरा के पूर्व पार्षद मन्नू ठाकुर और नंदूराम राजपूत, पिथौरा के ही वरिष्ठ नागरिक जे. अशरफी, पत्रकार जाकिर कुरैशी और रजिंदर खनूजा, गुरचरण सिंह सलूजा, निकटवर्ती ग्राम पंचायत खुटेरी के सरपंच घनश्याम धांधी, महासमुंद के सर्व मनोहर मोहंती, पत्रकार संजय मोहंती, प्रभात मोहंती और के. पी. साहू, बागबाहरा के ललित मोहंती, सरायपाली के बिपिन चन्द्र पटनायक, डॉ. अमिताभ और डॉ. अनामिका पाल, बरमकेला की मती सेवती नायक, तथा ग्राम सांकरा (जोंक) निवासी लोकगायक जवाहरलाल लाल नायक ने भी आयोजन में उपस्थित होकर स्वर्गीय मती रेवारानी दास को श्रद्धांजलि दी। सभी लोगों ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। कार्यक्रम का संचालन श्रृंखला साहित्य मंच के अध्यक्ष प्रवीण प्रवाह ने किया। श्रद्धांजलि सभा में श्रृंखला मंच के सर्व कैलाश बंसल, संतोष गुप्ता, संजय गोयल और माधव तिवारी, सहित अनेक सदस्य भी उपस्थित थे।

# राशन घोटाला मामले में पूर्व नपं अध्यक्ष के साथ 3 पर एफआईआर दर्ज

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




राशन घोटाले की जांच में शिकायत सही पाए जाने पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उषा श्रीवास सहित 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. शासकीय उचित मूल्य के संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर सोसायटी संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। सहसपुर लोहारा क्षेत्र में संचालित शासकीय राशन दुकान के हितग्राहियों ने दुकान से 500 लोगों को राशन दिया था, लेकिन सेल्समैन मनहरण श्रीवास ने बीते दो माह से महज 200 लोगों को ही राशन दिया है, शेष 300 लोगों को राशन देने में आनाकानी कर रहा है. जबकि सेल्समैन पहले से ही उनका फिंगर प्रिंट ले चुका है, उसके बाद भी उन्हें सरकार से मिलने वाला 35 किलो चावल नहीं दिया जा रहा है. हितग्राहियों की शिकायत पर खाद्य अधिकारी ने जांच टीम गठित की, जिसने पाया कि करीबन 16 लाख रुपए के राशन की गड़बड़ी हुई है. इसके बाद राशन गबन के आरोप में खाद्य विभाग ने राशन दुकान संचालन समिति अध्यक्ष पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उषा श्रीवास के साथ सेल्समैन मनहरण श्रीवास के खिलाफ सहसपुर लोहारा थाना में मामला दर्ज कराया।

## एसईसीएल कर्मी के आवास से नगद व आभूषण की चोरी

**कोरबा।** कोरबा के मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में सतनाम चौराहा के पास एक मकान का ताला तोडकर चोरों ने आभूषण और कैश रकम पार कर दी। वैवाहिक समारोह से लौटने पर एसईसीएल कर्मचारी को इसकी जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मौके का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, एसईसीएल की परियोजना में राममिलन यादव कर्मचारी हैं जो अपने परिवार के साथ मानिकपुर क्षेत्र के सतनाम चौराहा के पास निवासरत है। उसके रिश्तेदार के यहां वैवाहिक कार्यक्रम था। शादी समारोह में शामिल होने राममिलन यादव और उसके परिवार नजदीकी गांव कनकी भादा गए हुए थे।

## बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम

# एनटीपीसी सीपत का 'बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024'

पायनियर संवाददाता < सीपत
www.dailypioneer.com









एनटीपीसी सीपत में नैगम सामाजिक पहल के अंतर्गत 17 मई, 2024 को बालिका सशक्तिकरण अभियान की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह 19 मई, 2024 को हुआ। इस अभियान में 31 परियोजना प्रभावित गांवों में से 50 स्कूलों की 117 बालिकाओं को शिक्षा, खेल कूद, जीवन कौशल विषय पर प्रशिक्षण प्रदान करेगी। एनटीपीसी सीपत प्रत्येक बैच से 10 प्रतिभावान बालिकाओं को परियोजना में स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में 12 वीं तक निः शुल्क शिक्षा प्रदान करती है। इस कार्यक्रम के तहत पहले बैच की लड़कियों ने इस वर्ष अपनी 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए। इनमें से एक छात्रा, साक्षी देवांगन ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 79% अंक प्राप्त किए। साक्षी ने अपनी यात्रा को साझा किया और एनटीपीसी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उद्घाटन समारोह में अर्चना झा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर (ग्रामीण), अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक (प्रचालन व अनुरक्षण), श्रीजित कुमार, महाप्रबंधक सीपीजी-2, सहित नम्रता शरण, अर्पिता पॉल संगवारी महिला समिति के उपाध्यक्षा, और वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। अर्चना झा ने अपने भाषण में एनटीपीसी के बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम की सराहना की और समाज के विकास में लड़कियों की मुख्य भूमिका पर जोर दिया। अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक (प्रचालन व अनुरक्षण) ने युवा लड़कियों को इस कार्यक्रम द्वारा प्रदान की गई मंच का लाभ उठाने और अपनी पूर्ण क्षमता को विकसित करने के लिए प्रेरित किया, जिससे उनके सपनों को उड़ान मिल सके। इन लड़कियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता, योग, स्वायत्त रक्षा, कला और शिल्प, प्रदर्शनी कला, संचार के अलावा अकादमिक कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त होगा, ताकि उनके विकास को संजीवनी मिल सके। इस पहल से 117 बालिका निरंतर सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए समर्थ हो सके।

# गायब हुआ नहीं, गायब कराया गया है आवक-जावक पंजी

**रजिस्टर के साथ छेड़छाड़ कर, बैक डेट पर हुई जमकर एंट्री, जल संसाधन विभाग का सुनियोजित भ्रष्टाचार निकल कर आया सामने, कार्रवाई पर मौन**




तनवीर कुरैशी ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

**पायनियर एक्सपोज**

जल संसाधन विभाग से आवक-जावक रजिस्टर गायब होने की शिकायत थाने में करते हुए अपराध दर्ज करने के लिए पत्र कोतवाली प्रभारी रविशंकर तिवारी को दिया गया है। कार्यपालन अभियंता विजय जामनिक के द्वारा पंजी के गुम हो जाने की शिकायत की गई है। लेकिन इस मामले में पायनियर को पुख्ता सूत्रों से मिले सबूतों के मुताबिक विभाग पर पंजी गायब होने की नहीं गायब कराने के आरोप लग रहे हैं। दरअसल पंजी पर मनमर्जी बैक डेट में एंट्री करने के प्रमाण भी मिले हैं और कार्यालयीन कर्मचारियों के द्वारा इस कूटरचना के संबंध में कलेक्टर जशपुर को सूचना भी दिया जा चुका है। पायनियर को मिले दस्तावेजों के छायाप्रति के मुताबिक आवक-जावक पंजी में सफेदा लगाकर तारीख के साथ छेड़छाड़ करने से लेकर बीच में लंबा स्थान छोड़ने तक साफ-साफ दिखाई दे रहा है।

### सफेदा लगाना और स्थान छोड़ना आम

जल संसाधन के जावक पंजी में 5 मार्च को सफेदा लगाकर 4 मार्च किया गया और उसके बाद पत्राचार क्रमांक की एंट्री की गई। तारीख से छेड़छाड़ पत्रों को शामिल करने और बैक डेट में चढ़ाने के लिए किया गया था।

### 285 के बाद सीधे 312 की एंट्री

जावक पंजी में 4 मार्च 2024 की तारीख में 284 और 285 क्रमांक के पत्र को जारी करने की एंट्री की गई। उसके बाद सीधे तीन पन्ना खाली छोड़कर 24 नंबर के बाद सीधे 312 नंबर में पत्र जारी करने की एंट्री की गई। खाली स्थान छोड़ने और फिर इसका उपयोग बाद में करने की शिकायत कार्यालय के कर्मचारियों ने कलेक्टर से की है।

### कलेक्टर से शिकायत के बाद एफआईआर

विभाग में चल रहे सुनियोजित भ्रष्टाचार और आवक-जावक पंजी में छेड़छाड़ से लेकर पंजी को गायब हो जाने तक की शिकायत कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के पास कांग्रेस नेता सहस्त्रांशु पाठक के द्वारा किए जाने के बाद जल संसाधन विभाग के ईई विजय जामनिक ने थाना में पंजी गायब हो जाने की शिकायत पत्र दिया है।

इस संबंध में कार्यालय में आकर ही कुछ बता पाऊंगा। मैं अभी बाहर हूं।
**-विजय जामनिक, ईई जल संसाधन विभाग जशपुर**

## तक्षशिला लाइब्रेरी पहुंचे कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मोतीबाग परिसर स्थित 'तक्षशिला' पुस्तकालय का निरीक्षण किए। उन्होंने लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे युवाओं से लाइब्रेरी से जुड़े सुविधाओं और व्यवस्थाओं पर चर्चा की। कलेक्टर गौरव सिंह ने टैरिस एरिया में लाइब्रेरी के छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचे और क्लास ली। जिसमें उन्होंने यूपीएससी और पीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं को अनेक विषयों पर टू द पॉइंट कैसे तैयारी करना है बताया। खासकर भारतीय संविधान को व्यावहारिक तरीक़े से कैसे समझें एवं मस्तिष्क पटल पर लंबे अंतराल के लिए कैसे रखें, इसपर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने आधुनिक इतिहास के बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि विषयों को रटे नहीं बल्कि कॉनसेप्ट क्लीयर करते हुए पढ़ाई करें। युवाओं ने चर्चा-परिचर्चा के दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह से सवाल भी किए जिसका उन्होंने ने जवाब भी दिया। तक्षशिला लाइब्रेरी सभी सदस्यों के लिए जिन्होंने लाइब्रेरी की सदस्यता ग्रहण की हैं। सातों दिन 24 घंटा संचालित है।

## राज्यपाल ने वंचित बच्चों के लिए किए जा रहे कार्यों को सराहा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में राउंड टेबल इंडिया संस्था के प्रतिनिधियों ने भेंट कर अपनी संस्था के कार्यों से उन्हें अवगत कराया। प्रतिनिधियों में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रॉबिन अग्रवाल, एरिया प्रेसिडेंट सुमित बरड़िया रायपुर शाखा के अध्यक्ष अर्जुन दुबे, उपाध्यक्ष दिव्यम अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि राउंड टेबल इंडिया संस्था पूरे भारत में वंचित बच्चों की शिक्षा की अधोसंरचना को बेहतर बनाने के लिए कार्य करती है। संस्था ने पूरे देश में 9000 से अधिक क्लास रूम इन बच्चों के लिए बनाए हैं। इसके अलावा आवश्कतानुसार खेल मैदान व टॉयलेट का निर्माण किया है। छत्तीसगढ़ के 50 से अधिक स्कूलों में 250 क्लास रूम तैयार किए गए हैं। राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि वंचित बच्चों के लिए बहुत कम संस्थाएं इस तरह का कार्य कर रही हैं। उन्होंने राउंड टेबल इंडिया के कार्यों की सराहना की।

## सुरेश रैना पहुंचे रायपुर, उपमुख्यमंत्री अरुण साव से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



आईपीएल मैच समाप्त होने के कुछ दिनों बाद छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग का आगाज होना है। इस सिलसिले में छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के ब्रांड एंबेसडर और पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचे। राजधानी रायपुर पहुंचते ही सुरेश रैना ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान डिप्टी सीएम अरुण साव ने पुष्पगुच्छ और छत्तीसगढ़ी प्रतीक चिन्ह भेंट कर रैना का अभिनंदन किया। वहीं स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत करते हुए सुरेश रैना ने कहा कि सीपीएल के मैच होने वाले हैं उसकी तैयारी के लिए आए हुए हैं। वहीं छत्तीसगढ़ की तारीफ करते हुए रैना ने कहा कि एक अच्छा मेहमान नवाजी का शहर है और बहुत खूबसूरत शहर है। सुरेश रैना से हुए मुलाकात पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि बड़े क्रिकेट स्टार सुरेश रैना निवास में सौजन्य भेंट करने आए थे।

## कुंए की सफाई करने उतरे युवक की मौत, दूसरा गंभीर



**कोरबा।** कोरबा के बुंदेली गांव में कुंए की सफाई करने उतरे दो युवक बेहोश हो गए। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। जैसे-तैसे दोनों युवकों को कुंए से बाहर निकाला गया। इस दौरान बेहोशी की हालत में पानी में डूबने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे युवक को कुएं से निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्र के बुंदेली गांव में कुंए में सफाई करते समय दो युवक बेहोश हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना डायल 112 दी। घटना की सूचना पर डायल 112 और संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। मौके पर नगर सेना की रेस्क्यू टीम ने दोनों युवकों को बाहर निकाला। कुंए में डूबे युवकों का नाम जगत राम और साहेब लाल है। इस घटना में जगत राम की मौत हो गई। कुएं से निकलने वाली जहरीले गैस के कारण मौत होने की वजह बताई जा रही है।

## हटकेश्वर शिव महापुराण कथा का आयोजन 27 मई से 2 जून तक महादेवघाट अमलेश्वर में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भगवान शिव और पूर्वजों के पुण्य प्रताप से हटकेश्वर शिव महापुराण का आयोजन होने जा रहा है। अमलेश्वर की पावन धरा पर हम सबको शिव की भक्ति में डूबने का यह अवसर मिलने जा रहा है। खुद को धन्य करने के साथ-साथ आस पास के लोगों को शिवमय होने का अवसर मिल रहा है। हमारे पूर्वज ऊपर से हम पर आशीर्वाद बरसा रहे होंगे। ये बातें मीडिया से चर्चा करते हुए शिवमहापुराण के आयोजक पवन खण्डेलवाल ने कही। विशाल खण्डेलवाल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा अमलेश्वर का जर्रा-जर्रा भगवान शिव का गुणगान कर रहा है, हमें सौभाग्य मिला है इस कार्यक्रम का आयोजक बनने का, मैं ऐसा मानता हूं भगवान शिव अमलेश्वर की धरा में हमें माध्यम बनाकर भक्तों पर मेहरबान होना चाहते हैं। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा होंगे। शिवमहापुराण को लेकर आसपास के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। और हजारों की संख्या में लोग आयोजन को सफल बनाने बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। अमलेश्वर कथा स्थल में आयोजकों ने कार्य विभाजन को लेकर बैठक बुलाई। जिसमें हजारों की संख्या में दूर-दूर से लोग पहुंचे,और स्वतः ही आयोजकों से जिम्मेदारी मांगते हुए दिखे, आयोजकों का मानना है कि प्रदेश में अब तक जीतना भी आयोजन हुआ है। उन सबसे अधिक शिवभक्त अमलेश्वर की इस धरा में पहुंचने वाले हैं। जगह भी अधिक है, अधिक लोगों के पहुंचाने की संभावना को देखते हुए तैयारी भी वृहद रूप से की जा रही है। शिवभक्तों को लिए दिनभर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों से स्वतः लोग फ्री टी-स्टाल, पानी स्टाल सहित अन्य स्टाल लगाने की बात करते दिख रहे हैं, ऐसी शिवभक्ति शायद आप लोगों ने भी कहीं नहीं देखी होगी। अमलेश्वर ही नहीं दुर्ग-रायपुर की हवा भी भगवान शिव की भक्ति में लीन होता जा रहा है। आयोजन को लेकर आयोजक 24 घण्टे तैयारी में लगे हैं। आयोजित बैठक में पुरुषों से अधिक संख्या में महिलाएं पहुची दिखी, आयोजन को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल और विधायक भैयालाल राजवाड़े ने भाजपा कार्यकर्ताओं को किया रिचार्ज

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल और बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े इन दिनों झारखंड के राजमहल लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी के रूप मे भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी के पक्ष मे लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं जो की झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हैं। नेता द्वय ने राजमहल लोकसभा क्षेत्र पहुंच कर भाजपा कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया। वे शुक्रवार को झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ राजमहल लोकसभा के भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। राजमहल लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत राजमहल विधानसभा में भाजपा का बुथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शुक्रवार को आयोजित किया गया। राजमहल के चरवाहा मैदान में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य रूप से शामिल हुए। बाबूलाल मरांडी का भाजपा जिलाध्यक्ष उज्जवल मंडल, राजमहल विधायक अनंत ओझा आदि ने हैलीपैड पर माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान सभी बूथ स्तरीय व अन्य कार्यकर्ताओं को लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी को जीत दिलाने को लेकर काम करने का आह्वान किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में इस बार राजमहल लोकसभा सीट भी भारतीय जनता पार्टी को जीतना है ताकि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में यहां का भी योगदान हो। उसके बाद झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की सरकार बने। यह यात्रा तब तक नहीं रुकेगी, जब तक झारखंड के आदिवासी, गरीब, दलितों की तकलीफें दूर नहीं हो जाती है उन्हें उनका अधिकार नहीं मिल जाता। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जिले के राजमहल लोकसभा क्षेत्र के राजमहल प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने चुनावी सभा में भाजपा कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। यहां उन्होंने लोगों से राजमहल लोकसभा सीट पर बीजेपी प्रत्याशी ताला मरांडी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403